
जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 9 अप्रेल, 2023

3000/- Sq Ft में कोठी...!!!

2000 Sq Ft वाली BIG कोठी सिर्फ 60 लाख में !

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

FIXED PRICE

एम.आई. रोड़ से एक LEFT पर !

NO MIDDLE-MEN

DIRECT TO CUSTOMER



KEDIA

1800 120 2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

LOCATION QR CODE

## विचार बिन्दु

**जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद**

# ग्रीष्म ऋतुचर्या की समकालीन वैज्ञानिक सार्थकता

आयुर्वेद में दिनचर्या, रात्रिचर्या व ऋतुचर्या का अनुपालन स्वास्थ्य-रक्षा की एक उपयोगी रणनीति है। पर्यावरण और पारिस्थिक तंत्र के साथ हमारे रिश्तों की अनवरत सार-संभाल या अनुकूलन ही ऋतुचर्या है। यह अनुकूलन ही धातुसाम्य रखता है। यही अनागत रोगों का प्रतिकार या विकार-अनुत्पत्ति में सहायक है। आज की चर्चा मई-मध्य से जुलाई-मध्य के ग्रीष्मकाल पर है, जिसके मुख्य शास्त्रीय स्त्रोत चरकसंहिता (च.सू.6.27-32), सुश्रुतसंहिता (सु.उ.64.40-45) एवं अष्टांगहृदय (अ.हृ.सू.3.26-41) हैं: मयूखैर्जगतः स्नेहं ग्रीष्मे पेपीयते रविः। स्वादु शीतं द्रवं स्निग्धमन्नपानं तदा हितम्।। शीतं सशर्करं मन्थं जाङ्गलान्मृगपक्षिणः। घृतं पयः सशाल्यन्नं भजन् ग्रीष्मे न सीदति।। मद्यमल्पं न वा पेयमथवा सुबहूदकम्। लवणाम्लकटूष्णानि व्यायामं च विवर्जयेत्।। दिवा शीतगृहे निद्रां निशि दन्द्रांशुशीतले। भजेच्चन्दनदिग्धाङ्गः प्रवाते हर्म्यमस्तके।। व्यजनैः पाणिसंस्पर्शैश्चन्दनोदकशीतलैः। सेव्यमानो भजेदास्यां मुक्तामणिविभूषितः।। काननानि च शीतानि जलानि कुसुमानि च। ग्रीष्मकाले निषेवेत मैथुनाद्विरतो नरः।। (च.सू.6.27-32)। व्यायाममुष्णमायासं मैथुनं परिशोषि च।। रसांश्चाग्निगुणोद्रि क्तान् निदाघे परिवर्जयेत्। सरांसि सरितो वापीर्वनानि रुचिराणि च।। चन्दनानि परार्ध्यानि स्त्रजः सकमलोत्पलाः। तालवृन्तानिलाहारांस्तथा शीतगृहाणि च।। घर्मकाले निषेवेत वासांसि सुलघूनि च। शर्कराखण्डदिग्धानि सुगन्धीनि हिमानि च।। पानकानि च सेवेत मन्थांश्चापि सशर्करान्। भोजनं च हितं शीतं सघृतं मधुरद्रवम्।। शृतेन पयसा रात्रौ शर्करामधुरेण च। प्रत्यठाकुसुमाकीर्णे शयने हर्म्यसंस्थिते।। शयीत चन्दनार्द्राङ्गः स्पृश्यमानोऽनिलैः सुखैः। (सु.उ.64.40-45)। तीक्ष्णांशुरतितीक्ष्णांशुर्ग्रीष्मे संक्षिपतीव यत्।। प्रत्यहं क्षीयते श्लेष्मा तेन वायुश्च वर्धते। अतोऽस्मिन्पटुकट्वम्लव्यायामार्ककरांस्त्यजेत्।। भजेन्मधुरमेवान्नं लघु स्निग्धं हिमं द्र वम्। सुशीततोयसिक्ताङ्गो लिह्यात्सक्तून् सशर्करान्।। मद्यं न पेयं पेयं वा स्वल्पं सुबहुवारि वा। अन्यथा शोषशैथिल्यदाहमोहान् करोति तत्।। कुन्देन्दुधवलं शालिमश्नीयाज्जाङ्गलैः पलैः। पिबेद्र सं नातिघनं रसालां रागखाण्डवौ।। पानकं पञ्चसारं वा नवमृद्भाजने स्थितम्। मोचचोचदलैर्युक्तं साम्लं मृन्मयशुक्तिभिः।। पाटलावासितं चाम्भः सकर्पूरं सुशीतलम्। शशाङ्किकरणान् भक्ष्यान् रजन्यां भक्षयन् पिबेत्।। ससितं माहिषं क्षीरं चन्द्र नक्षत्रशीतलम्। अभ्रङ्कषमहाशाल तालरुद्धोष्णरश्मिषु।। वनेषु माधवीश्लिष्टद्रा क्षास्तबकशालिषु। सुगन्धिहिमपानीयसिच्यमान पटालिके।। कायमाने चिते चूतप्रवालफललुम्बिभिः। कदलीदलकह्लारमृणाल कमलोत्पलैः।। कोमलैः कल्पिते तल्पे हसत्कुसुमपल्लवे। मध्यंदिनेऽकतापार्तः स्वप्याद्धारागृहेऽथवा।। पुस्तस्त्रीस्तनहस्तास्य प्रवृत्तोशीरवारिणि। निशाकरकराकीर्णे सौधपृष्ठे निशासु च।। आसना स्वस्थचित्तस्य चन्दनार्द्र स्य मालिनः। निवृत्तकामतन्त्रस्य सुसूक्ष्मतनुवाससः।। जलार्द्र तालवृन्तानि विस्तृताः पद्मिनीपुटाः। उत्क्षेपाश्च मृदूत्क्षेपा जलवर्षिहिमानिलाः।। कर्पूरमल्लिकामाला हाराः सहरिचन्दनाः। मनोहरकलालापाः शिशवः सारिकाः शुकाः।। मृणालवलयाः कान्ताः प्रोत्फुल्लकमलोज्ज्वलाः। जङ्गमा इव पद्मिन्यो हरन्ति दयिताः क्लमम्।। (अ.हृ.सू.3.26-41)।

स्वस्थवृत्त पर प्रकाशित समकालीन वैज्ञानिक शोध, जो लगभग नगण्य है, का भी सहारा लिया गया है। आयुर्वेदाचार्यों के अनुभवजन्य ज्ञान भी यहाँ समाहित है। एक महत्वपूर्ण बात प्रारंभ में ही बताना उपयोगी रहेगा कि संहिताओं में उपलब्ध जानकारी का मूल स्त्रोत लगभग आठवीं शताब्दी ईसापूर्व से लेकर सातवीं शताब्दी के मध्य का है। अतः ऋतुचर्या पर उपलब्ध कुछ सलाह या निर्देश ऐसे भी हैं जिनकी समकालीन सार्थकता को सावधानीपूर्वक समझना आवश्यक है।

ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की किरणें अत्यन्त तीक्ष्ण होने से वातावरण के तापमान को बढ़ा देती हैं, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरण और द्रव्यों से जल का अंश धीरे-धीरे कम होने लगता है। यही कारण है कि इस ऋतु में कफ का क्षय तथा वात की वृद्धि होती जाती है। बल में कमी तथा अग्नि सामान्य रहती है। यहाँ यह बताना उपयोगी होगा कि विश्व के 245 शहरों के आँकड़े बताते हैं कि हीटवेव या लू के कारण प्रतिवर्ष 12000 से अधिक लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं। अर्बन हीट आइलैंड इफ़ेक्ट के कारण प्रायः आसपास के क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में तापमान 3.5 से 12 डिग्री सेंटीग्रेड तक अधिक होने लगता है। इसके कारण लगभग 3 मिलियन लोगों की मृत्यु प्रतिवर्ष होती है। भारत में मई 1998 की ऐतिहासिक हीट वेव जिसमें देश ने दो सप्ताह तक गंभीर गर्मी की लहर का अनुभव किया, वह तत्समय में पिछले 50 वर्षों में सबसे खतरनाक थी। जलवायु परिवर्तन की दशा में भारत सहित पूरी दुनिया में हीट वेव की आवृत्ति, तीव्रता और अवधि में बढ़ोत्तरी, और परिणामस्वरूप मृत्यु बढ़ने की आशंका है। भारत में वर्ष 2009-2010 का सूखा और गर्मी की लहर रूस की रिकार्ड-तोड़ गर्मी के टक्कर की थी। भारत के 640 जिलों में से हीट वेव के सन्दर्भ में 10 बहुत अधिक और 97 बहुत जोखिम वाले जिलों की श्रेणी में आते हैं। सामान्य जोखिम तो देश भर में है। शोध से ज्ञात होता है कि किसी दिन तापमान में 10 डिग्री फैरेनहीट की बढ़त उसी दिन हृदय रोगों, स्ट्रोक, श्वसन रोग, निमोनिया, निर्जलीकरण, गर्मी से स्ट्रोक, मधुमेह और गुर्दे की विफलता सहित कई बीमारियों के लिये अस्पताल में भर्ती होने का खतरा बढ़ जाता है। गर्मी की बढ़त से वर्ष 2100 तक वैश्विक जी.डी.पी. के 20 प्रतिशत तक हानि की आशंका है। ऋतुचर्या प्राकृतिक कारणों से उत्पन्न जोखिम को कम करने की रणनीति है। ग्रीष्म ऋतु में कठोर शारीरिक श्रम, व्यायाम व सहवास आदि की अति से बचना चाहिये। धूप में अधिक देर तक समय नहीं गुजारना चाहिये। लवण, कटु एवं अम्ल रसों की प्रधानता वाले द्रव्य, शुष्कताकारक व उष्ण पदार्थों का उपयोग छोड़ देना श्रेयस्कर है। अल्कोहल का प्रयोग भी नहीं करना चाहिये, यदि करें तो बहुत कम मात्रा में, और उसमें भी बहुत पानी मिलाकर ही उपयोग करें। अन्यथा शोथ, शिथिलता, दुर्बलता, दाह व मोह जैसी समस्यायें उत्पन्न होती हैं।

**ग्रीष्म ऋतु में सीधी धूप से बचना, स्वाभाविक रूप से शीतल कक्षों में निवास, कृत्रिम एयर-कंडीशनिंग का यथासंभव सीमित उपयोग, भारी शारीरिक श्रम से बचना, प्रदूषण से बचना, लवण, कटु एवं अम्ल रस तथा गर्म तासीर वाले शुष्कता उत्पन्न करने वाले पदार्थों से बचना या कम से कम मात्रा में सेवन करना, अल्कोहल से बचना, प्रदूषित जल व सड़े-गले खाद्य पदार्थों से सदैव बचना आवश्यक है।**

पेय पदार्थों में रायता एवं खाण्ड (खट्टे, मीठे, नमकीन द्रव्यों का घोल) इक्षुशर्करा या खाण्ड मिला हुआ सुंगधित एवं शीतल पानक या पन्ना लाभकारी है। मंथ अर्थात घी-युक्त सत्तू का शीतल जल में बनाया गया हल्का गाढ़ा घोल जिसमें इक्षुशर्करा, खाण्ड या शहद भी मिलाई जा सकती है, लिया जा सकता है। केला या महुआ के पत्तों से ठंडा होने से ढके हुये मिट्टी के नये बर्तन में अम्ल-रस युक्त पन्ना या शर्बत भी कुछ समय रखकर पिया जा सकता है।

मधु, द्राक्षा (दाख या मुनक्का), फालसा, आमलकी (आँवला) खण्ड (खांड) को शीतल जल में मथ कर पंचसार बनाया जाता है। इसे मिट्टी के सकोरे में पीने का आनंद लीजिये। स्वाद हालाँकि व्यक्तिगत मामला है, पर दुनिया के पाँच महाद्वीपों के पैंतालिस से अधिक देशों में घूम-घूम कर खान-पान का आनंद लेने के बाद मैं यह कह सकता हूँ कि पंचसार में अगर सैन्धव लवण की चुटकी मार दें तो मेरी दृष्टि में इससे स्वादिष्ट, तृप्तिकर, पौष्टिक और शीतल पेय दुनियाभर में उपलब्ध नहीं है। यह उच्चकोटि का एंटीऑक्सीडेंट होने के कारण ऑक्सीडेटिव-स्ट्रेस को कम करने वाला स्वादिष्ट रसायन भी है। पाढ़ल के पुष्पों से सुगंधित, पुदीना या कर्पूरयुक्त शीतल जल पिया जा सकता है। रात में भैंस के दूध में खाण्ड मिलाकर ठंडा कर पिया जा सकता है।

खाद्य पदार्थों में ग्रीष्म ऋतु में मधुर रस प्रधान, स्वादिष्ट, शीतल और स्निग्ध अन्नपान हितकारी होता है। उदाहरण के लिये, शालि-चावल के भात में घी या दूध में मिलाकर खाना बहुत स्वादिष्ट लगता है। यह ध्यान देना आवश्यक है कि किसी भी ऋतु में प्रत्येक भोजन में सभी छः रसों का होना आवश्यक है। ग्रीष्म ऋतु में शीतल, स्निग्ध और मधुर रस प्रधान स्वादिष्ट भोज्य पदार्थों को प्रधानता देते हुये अन्य रसों को भी थोड़ी मात्रा में ग्रहण करना चाहिये।

ग्रीष्म ऋतु में शरीर में चन्दन का लेप करना, सूक्ष्म व लघुवस्त्र पहनना व माला धारण करना लाभकारी रहता है। शीतल घरों में निवास, विशेषकर ऐसे कक्ष जिनमें जलधारा प्रवाहित हो रही हो, ऐसी शिल्प कलाकृतियों से सज्जित कक्ष जिनमें से मंद जलधारा प्रवाहित हो रही हो, में विश्राम करने का ग्रीष्मकालीन आनन्द अवर्णनीय है। रात्रि में सोने हेतु चन्द्रमा की शीतल किरणों से ठंडी हुई घर की छत पर सोने का आनन्द भी लिया जा सकता है। हालाँकि शहरों में औद्योगिक व यातायातीय वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या है। प्रदूषित वायु में निलंबित श्वसनीय विविक्त कणों की मात्रा भारत की परिवेशी वायु गुणवत्ता को हानिकारक स्तर पर ले जा रही है। अतः खुले स्थान पर वहीं सोयें जहाँ प्रदूषण मानक स्तरों के अंदर हो। ऐसी आशंका है कि वायु प्रदूषण वर्ष 2050 तक लगभग 6.6 मिलियन समय पूर्व मृत्यु के लिये उत्तरदायी होगा। प्रदूषित वायु में पीएम-2.5 कणों के कारण विश्वभर में 33 लाख लोगों की मृत्यु होती है, इनमें से अधिकाँश एशिया महाद्वीप में हैं। भारत में विश्व की 24 प्रतिशत वार्षिक बाल मृत्य दर मुख्य रूप से श्वसन तंत्र में संकमण के कारण होती है। वर्ष 2010 में घरों के अन्दर वायु प्रदूषण के कारण 3.9 मिलियन लोगों की मृत्यु होने का आकलन किया गया है। वर्ष 2015 में प्रकाशित एक महत्वपूर्ण शोध में यह पाया गया है कि लगभग 66 करोड़ भारतीय, जो भारत की आधी जनसंख्या है, उन क्षेत्रों में निवास करती है जहाँ निलंबित विविक्त कणों के कारण प्रदूषण का स्तर राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों से अधिक है। वायु प्रदूषण के कारण कार्डियोपल्मोनरी रोग, फेफड़ों के कैंसर आदि अनेक रोग होते हैं। अतः हमें अपनी दिनचर्या को इस प्रकार ढालना चाहिये कि प्रदूषणकारी तत्वों के संपर्क में कम से कम आयें।

ग्रीष्म ऋतु में हालाँकि व्यायाम और कठोर शारीरिक श्रम वर्जित हैं, परंतु तालाबों, नदियों और वापी या बावड़ियों के समीप रह कर शीतलता का लाभ लिया जा सकता है। दोपहर की तेज धूप में सघन वितान वाले विशालकाय शाल, तमाल, ताल आदि प्रजातियों के वृक्षों की छाया में, जहां सूर्य की किरणें न पहुंच पायें, रहा जा सकता है। प्रातः उपवन में घूमते हुये फूलों एवं जलाशयों का आनन्द लिया जा सकता है। मनोहारी उपवन में पक्षियों के कलरव के मध्य मीठी व तोतली बोली बोलनेवाले बाल-बच्चे धमा-चौकडी कर रहे हों तो आनंद ही आनंद है।

परिवार के प्रिय सदस्यों और अन्तरंग मित्रों का साथ सुखद रहता है। चन्दन के पानी से शीतल किये हुये कमल या ताड़ के पत्तों से बने पंखों की मंद शीतल हवा और उनसे गिरते हुये जल के कणों का आनंद अवश्य लेना चाहिये।

इस सब चर्चा का हमारे लिये क्या महत्व है? चिकित्सा का इतिहास आज की चर्चा का विषय नहीं है, परन्तु रोचक बात यह है कि आयुर्वेद की ऋतुचर्या का वर्णन विश्व में सबसे प्राचीन है और इस बात के प्रमाण हैं कि इस विद्या को प्राचीन चीन एवं ग्रीक चिकित्सा पद्धतियों सहित विश्व की अन्य चिकित्सा पद्धतियों ने भारत से सीखा और समाहित किया। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में ऋग्वेद, अथर्ववेद, चरक और सुश्रुत आदि द्वारा हिप्पोक्रेट्स (460-370 ईसा पूर्व) और गैलेन (129-210 ईस्वी) से कम से कम 1500 वर्ष पूर्व स्वास्थ्य और चिकित्सा के लिये ऋतुचर्या, दिनचर्या, रात्रिचर्या, स्वस्थवृत्त, सद्वृत्त, आहार एवं रसायन के महत्त्व को बहुत विस्तृत रूप से प्रतिपादित व वर्णित किया गया था।

ग्रीष्म ऋतु में सीधी धूप से बचना, स्वाभाविक रूप से शीतल कक्षों में निवास, कृत्रिम एयर-कंडीशनिंग का यथासंभव सीमित उपयोग, भारी शारीरिक श्रम से बचना, प्रदूषण से बचना, लवण, कटु एवं अम्ल रस तथा गर्म तासीर वाले शुष्कता उत्पन्न करने वाले पदार्थों से बचना या कम से कम मात्रा में सेवन करना, अल्कोहल से बचना, प्रदूषित जल व सड़े-गले खाद्य पदार्थों से सदैव बचना आवश्यक है। स्वच्छता के साथ रसोई में पकाया गया भोजन ही लेना चाहिये। शीतल पेय ग्रीष्म ऋतु में लाभकारी होते हैं, किंतु कृत्रिम शीतल पेय का त्याग करना ही श्रेयस्कर है। ऋतुचर्या का समकालीन महत्त्व कम नहीं हुआ बल्कि यह हमारी बिगड़ती जा रही जीवनशैली के कारण होने वाले गैर-संचारी रोगों से बचाव का रास्ता है। इन सब बातों का ध्यान रखकर ग्रीष्म ऋतु में स्वयं को दोष संचय से बचाते हुये को स्वस्थ व सुखी रखा जा सकता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फॉरेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# मोबाइल खूबसूरत भी है और खतरनाक भी



प्रो. कैलाश सोडाणी

विज्ञान के आर्शीवाद से संचार जगत में क्रांतिकारी परिवर्तनों से दुनियां डिजिटल वर्ल्ड में बदल गई है। जिसने दुनियां के हर आदमी को एक यंत्र थामने के लिए मजबूर कर दिया है। यह यंत्र प्रतिभा का धनी है सैकड़ों सुविधाओं का अलबम है। जिसने आदमी की जीवन पद्धति को ही बदल कर रख दिया है। गुड मॉर्निंग से गुड नाइट तक का हम सफर बन गया है। जिसे हम मोबाइल के नाम से जानते हैं। जिसने भी मोबाइल का आविष्कार किया है, वह अभिनन्दनीय है, सम्मान का पात्र है। आदमी के जीवन को बहुत ही सहज और सरल बना दिया है।

केवल संवाद ही नहीं, व्हाट्सएप, गूगल, ट्विटर, फेसबुक आदि से जैसे ज्ञान की गंगा बह रही है। केवल किताब का ही नहीं, पूरे के पूरे पुस्तकालय का विकल्प दे दिया है। कॉलेजों में क्लास रूम खाली हो गए हैं। दूर-दराज बैठे विद्धानों की विद्वता का प्रसाद घर बैठे मिल रहा है।

नई पीढ़ी गुरु से ज्यादा गूगल पर भरोसा करने लगी है। यात्रा में मोबाइल एक अच्छा हमसफर बन गया है। वित्तीय लेनदेन आसान हो गए हैं। सैकड़ों कार्य मोबाइल से घर बैठे संपन्न हो रहे हैं। व्यक्ति विशेष को सुनने या देखने के लिए हजारों किलोमीटर की यात्राएं समाप्त हो गई है। घर के बाहर ही नहीं, अंदर भी मोबाइल हाथ में होना आवश्यक हो गया है। हजारों मील दूर रहने वाला भी पड़ौसी बन गया है।

मोबाइल में उपलब्ध फोटोग्राफी ने तो जीवन के हर कार्यक्रम को जीवन्त कर दिया है। जीवन में घटने वाली हर घटना को मोबाइल इतिहास में दर्ज कर देता है। समाज में सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली हलचल का आधार मोबाइल है। मोबाइल ने समाचार जगत के वाहक प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडियां को भी अपने आँचल में समेट रखा है। टी.वी. सीरियल हो या 3 घंटे की फिल्म मोबाइल की स्क्रीन पर सब कुछ उपलब्ध है।

जीपीएस के माध्यम से दुनियाँ की अनजान राहों पर मोबाइल हमें अपने गन्तव्य स्थान तक आसानी से पहुँचा देता है। ऑनलाइन शॉपिंग, ऑनलाइन बैंकिंग, ऑनलाइन टैक्सी, ऑनलाइन क्लास, ऑनलाइन ऑफिस ने तो समाज का कायाकल्प ही कर दिया है। ई-मेल ने डाकिये को घर भेज दिया है।

मोबाइल ने जहाँ हमें बहुत कुछ दिया है वहीं दूसरी और इसने हमसे बहुत कुछ छीना भी है। हमारा सुकून एवं शांति गायब हो गयी है। एक साथ बैठ कर हंसी खुशी वाले परिवार तथा दोस्तों की महफिल का पटाक्षेप हो गया है। मोबाइल ने बाप से बेटा तथा पत्नी से पति को दूर कर दिया है इसलिए निष्कर्ष यही है कि जीवन की खुशहाली के लिए मोबाइल को बंद करना भी सीखना होगा। प्रतिदिन कुछ समय के लिए मोबाइल मुक्त होना पड़ेगा।

मोबाइल की दुनियां जहाँ एक और खूबसूरत है वही दूसरी और खतरनाक भी है। सुविधाओं के मायाजाल में इंसान मात्र कठपुतली बनता जा रहा है प्रजातांत्रिक सरकारे एवं राजनेता भी कल गौण हो जायेंगे। इस डिजिटल एवं आधुनिक दुनियाँ की बागडोर माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, फेसबुक, एप्पल, ट्विटर, जैसे अन्तर्राष्ट्रीय औद्योगिक घरानों के पास चली जायेगी।

भविष्य में प्रजातांत्रिक सरकारें नहीं ये डिजिटल सामंत ही तय करेंगे कि हम क्या पढ़ेंगे-लिखेंगे क्या खायेंगे पहनेंगे। हमारे मस्तिष्क और सोचने-विचारने की ईश्वरीय शक्ति पर भी इनका नियंत्रण हो जाएगा। मनुष्य का मनुष्यत्व समाप्त हो जाएगा। हमें इंसान से कठपुतली में बदलने की प्रक्रिया के अंतर्गत ही ये लोग सूचना औद्योगिकी के महाप्रसाद को एक षड्यंत्र के तहत हमें फ्री में बांट रहे हैं। वह दिन दूर नहीं है जब हम सभी इन्ही पर आश्रित एवं पराजीवी बन जायेंगे। उस दिन इस फ्री प्रसाद की 10-20 गुणा कीमत वसूल की जाएगी।

ईस्ट इंडिया कंपनी का यह आधुनिक स्वरूप है। हमारी धन-संपदा को छीनने के लिए डिजिटल युग में इन मठाधीशों को भारतीय भू-भाग पर आने की जरूरत नहीं है। ये डिजिटल सामन्त जहां है वहीं से बैठे-बैठे हमारी मेहनत की कमाई की एक-एक पाई को खींच लेंगे। इसलिए आज मेरे देश की टैलेंटेड नई पीढ़ी के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह देश को माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, व्हाट्सएप, और ट्वीटर जैसी विदेशी कम्पनीयों से मुक्त करें और तत्काल इन सभी का भारतीय विकल्प प्रदान करें। तभी यह राष्ट्र एवं राष्ट्रीयता जीवन्त रह पाएगी।

**–प्रो. कैलाश सोडाणी,**
**कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा**

# बिजासनी माता के मेले के समापन पर पहलवानों ने दिखाए दांवपेच

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के किशोरपुरा ग्राम पंचायत के खुर्रा ग्राम में आयोजित हुए बिजासनी माता के लक्खी मेले के समापन समारोह में दूरदराज से आए कई पहलवानों ने आयोजित कुश्ती दंगल में दांवपेच के दमखम दिखा कर दर्शकों को रोमांचित किया। बिजासनी माता के इस लक्खी मेले में करीब पांच लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किये।

मेले के समापन पर आयोजित किए गए कुश्ती दंगल में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, भरतपुर, करौली, धौलपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, अलवर, टोंक आदि कई जिलों के पहलवानों ने कुश्ती दंगल में खुद के दांवपेच का प्रदर्शन किया। सरपंच हरिओम मीणा ने बताया कि उपखंड प्रशासन एवं ग्राम पंचायत की मेला प्रबंधन कमेटी के कुशल नेतृत्व में बिजासन माता का लक्की मेला शांति पूर्वक संपन्न हुआ है।

उन्होंने बताया कि लक्खी मेले के समापन में आयोजित किए गए कुश्ती दंगल में आये नामचीन पहलवानों ने शिरकत की। दंगल में एक सौ एक से लेकर आखिरी कुश्ती इक्कीस हजार रुपये तक की हुई। आखरी कुश्ती में दोनों पहलवान बराबरी पर रहने के कारण इनाम की राशि दोनों में आधी आधी बाटी गई।


लक्खी मेले के समापन के दिन बिजासन माता का आलौकिक श्रंगार भी किया गया। वहीं इस बिजासन माता के लक्खी मेले के शांतिपूर्वक संपन्न होने पर उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीणा एवं डिप्टी एसपी अरविंद गोयल एवं तहसीलदार मदनलाल मीणा व खंड विकास अधिकारी राजाराम मीणा द्वारा सार्वजनिक तौर पर मेला प्रबंधक कमेटी व स्थानीय ग्रामीणों सहित इस लक्खी मेले को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करने वालों का भी आभार व्यक्त किया गया।

कुश्ती दंगल के दौरान निर्झरना तहसीलदार सीमा घुणावत प्रमुख महिला समाज सेवी राजेश्वरी देवी मीणा, अतिरिक्त विकास अधिकारी लटुर चंद मीणा, ग्राम विकास अधिकारी बृजमोहन मीणा, जीएसएस अध्यक्ष रामअवतार शर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे।



बिजासनी माता लक्खी मेला समापन के दौरान आयोजित हुए कुश्ती दंगल में दांवपेच दिखाते पहलवान।

# बाबा रामदेवजी की आराधना में किया जाता है तेरहताली नृत्य



पन्नालाल मेघवाल

राजस्थान के कामड रुणिचा (पोकरण) के धणी बाबा रामदेव के अनन्य भक्त हैं। वे अपने जीवन के हर क्षण में उन्हीं का स्मरण करते हुए अपना कार्य करते हैं। इनके नृत्य एवं लोकगीत बाबा रामदेव की आराधना से संबंधित होते हैं।

ये नृत्य उदयपुर, पाली, डीडवाना एवं पोकरण क्षेत्र में किये जाते है। कामड जाति की महिलाएं तेरहताली नृत्य के दौरान बाबा रामदेव की आराधना में अपनी दिनचर्या के उपक्रम जैसे आटा पीसना, रोटी बनाना, छाछ बिलोना, झाडू लगाना आदि मुद्राएं प्रस्तुत करती हैं। तीन महिलाएं एक पंक्ति में बैठती हैं जबकि तीन पुरुष इनके पीछे बैठकर तंबूरा, ढोलक एवं मंजीरा बजाकर गायिकी में साथ देते हैं।

महिलाओं द्वारा तेरहताली नृत्य मंजीरों की सहायता से किया जाता है। नौ मंजीरे दांए पांव पर बांधे जाते हैं। दो हाथों की कोहनी के ऊपर तथा एक-एक दोनों हाथों में रहते हैं। हाथ वाले मंजीरे अन्य मंजीरों से टकराते हुए टन-टन की ध्वनि निकालते हैं। यह ध्वनि प्रदर्शन समान लय एवं गति से चलती रहती है और उसी दौरान महिलाएं विविध हाव भाव व्यक्त करती हैं। यह नृत्य जमीन पर बैठे-बैठे, कभी- कभी लेट कर किया भी किया जाता है।

महिलाएं मंजीरे बांधे पांव को फैलाकर अपने सिर पर कांसे की थाल में चरवी, लोठा और इस पर जलता दीपक रखकर मुंह में नंगी तलवार लिए जमीन पर बैठी-बैठी प्रदर्शन करती हैं और कभी-कभी लेटकर घूमती हुई नृत्य करती हैं। तेरहताली समाप्त होने पर तलवार और हाथ के मंजीरे नीचे रखकर दोनों हाथों में कांसी की थाली उंगलियों पर घुमाती हैं यह थालियां बड़ी तेजी से घूमती हैं।

**तेरहताली नृत्य के दौरान गाए जाने वाला प्रमुख गीत हैं:-**

**पश्चिम धरा सूं म्हारा पीरजी पधारिया, घर अजमल अवतार लियो, खम्मा खम्मा खम्मा रे कंवर अजमल रा।**

आदि गीत गाते हुए कामड महिलाएं एवं पुरुष बाबा रामदेव की आराधना में इतने तल्लीन हो जाते हैं कि एक अद्भुत सा समा बंध जाता है और दर्शक सम्मोहित होकर इस नृत्य को देखते रहते हैं।

प्रारंभ में यह नृत्य देश विदेश में तालजंघा के रूप में किया जाता था। इसके बाद यह नृत्य राज दरबार में किया जाने लगा। तत्पश्चात यह नृत्य हिंगलाज माताजी की आराधना में होने लगा जिसमें छिद्रित कलश में दीप प्रज्वलित कर महिलाएं मुंह में तलवार लिए यह नृत्य करती थी और पुरुष वाद्य यंत्रों का वादन करते थे। कामडिया पथ प्रवर्तन के बाद यह आराधना समुदाय बाबा रामदेव का उपासक बन गया।

वर्षों तक इसका आयोजन जम्मा-जागरण के रूप में होता रहा। सन् 1964 में पंडित जवाहरलाल नेहरू के मुख्य आतिथ्य में चित्तौड़गढ़ में गाड़िया लोहारों का सम्मेलन हुआ। उस अवसर पर पादरला (पाली) निवासी श्रीमती मांगी बाई कामड ने तेरहताली की प्रथम बार सार्वजनिक प्रस्तुति दी तभी से इस लोक नृत्य ने व्यवसायिक रूप ले लिया। इस नृत्य ने देश ही नहीं विदेश में भी अपनी प्रस्तुतियां दी हैं।

**–पन्नालाल मेघवाल, वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# मण्डी में किसानों का माल सड़क पर पड़ा मिला

**निवाई,** (निसं)। किसान महापंचायत राजस्थान ने कृषि मण्डी सचिव को पत्र सौंपकर मण्डी में बने हुए प्लेट फार्मों को खाली करवाने की मांग की है।

महापंचायत के युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौधरी ने बताया कि संगठन को कई किसानों ने अवगत करवाया है कि कृषि मंडी में किसानों का माल रखने के लिए प्लेटफार्म बने हुए हैं। प्लेटफार्म पर व्यापारी अपना माल रखकर कब्जा कर रखे हैं जिससे किसानों का माल बाहर खुले में पड़ा रहता है। उन्होंने पत्र में बताया कि महापंचायत के पदाधिकारियों द्वारा मण्डी परिसर का निरीक्षण किया गया तो प्लेट फार्म पर व्यापारियों का माल रखा हुआ है और किसानों का माल खुले में सड़क पर पड़ा हुआ पाया। उन्होंने किसानों के लिए बने हुए प्लेटफार्म को खाली करवाने की मांग की है।

**■ किसान महापंचायत ने मंडी सचिव को पत्र सौंपकर प्लेटफार्म खाली करवाने की मांग की**

## राशिफल रविवार 9 अप्रैल, 2023



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, विशाखा नक्षत्र दिन 2:00 तक, सिद्धि योग रात्रि 10:03 तक, विष्टि करण प्रातः 9:35 तक, चन्द्रमा प्रातः 8:01 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मिथुन, बुध-मेष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।


आज संकष्ट चतुर्थी है। चन्द्रोदय रात्रि 10:05 पर होगा। आज इस्टर सण्डे है। भद्रा प्रातः 9:35 पर समाप्त होगी। आज मृत्यु योग दिन 2:00 से सूर्योदय तक है।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:45 से 9:21 तक, लाभ-अमृत 9:21 से 12:29 तक, शुभ 7:03 से 3:37 तक।


**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:13, सूर्यास्त 6:44


### मेष


स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।


### वृष

परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बढ़ेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।


### मिथुन

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### कर्क

परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा।


### सिंह

घर/परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ बनी रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित समस्या हो सकती है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। व्यक्तिगत परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी।


### कन्या

आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।


### तुला

स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### वृश्चिक

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आज रचनात्मक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### धनु

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

### मकर

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित परामर्श मिलेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### कुंभ

अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### मीन

धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 246 प्रभात जयपुर, रविवार 9 अप्रैल , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

ARBIT


जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



Salim The Man or Salim The Cricketer? | I had told my friends that I would meet Frank Worrel and they would laugh at me. | "Greetings to a great player: Gary Sobers" | Salim Uncle's black marble Taj Mahal | Salim Durani had a special place & was a hero & a hard throb to many youngsters.



*एक नए शोध से पता चला है कि, ज़ू, अक्वेरियम, बॉटैनिकल गार्डन्स एवं सीड बैंक्स द्वारा लुप्त प्राय प्रजातियों को वापस लाने की संभावना बेहद प्रबल होती है और इस क्षेत्र में इनका रिकॉर्ड 50/50 है। दूसरे शब्दों में कहें तो, जंगल में जब किसी प्रजाति के सरवाइवल की संभावना शून्य तक पहुँच जाए तब भी समर्पित संरक्षणविदों के कारण उनके वापस आने की संभावना होती है। ज़ूलॉजिकल सोसायटी ऑफ लंदन (ज़ैड.एस.एल.) की एक टीम ने 95 जानवरों व पौधों का अध्ययन किया, जो 1950 के दशक के बाद जंगलों से लुप्त हो गए थे और उसके बाद सिर्फ संरक्षण संस्थानों में ही बचे रहे। इनमें, चित्र में नज़र आ रहे, सिमिटार हॉर्न्ड ऑरिक्स, कई प्रकार के पॉलीनेशियन ट्री स्नेल्स और पीले फूलों वाला पौधा तोरोमीरो प्रमुख हैं। ज़ैड.एस.एल. के इंस्टीट्यूट ऑफ ज़ूलॉजी के डोनल स्मिथ ने कहा कि, ''प्रजातियों को बचाने के कई दशकों के सतत प्रयासों की वजह से हमें जंगल में इनका पुनर्वास करने का अवसर मिला है और इसके लिए जरुरी है कि, ज़ू, अक्वेरियम, बॉटैनिकल गार्डन्स, सीड बैंक को मदद दी जाए।'' इन प्रयासों की वजह से फ्रैंच पॉलिनेशिया के द्वीपों में पार्टूला ट्री स्नेल्स की और चैड में सिमिटार -हॉर्न्ड ऑरिक्स की सफल वापसी हुई है। अब इनकी योजना रंग बिरंगे गुआम किंग फिशर को जंगल में वापस लाने की है। स्मिथ ने कहा कि, यूरोपियन बाइसन, जिसका कभी एक छोटा सा समूह ही बचा था, अब जंगल में फलफूल रहे हैं। ज़ैड.एस.एल. के शोधकर्ता, वरिष्ठ शोधलेखक जॉन ईवैन ने कहा कि, हरेक लुप्त प्रजाति विशिष्ट होती है और उसे वापस लाने का तरीका भी विशिष्ट होता है। मिसाल के तौर पर सोकोरो डव की वर्तमान आबादी मात्र 162 है, इसलिए इसकी वापसी में लगभग 100 साल लग सकते हैं, जबकि, सिमिटार हॉर्न्ड ऑरिक्स के पुनर्वास में 16 साल बाद ही सफलता मिल गई क्योंकि जंगल में इनकी आबादी कुछ हज़ार थी। इसी प्रकार शिवाल्स्की घोड़े 40 साल पहले लुप्त हो गए थे और इनकी वापसी का कार्यक्रम मात्र 12 घोड़ों से शुरु हुआ था, अब इनके मूल आवास में इनकी वापसी हो रही है। जंगल में लुप्त होने वाले पौधों व जानवरों की संख्या बराबर है पर जानवरों पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। अभी तक जिन 12 लुप्त जीवों की वापसी हुई है, उनमें मात्र दो ही पौधे हैं।*

# महाराष्ट्र में पुराने गठबंधन टूटते और नये गठबंधन बनते नज़र आ रहे हैं

## शरद पवार ने विपक्ष की एकता के सोच को ताक में रखते हुए, कांग्रेस के अडानी प्रकरण की जांच हेतु जे.पी.सी. के गठन की मांग को ''फिजूल'' की बात बताया

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। महाराष्ट्र महा विकास अघाड़ी (एम.वी.ए.) गठबंधन डगमगाता प्रतीत होता है। महाराष्ट्र की राजनीति और वहां के विपक्ष में हो रहे नए मंथन के अप्रत्यक्ष संकेत मिलने लग गए हैं। नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को दोहराया कि उनकी पार्टी गौतम अडानी घोटाले के संबंध में जे.पी.सी.गठित किए जाने की कांग्रेस की मांग के पक्ष में नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी की जांच में सच्चाई सामने आने की अधिक संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि अडानी को लेकर आयी हिंडनबर्ग रिपोर्ट योजनाबद्ध है और इस मामले में विपक्ष बिना किसी वजह के शोरगुल कर रहा है। उन्होंने कहा कि ''जब इस तरह के मुद्दे उठाकर शोर किया जाता है तो उसकी कीमत देश भुगतता है और अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता

- **इससे पूर्व शरद पवार के भतीजे अजीत पवार ने भी प्र.मंत्री मोदी की शैक्षणिक योग्यता को मुद्दा बनाने को निरर्थक इशू बताया था।**
- **चर्चा है कि, अजीत पवार महाराष्ट्र के मु.मंत्री एकनाथ शिंदे से लगातार सम्पर्क में हैं तथा इस बात को उद्धव ठाकरे की असफलता मानते हैं कि, वे शिव सेना के विभाजन को नहीं रोक सके।**
- **चर्चा यह भी है कि, भारत जोड़ो यात्रा के बाद, राहुल गांधी को उन क्षेत्रों से समर्थन मिलने लगा था, जिनसे समर्थन की उम्मीद नहीं थी, जैसे आम आदमी पार्टी व तृणमूल पार्टी।**
- **अतः अब राहुल गांधी को अलग-थलग करने के प्रयास हो रहे हैं। गुलाम नबी आज़ाद व ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा राहुल को टारगैट बनाना इसी रणनीति का हिस्सा है।**
- **शरद पवार भी अब महसूस कर रहे हैं कि, 2024 के चुनाव में राहुल गांधी से नजदीकी का कोई लाभ नहीं मिलने वाला, बल्कि नजदीकी से कुछ नुकसान ही हो सकता है।**

है।'' यहां तक कि उन्होंने उद्योगपतियों अडानी और अंबानी के सकारात्मक योगदान का जिक्र भी किया। लगता है कि महाराष्ट्र के इस दिग्गज नेता की टिप्पणियों का संबंध हाल ही के अन्य घटनाक्रमों से हैं। उनके भतीजे एवं महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता अजित पवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता को लेकर उपजे विवाद के प्रति हाल ही अपनी असहमति व्यक्त की थी।

उन्होंने कहा था कि ''यह मुद्दा आज की राजनीति में प्रासंगिक नहीं है। प्रधानमंत्री पिछले नौ वर्षों से देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनकी व अन्य मंत्रियों की शैक्षणिक डिग्रियों के मुद्दों को खोद-खोदकर निकाला जा रहा है। ये बातें प्रासंगिक नहीं हैं। वास्तविक मुद्दे बेरोजगारी और महंगाई हैं। चूंकि खबरों से यह संकेत मिल रहा है कि अजीत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अब कर्नाटक में ''मिल्क वॉर'' छिड़ा

## गुजरात की, अमूल ब्राण्ड का दूध बेचने वाली कम्पनी ने जब कर्नाटक में अपने पैर पसारने शुरू किए, तब यह युद्ध छिड़ा है

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 अप्रैल। सिंचाई और पेयजल के लिए पानी का मुद्दा कर्नाटक में पड़ोसी तमिलनाडू की भांति हमेशा से एक चुनावी मुद्दा रहा है और ये दोनों ही राज्य कावेरी नदी के जल के बंटवारे को लेकर आंदोलन कर चुके हैं तथा कोर्ट की शरण में तक जा चुके हैं।

जल के बाद कर्नाटक इस बार गुजरात की एक दुग्ध संस्था के साथ ''मिल्क वॉर'' लड़ रहा है और वह भी चुनावी माहौल में। कर्नाटक मिल्क फैडरेशन के दुग्ध ब्रैण्ड ''नन्दिनी'' को नुकसान पहुंचाने के संदर्भ में विपक्ष द्वारा

- **कर्नाटक का स्वयं का दूध का ब्राण्ड ''नन्दिनी'' प्रदेश में काफी लोकप्रिय व स्थापित है तथा स्थानीय राजनीतिज्ञ अमूल की ''एन्ट्री'' को नन्दिनी को दबाने का प्रयास बता रहे हैं।**
- **इस मुद्दे ने इतना जोर पकड़ा कि, भाजपा के दुग्ध उत्पादन मंत्री भी रक्षात्मक मुद्रा में आये। प्रैस कॉन्फ्रैंस करके, उन्हें स्पष्टीकरण देना पड़ा कि, नन्दिनी को कोई क्षति नहीं पहुँचने देगी सरकार।**

सरकार की आलोचना करने के साथ ही यह एक चुनावी मुद्दा बन गया है। कर्नाटक मिल्क फैडरेशन देश का दूसरा सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक है। गुजरात कोऑपरेटिव मूवमैंट के देश के सबसे बड़े मिल्क ब्रैण्ड ''अमूल'' ने अब अपने दूध की बैंगलुरू में मार्केटिंग करने की घोषणा की है और इस कदम ने सहज रूप से कर्नाटक की वासवराज बोम्मई सरकार की परेशानियां बढ़ा दी है।

आगामी 10 मई को कर्नाटक विधानसभा के लिए होने जा रहे चुनावों को लेकर यह पहले ही एक ठोस चुनावी मुद्दा बन चुका है। कांग्रेस द्वारा इस पूरे मुद्दे को कन्नड़ गौरव के साथ जोड़ने और भाजपा को एक विलेन के रूप में चित्रित करने के साथ ही यह एक मजेदार संघर्ष में तब्दील हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता सरकार पर दोषारोपण कर रहे हैं कि उसने नन्दिनी का स्थान लेने की अमूल को अनुमति दी है और उसे प्रोत्साहित भी किया है।

कई गंभीर सामाजिक कार्यकर्ता ट्विटर पर ''सेव नन्दिनी'' ट्रैंड कर रहे हैं और गुजरात के एक ब्रैण्ड को कर्नाटक के मार्केट में एक बड़ी भूमिका अदा करने की अनुमति दिए जाने को लेकर राज्य सरकार की भर्त्सना कर रहे हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि विपक्षी कांग्रेस ने इस घटनाक्रम को लेकर चिंता व्यक्त की है। पूर्व मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैय्या ने केन्द्र और कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा की ''डबल एंजिन'' सरकारों पर आरोप लगाया कि वह ''अमूल'' को लाकर कर्नाटक मिल्क फैडरेशन (के.एम.एफ.) को तबाह करने की कोशिश कर रही हैं।

एक ब्रैण्ड की मार्केटिंग के साधारण से निर्णय को एक ठोस चुनावी मुद्दा बनाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह इसके जिम्मेदार हैं।''

सिद्धारमैय्या ने कहा कि कर्नाटक के लाखों परिवार के.एम.एफ. के अमूल में विलय की बात बोलने के बाद यहां के डेयरी सैक्टर पर विपरीत प्रभाव पड़ा था, और उसके बाद इस मुद्दे को लेकर बहुत हंगामा मचा था, लेकिन अब अमूल ने बैकडोर एंट्री का एक नवीन प्रयत्न किया है। कांग्रेस के इस सीनियर नेता ने इस मुद्दे का चुनावी लाभ लेते हुए कहा कि ''गुजरात के ''अमूल'' ने पहले भी कर्नाटक के मार्केट में एन्टर होने का प्रयास किया था, किन्तु हमने उसे इसकी अनुमति प्रदान नहीं की थी, लेकिन अब भाजपा पलक पांवड़े बिछाकर उसका स्वागत कर रही है।

उन्होंने कन्नड़भाषी सभी लोगों से अपील की कि वे इस कदम की खिलाफत करें और यह शपथ भी लें कि वे अमूल के उत्पाद नहीं खरीदेंगे। इस तरह के प्रहार से आहत कर्नाटक सरकार तुरंत प्रभाव से डैमेज कंट्रोल मोड में आ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# सी. राजगोपालाचारी के प्रपौत्र केशवन भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, 8 अप्रैल। कांग्रेस पार्टी को तमिलनाडु में एक बड़ा झटका लगा क्योंकि कांग्रेस के दिग्गज नेता और देश के पहले भारतीय गवर्नर जनरल, सी राजगोपालाचारी के पड़पोते सी.आर. केशवन भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं।

भारतीय जनता पार्टी दक्षिण भारत में अपनी पकड़ मजबूत बनाने के लिए संगठन को मजबूत कर रही है। सी.आर. केशवन को केंद्रीय मंत्री जनरल वी.के. सिंह ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। वी.के. सिंह ने कहा, यह बहुत गर्व की

- **सी.आर. केशवन, जो भारत के पहले गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी के प्रपौत्र हैं, तमिलनाडू में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे हैं।**

बात है कि, सी राजगोपालाचारी के पड़पोते ने देश सेवा के लिए भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर काम करने का निर्णय लिया है। सी.आर. केशवन ने 2001 में कांग्रेस की सदस्यता ली थी। वे राजीव गांधी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूथ डवलपमैंट के उपाध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। केशवन ने पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ब्रिटेन के प्र.मंत्री की पत्नी की अनदेखी हुई?

## ब्रिटेन के प्र.मंत्री की पत्नी अक्षता मूर्ति, अपनी मां सुधा मूर्ति को पद्मभूषण प्रदान करने वाले समारोह में भाग लेने राष्ट्रपति भवन गयीं थीं

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 अप्रैल। जो बात सामान्यतः प्रोटोकॉल का उल्लंघन या कम से कम विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की गंभीर चूक कही जा सकती थी, उस घटना की अधिकांश मीडिया प्रतिष्ठानों ने सराहना की है। हुआ यह था कि ब्रिटेन की प्रथम महिला (ब्रिटिश प्रधानमंत्री की पत्नी) अक्षता मूर्ति इस सप्ताह बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित पद्म अवार्ड्स समारोह में बीच की पंक्ति में बैठी हुई थीं।

इंगलैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति राष्ट्रपति भवन मे अपनी माँ तथा समाज सेवी सुधा मूर्ति के साथ आई थीं। उन्हें सामाजिक कार्य के लिये पद्म विभूषण अवार्ड दिया गया था। अक्षता अपने परिवार, अपने पिता एन.आर. नारायणमूर्ति तथा भाई रोहन मूर्ति के साथ बैठी हुई थीं, लेकिन जब अधिकारियों की जानकारी में यह बात आई, तो उन्हें, प्रोटोकॉल के अनुरूप आगे की पंक्ति में ले जाया गया।

यह तथ्य कि, ब्रिटेन की प्रथम महिला इस समारोह में उपस्थित होने के लिये भारत आ रही हैं, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से छुपा नहीं होना चाहिये था। जब यह जानकारी थी, तो क्या अधिकारियों को उनका अपेक्षित प्रोटोकॉल के अनुरूप स्वागत नहीं करना चाहिये था तथा उन्हें पहली पंक्ति में नहीं

- **मित्र देश की प्रथम महिला को प्रोटोकॉल के अनुसार प्रथम पंक्ति में बिठाना अनिवार्य है, पर उन्हें स्थान मिला तीसरी पंक्ति में।**

बिठाया जाना चाहिये था। यह प्रश्न भारतीय विदेश सेवा के एक पूर्व राजनयिक, जो कभी विदेश मंत्रालय के प्रोटोकॉल डिविजन के प्रमुख ने पूछा है।

अक्षता भारत आ रही हैं, यह बात लन्दन स्थित भारतीय उच्चायोग ने साउथ ब्लॉक, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा विदेश मंत्रालय, दोनों को ही दी होगी। लेकिन या तो इस बात की अनदेखी कर दी गई या फिर किसी ने भी इस बात पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया। एक अधिकारी ने कहा कि जब समारोह चल रहा था, तब कहीं जाकर इस चूक की तरफ ध्यान दिया गया।

उस राजनयिक ने कहा कि पहले के वक्त में, मीडिया ने इस घटना को बड़े आलोचनापूर्ण तरीके से लिया होता तथा इस गंभीर चूक को लेकर तूफान खड़ा कर दिया होता। उन्होंने आगे कहा कि समय बदल गया है।

मीडिया को जो परोस दिया जाता है, मीडिया उसी को दोहरा देता है। यह घटना मीडिया के स्तम्भों (कॉलम) तक तथा ऑडियो-विजुअल चैनलों तक इस प्रकार ले जाई गई कि एक सजग अधिकारी, जिसने उन्हें आगे की पंक्ति में बिठाया था, ने उन्हें पहचान लिया था।

# केन्द्रीय मंत्री रिजिजू कार दुर्घटना में बाल-बाल बचे

श्रीनगर, 8 अप्रेल। केन्द्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू सड़क हादसे में बाल-बाल बचे हैं। श्रीनगर जा रहे कानून मंत्री किरेन रिजिजू की कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। उनकी कार और ट्रक में टक्कर हो गई। इस

- **श्रीनगर जाते वक्त रिजिजू की कार आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गई थी। रिजिजू को किसी भी तरह की कोई चोट नहीं आई है।**

दुर्घटना में किरेन रिजिजू को किसी भी तरह की कोई चोट नहीं आई है।

बताया जा रहा है कि वह सड़क के रास्ते जम्मू से श्रीनगर जा रहे थे। बनिहाल के पास उनके वाहन ने आगे जा रहे एक ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया और इसी दौरान टक्कर हो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अमेरिका में गंभीर समस्याओं से निपटने की क्षमता नहीं है'

## 57 प्रतिशत अमेरिका वासी अब यह महसूस करने लगे हैं, जबकि साल भर पहले तक 57 प्रतिशत अमेरिका वासियों को यह विश्वास था कि, अमेरिका हर समस्या का हल ढूंढ लेता है

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 अप्रैल। हाल ही के वर्षों में विश्व के रंगमंच पर अमेरिका की छवि, उसकी अकुशल विदेश नीति के कारण बहुत खराब हुई है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह बात अमेरिका के लोगों को भी मालूम हो गई है क्योंकि अधिकांश अमेरिकन जनता यह मानने लगी है कि अब यह देश कई बड़ी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता।

अभी, करीब एक साल पहले, अमेरिका के ज्यादातर (57 प्रतिशत) लोगों का मानना था कि ''अमेरिकन होने के नाते, हम सदैव ही अपनी समस्याओं के समाधान का कोई रास्ता तलाश लेते हैं'', तथा कम (41 प्रतिशत) लोगों का कहना था कि यह देश अपनी कई महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान नहीं कर सका। आज, उन विचारों को झटका लग चुका हैं, जितने लोग यह कह रहे हैं कि अमेरिका अपनी बड़ी समस्याओं का समाधान कर सकता हैं, उससे ज्यादा लोग ऐसा मान रहे हैं कि अमेरिका उन समस्याओं का हल नहीं ढूढ़ सकता। यह बदलाव दोनों ही पार्टियों के सदस्यों के विचारों में बिल्कुल समान रूप से आया हैं। बड़ी संख्या में डेमोक्रेट (57 प्रतिशत) तथा रिपब्लिकन (52 प्रतिशत) ऐसा मान रहे हैं कि यह देश अपनी मुख्य समस्याओं को हल नहीं कर सकता।

अमेरिका के ये पहलू उस नये सर्वे में सामने आये हैं जो प्यू रिसर्च सेन्टर ने 27 मार्च-2 अप्रैल, 2023 के बीच किया था। इस सेन्टर के राष्ट्र-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ''अमेरिकन ट्रेंड्स पैनल के 5079 सदस्यों का सर्वे बताता है कि बाइडन के काम की रेटिंग 40 प्रतिशत से नीचे है। इन सदस्यों में से मात्र 37 प्रतिशत लोग ही उनके कार्य प्रदर्शन का अनुमादेन कर रहे हैं, जबकि 60 प्रतिशत लोग उसकी निन्दा कर रहे हैं।

- **जानी-मानी संस्था, प्यू रिसर्च सेन्टर ने अपने नवीनतम सर्वे में, अमेरिका वासियों के सोच में आये इस बदलाव की पुष्टि की है।**
- **सर्वे में यह भी पाया गया कि, जनवरी माह से अब तक, राष्ट्रपति बाइडन की, आर्थिक मुद्दों को सुलझाने की क्षमता में विश्वास रखने वाले लोगों की संख्या में 6 प्रतिशत की कमी आई है।**

बाइडन प्रमुख मुद्दों से उनके निपटने के आत्मविश्वास के ज्यादा से ज्यादा, सामान्य स्तरों तक ही पहुँच रहे हैं। जहाँ आधे अमेरिकनों का कहना है कि उन्हें इस बात का पूरा या अंशतः भरोसा है कि बाइडन प्राकृतिक आपदा का प्रभावी जवाब दे सकते हैं। अन्य मुद्दों, जिनमें अर्थव्यवस्था तथा कांग्रेस के साथ मिलकर प्रभावी रूप से काम करना शामिल है, से निबटने की उनकी रेटिंग मध्य से उच्च के बीच (30 प्रतिशत) है।

बाइडन की निजी छवि विरोधाभासों का विषय है। जहाँ 53 प्रतिशत अमेरिका उन्हें अपने सिद्धान्तों पर कायम रहने का श्रेय देते हैं, वहीं करीब इससे आधे लोग (27 प्रतिशत) उन्हें प्रेरक व्यक्तित्व का धनी मानते हैं। दस में से 4 से कुछ ज्यादा लोगों का कहना है कि वे सामान्य अमेरिकनों की जरूरतों का ध्यान है (46 प्रतिशत) तथा वे ईमानदार (44 प्रतिशत) हैं। लेकिन इससे बहुत ज्यादा कम लोगों (31 प्रतिशत) का कहना है कि ''मानसिक रूप से तेज'' शब्दावली उनका बहुत अच्छी तरह चित्रण करती है। उनके सभी व्यक्तिगत पहलुओं के बारे मं सर्वे में पूछे गये प्रश्नों के बारे में रिपब्लिकन उन्हें कम रेटिंग देते हैं जहाँ डैमोक्रेट्स की बहुत बड़ी संख्या उनकी विभिन्न विशिष्टताओं के मामले में, उन्हें बहुत ज्यादा अंक प्रदान करती है, वहीं कुछ ही लोगों का कहना है कि वे मानसिक रूप से तेज (58 प्रतिशत) तथा प्रेरणास्पद (49 प्रतिशत) हैं।

अमेरिका में राजनैतिक बहस के लहजे को बेहतर बनाने के मामले में जनता बाइडन को, इस पद पर उनके शुरुआती दिनों की अपेक्षा, इस समय अपेक्षाकृत कम श्रेय दे रही है। दस में से करीब चार वयस्कों (39 प्रतिशत) का कहना है कि उन्होंने राजनैतिक बहस का लहजा बदला तो है, लेकिन और भी खराब कर दिया हैं, जबकि मात्र 20 प्रतिशत लोगों का कहना है कि उन्होंने राजनैतिक बहस की प्रकृति बेहतर स्थिति में पहुँचा दी है। 39 प्रतिशत लोगों का मानना है कि उन्होंने इसे न तो खराब स्थिति में पहुँचाया है और न बेहतर स्थिति में। अप्रैल 2021 में जब उन्हें राष्ट्रपति बने कुछ ही महीने हुये थे, ज्यादातर अमेरिकनों का कहना है कि उन्होंने राजनैतिक बहस को बदतर (29 प्रतिशत) बनाने की अपेक्षा, बेहतर (44 प्रतिशत) बनाया है। सर्वे में पाया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राष्ट्रपति मुर्मू ने आधे घंटे लड़ाकू विमान में उड़ान भरी

नयी दिल्ली 8 अप्रैल (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को वायु सेना के तेजपुर बेस से लड़ाकू विमान सुखोई में उड़ान भरी।

असम की यात्रा पर गई तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति मुर्मू सुबह तेजपुर वायु सैनिक अड्डे

- **राष्ट्रपति मुर्मू का विमान ब्रह्मपुत्र नदी और तेजपुर घाटी से गुजरते हुये वापस तेजपुर हवाई अड्डे पहुँचा।**

पहुंची और उन्होंने करीब आधे घंटे तक सुखोई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। उनका विमान ब्रह्मपुत्र नदी और तेजपुर घाटी के ऊपर से गुजरते हुए वापस तेजपुर वायु सैनिक अड्डे पहुंचा।

इस विमान को 106 स्क्वाड्रन के कमांडिंग अफसर ग्रुप कैप्टन नवीन कुमार ने उड़ाया। विमान समुद्र तल से करीब दो किलोमीटर की ऊंचाई पर रहा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बम ब्लास्ट मामले पर निर्णय नहीं लेना सरकार के तुष्टिकरण का सबसे बड़ा साक्ष्य है : अरुण चतुर्वेदी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जयपुर समेत पूरे राजस्थान को दहला देने वाले जयपुर बम ब्लास्ट कांड के प्रति कांग्रेस सरकार का रवैया असंवेदनशील रहा है। 12 अप्रैल को 4 बजे भाजपा द्वारा जयपुर बम ब्लास्ट के दोषियों की रिहाई के मामले में कांग्रेस सरकार की असंवेदनशीलता के विरोध में पीड़ित परिवारों के साथ भाजपा रामलीला मैदान में एकत्रित होकर कैंडल मार्च जयपुर बम ब्लास्ट के घटनास्थल हनुमान मंदिर सांगानेरी गेट तक जाएगा। कैंडल मार्च के माध्यम से जयपुर शहर की जनता पीड़ित परिवारों के साथ संवेदना एवं राज्य सरकार से दोषियों को सजा दिलाने के लिए मांग करेगी। पीड़ित परिवार की ओर से एसएलपी सुप्रीम कोर्ट में दायर करने का काम शुरू कर दिया है, जल्द ही पीड़ित परिवारों के द्वारा याचिका दायर की जाएगी, जिसमें भाजपा पूर्ण रूप से सहयोग करेगी।

चतुर्वेदी ने बताया कि जयपुर बम ब्लास्ट के दोषियों को सजा दिलाना प्रदेश कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता में नहीं है, जबकि भाजपा को पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एवं नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना प्रकट की।



**जयपुर बम ब्लास्ट मामले में शनिवार को भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ.अरूण चतुर्वेदी ने प्रदेश कार्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद रामचरण बोहरा, जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर व जयपुर जिला अध्यक्ष राघव शर्मा मौजूद रहे।**

- **'12 अप्रैल को रामलीला मैदान से सांगानेरी गेट तक पीड़ित परिवार के साथ भाजपा करेगी कैंडल मार्च'**
- **'जयपुर बम ब्लास्ट मामले में राजस्थान सरकार ने 12 दिन बाद भी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर नहीं की'**

चतुर्वेदी ने कहा कि 2008 में देश में जगह-जगह बम ब्लास्ट और आंतक की चार घटनाएं हुई थी, समझौता एक्सप्रेस की घटना, मालेगांव कांड, हैदराबाद मक्का मज्जिद का मामला व अजमेर दरगार ब्लास्ट, ऐसे चार मामले हुए उसके बाद जयपुर का मई का सीरियल बम बलास्ट भी हुआ। चारों आतंकी हमलों की जांच एनआईए को ट्रांसफर कर दिए जाते हैं, जो सेन्ट्रल एंजेंसी है, लेकिन जयपुर सीरियल ब्लास्ट का मामला एनआईए को ट्रांसफर नहीं किया गया।

प्रेस वार्ता के दौरान सांसद रामचरण बोहरा, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, ग्रेटर नगर निगम जयपुर महापौर सौम्या गुर्जर, उपमहापौर पुनित कर्नावट व प्रदेश मीडिया सह-संयोजक अशोक सिंह शेखावत मौजूद रहे।

# जयपुर को दो जिलों में नहीं बांटने के समर्थन में कैंडल मार्च 17 अप्रैल को



**'म्हारो जयपुर- प्यारो जयपुर' अभियान से जुड़े जयपुर के प्रबुद्धजनों की बैठक शनिवार को तिलक नगर में संपन्न हुई।**

- **स्टेच्यू सर्किल पर भारी तादाद में भीड़ जुटाकर सरकार के समक्ष मांग उठाएंगे प्रबुद्धजन**
- **गोविंददेवजी के मंदिर में आज प्रार्थना सभा होगी, जहां इस मुहिम से आमजन को जोड़ा जायेगा**

**जयपुर** (कासं)। 'म्हारो जयपुर- प्यारो जयपुर' अभियान से जुड़े जयपुर के प्रबुद्धजनों की बैठक शनिवार को तिलक नगर में संपन्न हुई। जहां निर्णय हुआ कि 17 अप्रैल को स्टेच्यू सर्किल पर विशाल कैंडल मार्च निकालकर जयपुर में दो जिले बनान का पुरजोर विरोध किया जायेगा। इस आंदोलन के जरिये मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मांग की जायेगी कि, जयपुर शहर को एक ही रहने दिया जाये। यह जानकारी अभियान से जुड़े सुनील कोठारी ने दी।

कोठारी ने बताया कि यह अभियान राजस्थान विधानसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जयपुर को दो हिस्सों में बाँटने की घोषणा के बाद शुरू किया गया था, जिसमें जयपुर के सभी राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और आध्यात्मिक संगठनों ने एकजुटता से सरकार के इस निर्णय पर असहमति जताई। इन संगठनों ने निर्णय लिया था कि जयपुर के सभी जन प्रतिनिधियों से मिलकर उन्हें ज्ञापन देकर जयपुर को एक रखने, जयपुर की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को ना बंटने देने का आग्रह करेंगे। सरकार की ओर से अभी तक इस विषय पर कोई सकारात्मक जवाब नही आने के कारण इस अभियान को अब अब जनता के बीच के जाने का निर्णय आज की इस बैठक में किया गया है । अभियान की अगली कड़ी 9 अप्रेल को प्रातः 10 बजे गोविंददेवजी के मंदिर में प्रार्थना सभा होगी। जिसमें जनता को जोड़ा जाएगा और उसके बाद जयपुर को एक रखने के समर्थन में लोगों से हस्ताक्षर अभियान भी प्रारम्भ किया जाएगा।

शनिवार की बैठक में सुनील कोठारी, ज्योति खंडेलवाल, सुरेश मिश्रा, जितेंद्र सिंह शेखावत, सुभाष गोयल, ललित सांचौरा, रवि नैयर, विमल अग्रवाल, राजीव सक्सेना और सूरजभान सिंह आमेरा समेत कई लोग मौजूद थे।

# पचपदरा की घटना प्रदेश को शर्मसार करने वाली है : सी. पी. जोशी

- **मुख्यमंत्री के संभाग में दुष्कर्म की घटना से सवाल खड़ा होता है कि सरकार किस काम की है? : डॉ. सतीश पूनियां**
- **'सरकार को चाहिए कि तत्काल दोषियों को सख्त सजा फास्ट-ट्रैक के जरिए मिले और पीड़िता के परिवार को संबल मिले'**
- **यह घटना गहलोत शासन के जंगलराज का जीता जागता प्रमाण है : राजेन्द्र राठौड़**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने वक्तव्य जारी कर कहा कि बालोतरा में एक दलित विवाहित महिला के साथ दुष्कर्म करना व उसके पश्चात् आरोपी द्वारा उसके ऊपर एसिड डालकर जलाने का कार्य करना, जिसके बाद सरकार की लापरवाही के कारण व उस पीड़ित महिला को उचित इलाज न मिल पाने के कारण अपनी जान गँवाना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। आए दिन आ रही ऐसी घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राजस्थान में महिलाएँ सुरक्षित नहीं है उनका घर से निकलना दूभर हो चुका है और तो और ऐसी घटनाओं के बाद प्रशासन का इसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करना सरकार की लचर कानून व्यवस्था को प्रदर्शित करता है।

सीपी जोशी ने कहा कि बालोतरा में ब्लड यूनिट नहीं थी तो महिला को तत्काल जोधपुर रैफर क्यों नहीं किया गया। महिला की मौत की जिम्मेदार कोई है तो राजस्थान की कांग्रेस सरकार है। गहलोत सरकार पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी और मुआवजा दे।

भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने पचपदरा घटना पर बयान जारी कर कहा कि, पचपदरा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ जिस तरीके से दुष्कर्म की घटना हुई, एसिड से जलाकर मारा गया, यह पराकाष्ठा है कि किस तरीके से राजस्थान की मातृशक्ति पर एक चुनौती खड़ी हुई है। जिस तरीके से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जो गृहमंत्री भी हैं, उन्हीं के संभाग में यह घटना होती है, तो सवाल खड़ा होता है कि सरकार किस काम की है। मुझे लगता है कि मुख्यमंत्री संवेदनहीनता की पराकाष्ठा को लांघ चुके हैं। मुझे लगता है कि इस पूरी घटना की जितनी निंदा की जाए कम है, सरकार के पाप धुलेंगे नहीं, सरकार को चाहिए कि तत्काल दोषियों को सख्त सजा फास्ट-ट्रैक के जरिए मिले और पीड़िता के परिवार से राज्य सरकार संवाद कर उन्हें संबल दे।

वही भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां पचपदरा थाना क्षेत्र की दुष्कर्म पीड़िता के परिवार को संबल और न्याय दिलाने की बालोतरा के सर्व समाज की मुहिम को समर्थन देने और अपराधियों को सख़्त सजा दिलाने की माँग पर 9 अप्रैल बालोतरा पहुँचेंगे।

इस मामले में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि पचपदरा की लोमहर्षक घटना सरकार के माथे पर कलंक है और गहलोत शासन के जंगलराज का जीता जागता प्रमाण है। राज्य सरकार को तत्काल प्रभाव से आरोपी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई तथा महिला के परिजनों को मुआवजा राशि दी जानी चाहिये।

राठौड़ ने कहा कि अस्पताल में महिला जिंदगी व मौत की जब जंग लड़ रही थी उस समय घटना के 24 घंटे तक भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की और अस्पताल के बाहर भी पुलिस परिजनों को प्रताड़ित कर उनके साथ दुर्व्यवहार कर रही थी। अनिवार्य व ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने का दंभ भरने वाली गहलोत सरकार का असली चेहरा सबके सामने आ गया है।

राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने राजस्थान के पचपदरा में दलित विवाहिता के साथ हुई घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। सांसद दीया कुमारी ने कहा इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला कृत्य सम्पूर्ण प्रदेश की छवि पर दाग है।

# जवाहर कला केंद्र में स्थापना दिवस समारोह शुरु

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र के स्थापना दिवस के 30 वर्ष पूर्ण होने पर कला प्रेमियों में जो उमंग और उत्साह है उसकी चमक 8 अप्रैल, शनिवार को केंद्र प्रांगण में उगे सूरज की आभा में साफ नज़र आयी। लोक नृत्य, कठपुतली, बहुरूपिया कलाकारों की प्रस्तुति, सुरीले स्वर और नगाडा-शहनाई की धुन से केंद्र गूंज उठा।

तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ गायत्री राठौड, प्रमुख शासन सचिव, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार ने डूडल वॉल पर शुभकामना संदेश लिखकर किया। उन्होंने बच्चों के साथ केक काटकर बधाई दी। उन्होंने चित्र संग्रह प्रदर्शनी, फोटो प्रदर्शनी और स्टोरी टेलिंग कार्यशाला एवं मृणशिल्प (मोलेला पोट्री) कार्यशाला का अवलोकन करने के साथ भागीदारी भी निभाई। गायत्री राठौड ने कहा कि जवाहर कला केंद्र देश का प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र बनकर उभरा है। कलाकारों ने यहां से शुरुआत कर अहम मुकाम हासिल किए हैं। प्रदेश की लोक कला और संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं को उनसे जोडने वाली गतिविधियों का भी यहां आयोजन किया जा रहा है। हर विधा के कलाकारों को यहां मंच प्रदान किया जाता है। इस दौरान उर्दू अकादमी के अध्यक्ष डॉ. हुसैन रजा खाँ, जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत, क्यूरेटर लतीफ उस्ता अन्य प्रशासनिक अधिकारी व कला अनुरागी मौजूद रहे।

# सड़कों पर उतरे अभिभावक

**जयपुर** । शनिवार को राजधानी जयपुर के अभिभावक शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला को ज्ञापन देने उनके सरकारी निवास पर पहुंचे, संयुक्त अभिभावक संघ ने शुक्रवार को बीडी कल्ला से अभिभावकों का पक्ष रखने के लिए समय मांगा था, जिस पर स्वयं शिक्षा मंत्री ने शनिवार सुबह 9 बजे का समय दिया था, किंतु अभिभावकों के पहुंचने से पहले ही शिक्षा मंत्री जयपुर से बीकानेर के लिए रवाना हो गए, जिससे अभिभावक आक्रोशित हो गए लेकिन संयम बरतते हुए अभिभावकों ने मंत्री आवास पर तैनात पुलिसकर्मी दीनदयाल से वार्तालाप की और ज्ञापन की कॉपी उन्हे दी, जब शिक्षा मंत्री से मुलाकात नही हुई तो सभी अभिभावक राज्यमंत्री जाहिदा खान के गांधी नगर आवास पर पहुंचे किंतु वहां पर भी मंत्री से मुलाकात नही हुई तो उसके बाद संयुक्त अभिभावक संघ ने ज्ञापन की कॉपी बीकानेर ही पहुंचा दी। संघ की बीकानेर टीम ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर प्रदेशभर के अभिभावकों की मांगों को लेकर तैयार ज्ञापन को मंत्री के हाथों में सौपा और जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की।

# हम विश्व मंगल साधना के मौन पुजारी हैं : डॉ. मोहनराव भागवत

- **'हमें विश्व मंगल के लिए काम करना है। इसलिए काम करने वालों का बड़ा समूह खड़ा करना है'**

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने कहा कि संगठित कार्य शक्ति हमेशा विजयी रहती है। हम विश्व मंगल साधना के मौन पुजारी हैं। इसके लिए सामर्थ्य-सम्पन्न संघ शक्ति चाहिए, क्योंकि अच्छा कार्य भी बिना शक्ति के कोई मानता नहीं है, कोई देखता नहीं है। यह विश्व का स्वभाव है।

डॉ. भागवत शनिवार को जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ में चल रहे सेवा संगम के दूसरे दिन देशभर से आए सेवा भारती के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संघ की प्रार्थना में ''विजेत्री च नः संहता कार्यशक्तिर्विधायास्य धर्मस्य संरक्षणम्। परं वैभवं नेतुमेतत् स्वराष्ट्रं'' ऐसा कहा गया है। संगठित कार्य शक्ति हमेशा विजयी रहती है। धर्म का सरंक्षण करते हुए हम राष्ट्र को परम वैभव सम्पन्न बनाएंगे। उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरणा से स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य किए। इनसे ही सेवा भारती का जन्म हुआ। सेवा का कार्य सात्विक होता है। फल की इच्छा नहीं रखकर किए जाने वाले कार्य सात्विक होते हैं। जो कार्य स्वार्थवश किए जाते हैं, वे राजसी कार्य होते हैं। तामसिक कार्य भी होते हैं, ऐसा करने वाले अपना भी भला नहीं करते और दूसरों का भी नुकसान करते हैं। सेवा का लाभ सेवित और सेवक दोनों को होता है। सेवक निस्वार्थ बुद्धि से सेवा करते हैं। उन्होंने निस्वार्थ सेवा पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ता कार्य के स्वभाव के साथ तन्मय होता है, तब कार्य होता है। कार्य के अनुरूप कार्यकर्ता हो, ऐसी समझ हमें विकसित करनी है। सेवा कार्य मन की तड़पन से होते हैं। हमें विश्व मंगल के लिए काम करना है। इसलिए काम करने वालों का बड़ा समूह खड़ा करना है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का प्रबोधन करते हुए कहा कि कार्य करने के लिए कार्यकर्ता में रुचि, ज्ञान और भान होना आवश्यक है। हमें जय-जय नहीं करनी है और ना ही करानी है। जो सबने मिलकर तय किया उसको मानना और असहमत होते हुए भी कार्य सफल करना कार्यकर्ता का स्वभाव होना चाहिए। सेवा कार्य में जोश से ज्यादा होश की आवश्यकता रहती है।

सेवा का काम डॉ. हेडगेवार की जन्म शती से नहीं, उनके जन्म से शुरू हुआ। संघ की स्थापना तक डॉ. हेडगेवार ने भी बहुत सेवा कार्य किए। आपदा प्रबंधन भी किया। पीड़ितों की सेवा भी की। इसी का प्रतिबिंब संघ के कार्यक्रमों में आया और जगह जगह होने वाले सेवा कार्यों को सेवा भारती के रूप में व्यवस्थित रूप दिया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा के लिए उपयुक्त एवं उत्कृष्टतापूर्ण कार्यकर्ता बनने का संकल्प लेने का आव्हान किया।


कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय **राजस्थान आवासन मण्डल**
अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id : dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक : DHC-II/3383 दिनांक : 29-03-2023
**जाहिर आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या- एस-10, सेक्टर-10, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 16.20 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री इन्द्र सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 61 दिनांक 27.04.1995 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 13.07.1995 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र कमांक 3296 दिनांक 05.11.1998 के द्वारा श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री इन्द्रसिंह के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 12.11.1998 को करवाया गया। श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री इन्द्रसिंह द्वारा भूखण्ड का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री गुरु चरण जीत खुराना पुत्र श्री जमयत लाल खुराना को कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त भूखण्ड के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयन जयपुर में दिनांक 28.12.1998 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री गुरू चरण जीत खुराना की मृत्यु दिनांक 30.09.2015 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती ज्योति खुराना पत्नी स्व. श्री गुरु चरण जीत खुराना ने मृत्यु पश्चात नाम एवं लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती ज्योति खुराना पत्नी स्व. श्री गुरू चरण जीत खुराना के पक्ष में उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबंधक- वृत द्वितीय, जयपुर


# ''राइट टू हैल्थ'' बिल पर सरकार को झुकाने वाले निजी चिकित्सकों ने अपनी जीत का जश्न मनाया




**''राइट टू हैल्थ'' बिल पर अशोक गहलोत की सरकार को बैकफुट पर लाने के बाद शनिवार को आंदोलनरत डॉक्टर्स ने जयपुर के जे.एम.ए. लॉन में विजय उत्सव मनाया। जहां राजस्थान में चले 17 दिन के मेडिकल इमरजेंसी आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डॉक्टर्स को प्राईवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर आंदोलन की अगुवाई कर रहे सोसाइटी के अध्यक्ष संजय आर्य, सचिव डॉ. विजय कपूर व उनकी पत्नी डॉ.अंशु कपूर समेत प्रदेशभर के डॉक्टर्स मौजूद रहे।**



**इस मौके पर सोसाइटी के सचिव डॉ.विजय कपूर व खजांची डॉ. राकेश कालरा ने आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर डॉ.अंशुल शाह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।**


## खोया पाया

मेरे आवास संख्या 30/22/6, मानसरोवर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र कहीं खो गए है मिलने पर सूचित करें- चंद्रकांत रुंगटा पुत्र स्व. बनवारीलाल रुंगटा 9460636448

मेरे प्लाट नं. आर-41, सेक्टर-24, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का आवंटन पत्र क्रमांक 1944 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 1380 कहीं खो गया है। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो. 7230030440

विकसित भूखण्ड संख्या 8-एच-107 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर का मूल आवंटन पत्र एवं रजिस्ट्री के कागजात मूलही कहीं खो गये है। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो. 9461717070

भूखण्ड संख्या ए-82, मालवीय नगर जयपुर का मूलआवटन, कब्जापत्र, लीजमुक्ति प्रमाणपत्र जो श्री ओमकैलाश चौहान के नाम से है जो निवासस्थान से सत्कार शोपिंग सेन्टर के बीच कही गिर गये, मिलने पर सूचित करें। 9799955057

## नाम परिवर्तन

मेरा नाम सभी दस्तावेजों में कैलाश चन्द्र जाट पुत्र छीगन लाल जाट है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम कैलाश चन्द जाट अंकित हो गया था जो अशुद्ध है। मेरा नाम कैलाश चन्द्र जाट पुत्र छीगन लाल जाट, छिगन की कोठी, सरनाचौड, झोटवाडा, जयपुर राजस्थान 302012 सही है।

मैंने अपना नाम Langalia Nancy पुत्री Langalia Nilesh निवासनी 27-D, फ्लैट न.401, धर्म नगर, बदरवास, जयपुर से बदलकर Nancy Soni रख लिया है भविष्य में मुझे Nancy Soni के नाम से जाना पहचाना जावें।

मैंने अपना नाम Sugandha Kakkar (सुगंधा कक्कड़) से बदलकर Sugandha Kacker रख लिया है भविष्य में मुझे Sugandha Kacker W/o अमर सिंह कक्कड़ B-56, त्रिवेणी नगर, जयपुर के नाम से जाना जाये।

I have changed my name from Gopal Lal Gujar S/o Ramu Lal Gujar to Gopal Lal Gurjar S/o Ramu Lal Gurjar for all purposes R/o Village Rampura Post Papad Teh. Jamwaramgarh Jaipur (Raj.)



नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# जयपुर में 46 नए करोना संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

- **प्रदेश के 14 जिलों में 137 नए मरीज सामने आए**

जयपुर । प्रदेश में करोना संक्रमण तेजी से पांव पसार रहा है। शनिवार को जयपुर जिले में सबसे ज्यादा 46 नए संक्रमित रोगी मिले, जबकि प्रदेश के 14 जिलों में रोगियों का यह आंकड़ा 137 पर रहा। चिंताजनक बात यह है कि मात्र 1781 लोगों के सैंपल्स में यह मरीज सामने आये हैं। जबकि शुक्रवार को 3423 लोगों के सैंपल्स में 122 रोगी मिले थे।

चिकित्सा विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को जयपुर में 46, जोधपुर में 17, उदयपुर और अजमेर में 15-15 तथा अलवर में 11 नए मरीज मिले है। इसके अलावा झालवाड़ में 9, सिरोही में 7, बीकानेर में 5, चूरू में 4, टोंक में 3, चितौड़गढ़ में 2 तथा कोटा, दौसा व बूंदी में 1-1 रोगी मिले हैं। चिकित्सा विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को प्रदेश में 23 कोविड रोगी रिकवर होकर घर लौटे, ऐसे में प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 496 पर पहुंच गई है। अगर शुक्रवार और शनिवार के आंकड़े की तुलना करें तो एक ही दिन में 114 एक्टिव केस बढ़े हैं।

# विकास कार्यों की सौगात दी

**जयपुर।** भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने आमेर विधानसभा क्षेत्र में आमेर शहर में विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी।

डॉ. पूनियां ने वार्ड नं. 4 में नाई की थड़ी स्टैण्ड से न्यू कॉलोनी तक सीसी सड़क निर्माण कार्य, न्यू कॉलोनी, गोल्डन कॉलोनी, शांति नगर, न्यू कोलॉनी स्टैण्ड में ट्यूबवेल का लोकार्पण किया।

# 'महालक्ष्मी एनक्लेव' में बिल्डर की गड़बड़ी लेकिन जे.डी.ए. सबूत मांग रहा है पीड़ित से

## बिल्डर ने निजी खातेदारी की इस स्कीम में भूखंड और सड़कें छोटी करके जे.डी.ए. से नक्शा संशोधित करवाया, शिकायत हुई तो अब खुद की गलती छिपाने का प्रयास कर रहे हैं अफसर

- भांकरोटा के ग्राम नीमेड़ा में 'महालक्ष्मी एन्क्लेव' योजना में 40 फीट की सड़क और कई प्लॉट की चौड़ाई घटाने का मामला
- जेडीए उपायुक्त-12 ने आपत्तिकर्त्ता प्लॉट मालिक रमेशचंद शर्मा को मात्र एक दिन का वक्त देते हुए जवाब मांगा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । भांकरोटा के ग्राम निमेड़ा की 'महालक्ष्मी एन्क्लेव' योजना में भूखंड़ और सड़क की जमीनें दबाकर बिल्डर अब संशोधित स्कीम जेडीए से अनुमोदित करवाना चाहता है। जेडीए के अफसरों को भी इस योजना के अनुमोदन की इतनी जल्दी है कि वह आपत्ति करने वाले प्लॉटधारकों को जवाब देने का मौका भी नहीं देना चाहते। जबकि जेडीए उपायुक्त से लेकर तमाम अधिकारियों को इस गड़बड़ी की और सबूत हैं, फिर भी बिल्डर को गलती को छुपा कर पीड़ित से ही सबूत मांगे जा रहे हैं। ताज्जुब की बात यह है कि पीड़ित प्लॉट मालिक को मात्र 1 दिन का समय देते हुए 10 अप्रैल को सभी साक्ष्य जेडीए प्रशासन के समक्ष पेश करने का फरमान सुनाया गया है।




सूत्रों की मानें तो निजी खातेदारी स्कीम 'महालक्ष्मी एन्क्लेव' में प्लाट होल्डर ने बिल्डर के खिलाफ वैशालीनगर थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा भी दर्ज करा रखा है। ऐसे विवादित मामले में भी जेडीए उपायुक्त प्रवीण अग्रवाल ने शिकायतकर्ता रमेशचंद्र शर्मा की आपत्ति पर जांच करने के बजाय उल्टा उसी से बिल्डर के खिलाफ सबूत मांग लिए।

पीड़ित रमेशचंद्र शर्मा ने बताया कि अजमेर रोड पर भांकरोटा के ग्राम नीमेडा में वर्ष 1996 में निजी खातेदारी की योजना 'महालक्ष्मी एन्क्लेव' सृजित की गई थी। वर्ष 2009 में बीपीसी से इसके नक्शे पारित कर स्कीम स्वीकृत करा ली थी। इस योजना का नियमन करा कर लीज डीड भी जारी हो गई थी। बिल्डर ने जोन-12 में मिलीभगत कर संशोधित नक्शे पेश कर दिए। इसमें सड़क की चौड़ाई 40 फीट से घटा कर 30 फीट कर दी। साथ ही भूखंडधारियों को दिए गए प्लॉट छोटे कर दिए। इसके साथ ही वहां पर अतिरिक्त प्लाट सृजित कर दिए गए। जेडीए के अमीन, तहसीलदार एटीपी व जेईएन ने भी इस गड़बड़ को नहीं पकड़ा। उन्होंने नक्शे संशोधित कर जोनल लेवल मीटिंग कर संशोधित नक्शे स्वीकृत करा लिए। साथ ही आपत्ति देने की सार्वजनिक सूचना भी छपवा ली।

इस बीच ग्राम नीमेडा के ही प्लाट नंबर 443 के भूखंडधारी रमेशचन्द शर्मा को इस गड़बड़ी की जानकारी मिली तो उसने जोन उपायुक्त प्रवीण अग्रवाल के समक्ष लिखित में आपत्ति पेश की। इसमें बताया कि उसका प्लॉट नंबर 443 पूर्व में 355 वर्गगज का था, जो बाद में घटा कर 337.77 वर्गगज का कर दिया। साथ ही सड़क की चौड़ाई भी घटा कर 40 से 30 फीट कर दी। उसका कहना था कि बिल्डर ने सभी प्लाट होल्डर के साथ धोखाधड़ी कर उनके भूखंड छोटे कर दिए हैं। इसमें भूखंडधारियों की सहमति भी नहीं ली गई। बिल्डर ने प्लॉट छोटे कर अतिरिक्त भूखंड सृजित कर दिए, जो प्लाट होल्डर के साथ धोखाधड़ी है। इस आपत्ति के बाद जेडीए ने पीड़ित को स्पीड पोस्ट से सूचना भेजी है कि वो 10 अप्रैल को उपस्थित होकर अपना सबूत रिकॉर्ड समेत पेश करें। साधारणतया जवाब देने के लिए 7 दिन का समय दिया जाता है, लेकिन जेडीए के अधिकारी इस स्कीम को संशोधित कर नियमन शिविर लगाने की इतनी जल्दी में है कि उसे जवाब देने के लिए मात्र एक दिन का समय दिया है। उसने सबूत समेत आपत्ति दी है इसके बाद भी जेडीए के अधिकारी पीड़ित से सबूत मांग रहे हैं वो भी एक दिन में।

इस मामले में जोन उपायुक्त प्रवीण कुमार का कहना है कि आपत्तिकर्ता रमेशचंद्र शर्मा ने जो आपत्ति की है, उसके बारे में रिकॉर्ड पेश करने को कहा गया है, जिससे पीड़ित को राहत दिलाई जा सके।

# डॉ. शरद गोधा ने साझा की कचरा प्रबंधन की तकनीक

**जयपुर** (कासं)। कृषि विभाग के सेवानिवृत निदेशक डॉ. शरद गोधा ने 'कचरा प्रबंधन' की तकनीक तलाशी है। रसोईघर से निकलने वाले कचरे, प्लास्टिक की थैलियों, रद्दी कागज, गत्ते व डिब्बे का उपयोग बतौर खाद पांच क्रोटोन के पौधों में किया है।

शनिवार को डॉ. शरद गोधा ने पिंकसिटी प्रेस क्लब में मीडिया से रूबरू होकर घरेलू कचरे के निस्तारण और प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीक साझा की। उन्होंने बताया कि इस तकनीक को जानने के लिए जो भी इच्छुक होगा, उसे सार्वजनिक तौर पर इसे बताया जायेगा।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में घरों से निकलने वाले गीले-सूखे कचरे, प्लास्टिक पाऊच व थैलियों, लोहे के टुकड़े व कागज के गत्ते जैसे कचरे के कारण पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। इस कचरे का निस्तारण बड़ी चुनौती है।

डॉ. गोधा ने बताया कि पिछले 4 माह से तकनीकी रूप से मैंने कचरे का प्रबंधन करते हुए यह तकनीक विकसित की है। घरेलू कचरे का उपयोग करके मैंने अपने घर की छत पर सुंदर बगीचा विकसित किया है। इस बगीचे में लौकी, तुरई, टिण्डे, करेला, भिंडी, ग्वारफली, पालक, मैथी और धनिया उगाया है। साथ ही रात की रानी, जूही, चमेली, कोटोन व कई सजावटी पौधे भी गमले व प्लास्टिक के कट्टों में लगाए हैं।

## सार-समाचार

### सर्व ब्राह्मण महासभा ने नियुक्तियां की



**जयपुर** (कासं)। सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर शहर ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये जयपुर शहर में विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किये। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा के निर्देशानुसार जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत ने अपनी जयपुर शहर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये सिविल लाईन विधानसभा अध्यक्ष के पद पर अरविन्द कौशिक, विधाधर नगर विधानसभा अध्यक्ष के पद पर नीरज शर्मा, झोटवाड़ा विधानसभा अध्यक्ष के पद पर मेहरचंद शर्मा को 2 वर्ष के लिए नियुक्ति देकर नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर विधि प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट कमलेश शर्मा, युवा जयपुर संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, युवा जयपुर शहर अध्यक्ष अविकुल शर्मा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### यज्ञ की पूर्व संध्या पर महाआरती

**जयपुर** (कासं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में विकासनगर समन्वय समिति की ओर से दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस हाईवे के पास स्थित श्री राधे गोविंद शिव मंदिर में रविवार, 9 अप्रेल को सुबह आठ बजे से पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओ ने मंदिर और बाहर श्रमदान किया। सुबह मंदिर से प्रभातफेरी निकाली गई। गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने ज्ञान यज्ञ की ज्योति जलाने हम घर-घर में जाएंगे, नया सवेरा नया उजाला इस धरती पर लाएंगे जैसे उद्घोष करते हुए कॉलोनी के विभिन्न मार्गो में होते हुए अलख जगाई। शनिवार शाम को 251 दीपकों से महाआरती की गई। विकासनगर समन्वय समिति के अध्यक्ष हाकिम सिंह ने बताया कि यज्ञ में समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल होकर आहुतियां अर्पित कर सकेंगे। यज्ञ में बैठने का कोई टोकन नहीं है। यज्ञ पूरी तरह निशुल्क है। यज्ञ गायत्री परिवार के उप जोन गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की महिला टोली संपन्न करांएगी।कार्यक्रम संयोजक मनोज पारीक ने बताया कि विकासनगर समन्वय समिति के अध्यक्ष हाकिम सिंह, सचिव राजेन्द्र धानोतिया, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, मंदिर के पुजारी पं. श्याम सुंदर चतुर्वेदी, गोपाल पारीक ने शनिवार को तैयारी को अंतिम रूप दिया।

### टेनिस के खिलाड़ियों की नीलामी आज

**जयपुर** । डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग के तृतीय संस्करण में खिलाड़ियों की नीलामी रविवार को होटल बेलाकासा में होगी। प्रतियोगिता के पेट्रोन डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में यह आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को आइकन, प्रीमियर, प्लेटिनम, ईमेराल्ड, डायमंड और स्टार कैटेगरी में वर्गित किया है। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि द्वितीय संस्करण में सीनियर वर्ग में बारां टीम और जूनियर वर्ग में चार टीमें भाग लेंगी । लीग सेक्रेटरी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि सीनियर वर्ग में थापर टाइटंस एसएमएस रैकवेटर्स, एसएमएस टोरपेडो, मलोत वॉरियर्स, स्पोर्टी डॉक शूटर्स, केडिया हॉटशोट्स, मेडिस्किन रॉयल्स, आरजे 13 किंग्स, मोविश स्मैशर्स, द नी राइडर्स, शूटर्स स्टार्स और एसआरके हॉस्पिटल अवेंजर्स टीमें भाग लेंगी। डॉ. दीपाली पाठक ने बताया कि जूनियर वर्ग में जयपुर गैस्ट्रो किंग्स, केडिया होटशॉट्स, पीयूष हॉस्पिटल नाइटराइडर्स और फोर डी डायगनॉशटिक्स टीमें भाग लेंगी। लीग के कोचेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि सभी वर्गों में ओपन सिंगल्स और डबल्स दबंग और मलंग प्रतियोगिता भी होगी। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. सुधांशु शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट 19 अप्रैल से 23 अप्रैल को जयपुर क्लब में आयोजित किया जायेगा।

### संस्कृत विवि.का दीक्षांत समारोह कल

**जयपुर** । जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय का पांचवां दीक्षांत समारोह 10 अप्रैल को होगा। दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने बताया कि समारोह राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में होगा। राज्यपाल 16 प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे। शास्त्रों में शोध कर चुके 14 शोधार्थियों को भी राज्यपाल विद्यावारिधि उपाधि प्रदान करेंगे। दुबे ने बताया कि राज्यपाल चार विशिष्ट लोगों को उनके महत्त्वपूर्ण अवदान के लिए डीलिट और पीएचडी की मानद उपधियां प्रदान करेंगे। दिल्ली के श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुरलीमनोहर पाठक और जयपुर महानगर टाइम्स के संस्थापक संपादक गोपाल शर्मा को डीलिट की मानद उपाधि दी जाएगी। वहीं, जाने-माने शिल्प शास्त्री अनूप बरतरिया और इंटरनेशनल शूटर अपूर्वी चंदेला को पीएचडी की मानद उपाधि दी जाएगी।

### प्रबंध कमेटी के चुनावों की घोषणा

**जयपुर** । अखिल भारतीय सारस्वत ब्राह्मण धर्मशाला, प्रबंध कमेटी पुष्कर के पदाधिकारियों के चुनाव 24 और 25 जून को पुष्कर में होंगे। संस्था के सचिव जगदीश प्रसाद कायल मेडता ने बताया की शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में यह घोषणा की गई। कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य मोतीलाल ओझा ओसियां ने बताया की सर्व सम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार सुचारु रूप से चुनाव करने के लिए भगवानाराम सारस्वत नागौर, किशनलाल सारस्वत जयपुर, विजय सारस्वत उदयपुर, गोपाल ओझा जोधपुर, नथमल सारस्वत नागौर, सुनील उपाध्याय पीपाड़ सिटी, योगेंद्र ओझा अजमेर, सुशांत सारस्वत अजमेर भरत ओझा नागौर ,को संस्था के अध्यक्ष , सचिव और कोषाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। गौरतलब है ये चुनाव सात वर्ष बाद हो रहे है।

### मांगणियार गायन के साथ सजी शाम

**जयपुर**। जवाहर कला केंद्र स्थापना दिवस समारोह के पहले दिन की शाम रंगायन सभागार में मांगणियार गायन के साथ सजी। मज़ूर खान व ठुप के सैंड ड्यून्स बैंड की प्रस्तुति ने श्रोताओं के दिलों पर छाप छोड दी। महफिल में राजस्थानी लोक गीतों के साथ सूफी तराने भी गूंजे। खास बात यह रही कि दंगल मूवी सॉन्ग फेम सरवर खान व सरताज खान मांगणियार ने सभी गीतों में साथ देने के साथ हानिकारक बापू व अन्य गीत गाए। कबीर दासजी के भजन ना जाने तेरा साहिब कैसा के साथ प्रस्तुति की शुरुआत हुई। फिर गोरबंद, झिरमिर बरसे मेह, लोरी गूंज उठे। सरवर और सरताज ने हानिकारक बापू गाकर श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा। इसके बाद केसरिया बन्ना, सूफी अंतरा बहार की खबर, निंबूडा गाकर सभी ने दाद बटोरी। छाप तिलक और दमादम मस्त कलंदर गीत के साथ माहौल सूफियाना हो गया। दादा खान और तालब खान ने गायन किया जबकि मंजूर खान ने ढोलक, खड़ताल पर जस्सू खान और ढोल पर हारुन खान ने संगत की।

## संक्षिप्त

### चित्रकूट में कॉलेज छात्रा से मारपीट

**जयपुर** (कासं)। चित्रकूट इलाके में एक कॉलेज छात्रा से मारपीट के बाद तेजाब फेंकने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार झोटवाड़ा निवासी 19 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि वह 6 अप्रैल की सुबह कॉलेज की बस में सवार होकर परीक्षा देने जा रही थी। इस दौरान 200 फ़ीट बायपास पर शुभम शेखावत ने बस के आगे कार लगा कर रुकवा दी। आरोप है वह अपने 8-10 साथियों के साथ कॉलेज बस में घुसा और उससे मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के बाल पकडकर खींचे और सबके सामने तेजाब फेंक जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### बुजुर्ग के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर** (कासं)। जवाहर सर्किल इलाके में बाइक सवार बदमाश एक बुजुर्ग व्यक्ति की सोने की चेन तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया 14/70, मालवीय नगर निवासी रामप्रकाश शर्मा (60) गुरुवार देर शाम घर के बाहर खड़े थे। इस दौरान बाइक सवार बदमाश गले पर झपट्टा मार सोने की चेन तोड ले गए। वहीं, जवाहर सर्किल इलाके में होटल रेडिशन ब्लू के पास बाइक सवार बदमाश हेतराम मीणा का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस मामलों की जांच में जुटी है।

### दुष्कर्म कर युवती को धमकाया

**जयपुर** (कासं)। कालवाड़ इलाके में एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 25 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है। आरोप है हेमंत यादव ने कुछ दिन पहले जबरन शारीरिक संबंध बनाए और धमकी दी कि इस घटना के बारे में पुलिस को बताया तो दोनों टांगे तोड़ देगा। वहीं अब ब्लैकमेल कर रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं झोटवाड़ा थाना पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के मामले में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार आरोपित विश्वेन्द्र सिंह उर्फ़ विष्णु (18) सोनगांव थाना डीग, भरतपुर का रहने वाला है।

### दुकानदार से मोबाइल छीना

**जयपुर** (कासं)। कालवाड़ इलाके में बाइक सवार बदमाश एक दुकानदार का मोबाइल छीन ले गए और बाद में उसके खाते से 1.20 लाख रूपए निकाल लिए। पुलिस ने बताया श्रीराम नगर, झोटवाड़ा निवासी अजय भारद्वाज की हाथोज में किशोरपुरा रोड पर दुकान है। घटनाक्रम के अनुसार 6 अप्रैल को दो युवक दुकान पर आए और फोन पे करवाने के लिए कहा, इस दौरान उसका मोबाइल छीन कर भाग गए। इसके बाद मोबाइल से ऑनलाइन 1.20 लाख रूपए निकाल लिए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सड़क निर्माण से राह सुगम होगी : लाहोटी



विधायक डॉ. अशोक लाहोटी ने मानसरोवर के सेक्टर-6 में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर विधायक डॉ. अशोक लाहोटी ने मानसरोवर के सेक्टर-6 में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यहां पिछले कई सालों से क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण लोग परेशानी झेल रहे थे।

लाहोटी ने बताया कि सेक्टर48 के पार्क में सौंदर्यकरण व इंटरलॉक टाइल्स भी लगाई जायेंगी। लाहोटी ने बताया कि सेक्टर-6 एस.एफ.एस. मानसरोवर में टूटी सड़कों के कारण आमजन को आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। यहां नई सड़क बनने से लोगों को सुगम राह मिलेगी। लाहोटी ने बताया कि इन सभी विकास कार्यो का शुभारम्भ भी स्थानीय निवासियों के द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर चेयरमैन अभय पुरोहित, आशीष शर्मा, पार्षद शक्ति प्रकाश यादव, मनोज तेजवानी, विकास समिति अध्यक्ष नाथावत, छत्तानी, वार्ड अध्यक्ष राजकुमार, समुद्र सिंह, दुसाद व विकास समितियों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# श्री चित्रगुप्त नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु

**जयपुर** (कासं)। श्री चित्रगुप्त क्लब, जयपुर के द्वारा श्री चित्रगुप्त नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट - 2023 का इडेन पार्क क्रिकेट स्टेडियम, जयसिंहपुरा, भांकरोटा में 7 अप्रेल को शाम 7 बजे से शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन श्री चित्रगुप्त क्लब के संरक्षक अनिल माथुर द्वारा क्लब संरक्षक एम. बी. माथुर को बल्लेबाजी के लिए पहली गेंद फेंक कर किया गया। साथ ही विजेता को दी जाने वाली ट्रॉफी का भी अनावरण किया गया। साथ ही ट्रस्ट के राधामोहन माथुर द्वारा सभी खिलाडियों को टी शर्ट प्रदान की गई।

समाज़ की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी व प्रबुद्धगण भी उपस्थित रहे। कायस्थ समाज़ के रणजी खिलाड़ी एवम कोच लवलेश माथुर ने भी उपस्थित होकर अपने अनुभवों के आधार पर कीमती गुर खिलाडियों को दी और सभी ने आयोजकों को धन्यवाद के साथ इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार प्रकट किया।

आज का मैच श्री चित्रगुप्त ज्ञान मंदिर और माथुर सभा टीम के मध्य खेला गया। जिसमें श्री चित्रगुप्त ज्ञान मंदिर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। जिसमें श्री चित्रगुप्त ज्ञान मंदिर टीम ने 20 ओवर में 3 विकेट खो कर 168 रन बनाये। जिसमें अंकित माथुर ने नाबाद रहते हुए ताबड़ तोड़ बल्लेबाज़ी करते हुए 13 चौकौ के साथ 50 गेंदों पर 73 रन बनाए। जिनका बखूबी साथ दिया रिषभ माथुर ने जिन्होंने, 4 चौकौ के साथ 50 गेंदों पर 46 रन बनाए।

जिसके जवाब में माथुर सभा टीम पीछा करते हुए 7 विकेट पर 145 रन ही बना सकी। जिसमें तन्मय भटनागर ने 5 चौकौ और 2 छक्कों के साथ 32 गेंदों पर 43 रन और मुदित माथुर ने 5 चौकौ के साथ 28 गेंदों पर 30 रन बनाए। इस मैच में श्री चित्रगुप्त ज्ञान मंदिर टीम के मोहित सक्सेना ने बेहतरीन गेंदबाज़ी करते हुए 4 ओवर में 25 रन देकर सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किये। इस प्रकार श्री चित्रगुप्त ज्ञान मंदिर टीम ने 23 रनों से विजय प्राप्त कर मैच को जीता।

# गीता कॉन्टेस्ट का परिणाम घोषित

**जयपुर** (कासं)। हरे कृष्णा मूवमेंट एवं कृष्ण भावनामृत सेंटर के सहयोग से आयोजित गीता कॉन्टेस्ट प्रतियोगिता का परिणाम शनिवार को घोषित हुआ। गीता कांटेस्ट कार्यक्रम समन्वयक सिद्ध स्वरूप दास ने बताया कि प्रतियोगिता में भगवत गीता यथारुप के अध्याय 13 से अध्याय 18 तक का अध्यन ऑनलाइन ज़ूम मीटिंग व स्कूल ऑफ गीता यूट्यूब चेनल द्वारा कराया गया, गीता कांटेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन 5 मार्च को हुआ।

उन्होंने बताया कि अनिरुद्ध चौधरी (बीसीए विद्याथी) को प्रथम पुरस्कार गीता रत्न के रूप में 25 हजार रुपये, मीनू अग्रवाल (ग्रहणी) एवं मुकेश कुमार प्रजापत (एमएससी मैथ्स विद्यार्थी) को द्वितीय पुरस्कार गीता भूषण के रूप में 5 हजार 500 रुपए एवं वसुधा वार्ष्णेय (बी कॉम विद्यार्थी) एवं रेणु सिंह राणा (अध्यापिका) को तृतीय पुरस्कार गीता के रूप में 2550 रुपये का दिया जाएगा।

इसके अलावा 50 सांत्वना पुरस्कार 1100 रुपए भी दिए जाएंगे। साथ ही विशेष आकर्षक ट्रॉफी एंड सर्टिफिकेट से नवाजेंगे। हर प्रतिभागी को प्रमाण पत्र दिए जायेंगे।

# 'पदोन्नति के अवसर बढेंगे'

**जयपुर** । प्राविधिक शिक्षा निदेशालय (प्रशिक्षण), जोधपुर में अधिकारी संवर्ग में पदोन्नति के अवसर बढेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संवर्ग के पुनर्गठन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान दी है। प्राविधिक शिक्षा निदेशालय (प्रशिक्षण) में निदेशक प्रशिक्षण का 1 पद, संयुक्त निदेशक प्रशिक्षण के 14, उप निदेशक प्रशिक्षण के 26, सहायक निदेशक प्रशिक्षण के 15 पदों सहित कुल 56 नवीन पद सृजित होंगे। इससे लंबे समय से पदों के अभाव में उच्च स्तर पर पदोन्नति नहीं पा रहे अधिकारियों को अवसर मिलेंगे।

# रामकथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**जयपुर** (कासं)। पानीपेच आरपीए रोड स्थित श्री शिव हनुमान मंदिर में चल रही कथा के समापन दिवस पर कथावाचक धनश्रीराम ने जब माता सीता की गोद में मुद्रिका डालने की कथा का रसपान कराया तो श्रोताओं ने तालियों से कथा में रंग भर दिया। भजन "राम जानकी बैठे है मेरे सीने में" को सुनते ही श्रोता भावुक हो उठे एवम जय जयकार की उद्घोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा के दौरान गरुड जी सुदर्शन चक्र व सत्यभामा के अभिमान को चूर करने की कथा, संजीवनी बूटी लाने की कथा, जग के बंधन काटने की कथा का जब श्रोताओं ने रसपान किया तो सभी श्रोता हनुमान जी की जय जयकार करने लगे। टीम 39 जहां चाह वहां राह जन कल्याण ट्रस्ट के सानिध्य में चल रही हनुमान कथा में विष्णु बियानी, मोहनलाल अग्रवाल , राजेंद्र कुमार सैनी, द्वारका प्रसाद जांगिड़, राम प्रकाश शर्मा, आनंद सिंह नरूका, नरेंद्र यादव एवम मनीष केडिया आदि ने अपनी सेवाएं दी।

# अग्निवीर भर्ती ऑनलाइन सीईई परीक्षा 17 से

**जयपुर** (कासं)। भारतीय सेना में भर्ती के लिए होने वाली ऑनलाइन सामान्य परीक्षा (सीईई 2023 ) 17 से 26 अप्रैल तक राजस्थान के नौ शहरो में कई परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी।

जिसमें अजमेर, अलवर, बीकानेर, हनुमानगढ, जोधपुर, जयपुर, कोटा, सीकर और उदयपुर शहर शामिल है । 17 से 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए जिन उम्मीदवारों ने ज्वाइन इंडियन आर्मी (जे.आई.ए.) की वेबसाइट पर सफलतापूर्वक पंजीकरण कराया था उनके प्रवेश पत्र इसी वेबसाइट पर भेज दिए गए हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है की अपने प्रवेश पत्र को डाउनलोड कर लें जिसमें परीक्षा केंद्र का पता है और प्रवेश पत्र में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें। ऑनलाइन सामान्य परीक्षा (सीईई) का संचालन भारतीय सेना द्वारा इस वर्ष की शुरुआत मे शुरू की गई एक बेहतर भर्ती प्रक्रिया के सफल कार्यान्वयन को दर्शाता है और भारतीय सेना द्वारा इस भर्ती प्रक्रिया के पूर्ण ऑटोमेशन की ओर एक कदम है।

# मुहाना मंडी में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह 11 अप्रैल को होगा




जयपुर फल-सब्ज़ी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष राहुल तंवर ने वाहन रैली का पोस्टर जारी किया।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर की सबसे बड़ी फल-सब्जी मंडी मुहाना में 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह आयोजित किया जायेगा। जयपुर फल व सब्ज़ी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष राहुल तवंर ने बताया कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मुहाना मंडी में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में मंडी के व्यापारी किसान मजदूर व विभिन्न समाजिक व राजनैतिक संगठनों से जुडत्रे व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। शनिवार को वाहन रैली के पोस्टर विमोचन भी किया गया । सैनी समाज सांगानेर की ओर से विशाल वाहन रैली आयेगी। रैली में सैकड़ों की संख्या में समाज बन्धु उपस्थित रहेंगे। पोस्टर विमोचन के दौरान माली समाज सांगानेर के अध्यक्ष गुरूशरण सैनी, सचिव मोहन लाल सैनी, माली महासभा सांगानेर के अध्यक्ष हनुमान सैनी, राहुल सैनी, युवा नेता सुरेश सैनी, सत्यनारायण सैनी, चंद्रेश परिहार व विक्की मावर मौजूद थे।

# इफ्तार पार्टी में बड़ी तादाद में पहुंचे रोज़ेदार

**जयपुर** (कासं)। संसार चंद्र रोड स्थित मीर कुर्बान अली दरगाह में हर साल की तरह 16वां रोजे के इफ्तार का प्रोग्राम आयोजित किया गया। इफ्तार में सैकडों की तादाद में लोग पहुंचे इफ्तार के बाद नमाज की अदायगी की गई। इस मौके पर हज कमेटी चेयरमैन व किशनपोल विधायक अमीन कागजी और अल्पसंख्यक मामलात विभाग के चेयरमैन और आदर्श नगर विधायक रफीक खान भी रोजा इफ्तार के प्रोग्राम में शिरकत करने के लिए पहुंचे। इस मौके पर दरगाह सज्जादा नशीन डॉ.सैयद हबीबुर्रहमान नियाजी ने कहा कि भारत की यही खूबसूरती है कि हर वर्ग को अपने धर्म को मानने की आजादी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत एक विश्व ताकत बनकर उभरे हर साल यहां पर रोज़ा इफ्तार में हिंदू-मुस्लिम सभी मजहब के लोग पहुंचते हैं और अपने तरफ से इफ्तारी में हिस्सा भी लेते हैं। हज कमेटी चेयरमैन अमीन कागजी ने कहा तो बेहद खुशी की बात है कि हर साल दरगाह मीर कुर्बान अली में बडी तादाद में रोजा इफ्तार का प्रोग्राम किया जाता है जिसमें हर वर्ग के लोग शिरकत करने पहुंचते हैं।



### Easter

Easter is considered one of the most important holidays in the Christian faith, and is typically observed with various customs, such as attending church services, taking part in Easter egg hunts, and sharing meals with loved ones. Easter Sunday, which is the main day of celebration, falls on the first Sunday following the first full moon after the vernal equinox, which marks the beginning of spring. The date of Easter can therefore vary from year to year, but it is always celebrated in the springtime.



# Salim The Man or Salim The Cricketer?

## Who will be missed more

I learned all my cricketing in Jamnagar and was lucky to make my Ranji Trophy debut for Saurashtra in 1953 when I was barely 18. I had seen Vinoo Mankad playing as a child and it was the dream of every cricketer then to emulate Mankad. He was my idol. This was the time when the Silver Jubilee Overseas team with many big names in cricket like Sir Frank Worrel was on a tour of India. This team played its matches in several cities including Jaipur & Rajkot.



Prakash Bhandari
*The writer is a senior journalist*

#GOOD BYE

Salim Durani was a great narrator and he was full of stories. A session with him revealed about his persona and his life. He did not minced word and called a spade a spade. He benefitted and ruined by many people, but he never had any ill will against anybody.

He narrated me numerous stories of his life- on and off the field which in today's world of entertainment with variants of cinema available could be made into a film.

He would take pride in one particular experience of his youth when he as a cricketer was about to make his mark.

Salim Durani narrated:

I learned all my cricketing in Jamnagar and was lucky to make my Ranji Trophy debut for Saurashtra in 1953 when I was barely 18. I had seen Vinoo Mankad playing as a child and it was the dream of every cricketer then to emulate Mankad. He was my idol. This was the time when the Silver Jubilee Overseas team with many big names in cricket like Sir Frank Worrel was on a tour of India. This team played its matches in several cities including Jaipur and Rajkot. I was a great admirer of Frank Worrel and the visiting team was playing a match at Rajkot which was some 60 miles from my hometown Jamnagar. The team was playing a three-day match at Rajkot and we friends decided to go to Rajkot everyday to watch the match.

### Kind Gesture

The distance between Jamnagar and Rajkot was some 95 km and travelling everyday was difficult. But as we were all very keen to watch the match, we decided to travel and return the same day. I was from an ordinary family and going to see a match for three days was a sheer luxury. But my mother, who was my inspiration as I was trying to make a mark in cricket somehow managed Rs five for me. There was an early morning train going from Jamnagar to Rajkot and this train would reach just before the match begins. The same train would bring us back.

During the match in which Vinoo Mankad was also playing I could see Frank Worrel in action. He used to bowl and bat with great ease and it was his batting that impressed me. He was a class apart and became my instant hero. For the two days, I could see him in action. During the two days during the match, I tried to see him close. But the players' enclosure was separated with barbed wires. But I could see Frank from a distance as he would sit in the pavilion watching the match. I had a deep desire to meet him, but reaching the pavilion from the general stand was not easy as the police would not allow. I had told my friends that I would meet Frank Worrel and they would laugh at me. But I was determined to meet him. On the third day during the lunch break, I could manage to jump the barbed wires and sneaked into the pavilion where the players were all there.


Suddenly Vinoo Mankad spotted me and asked how could I get in. I told him Vinoo Bhai I have a great desire to meet Frank Worrel. He asked me to wait. Then, he returned held one of my hand and took me to Worrel and introduced me to him. Frank Worrel shook hands with me, I was in total disbelief. It was something which I had never expected. Vinoo Bhai introduced me as a budding cricketer and Frank wished me well. Then Mankad and Franks left the scene as the play resumed.

I ran to my friends and happily declared, I had met Frank. But they did not believe me. They wanted proof. I asked them to come to the ground where we would practice and get it confirmed from Vinoo Bhai. Eventually, Vinoo Bhai told them that he had introduced me to Frank. This came as a big disappointment to my friends.

The West Indies came to India for the 1958-59 series, but Worrel was not in this team that had Gerry Alexander, Rohan Kanhai and Wesley Hall.




Frank Worrel.



> I ran to my friends and happily declared, I had met Frank. But they did not believe me. They wanted proof. I asked them to come to the ground where we would practice and get it confirmed from Vinoo Bhai. Eventually, Vinoo Bhai told them that he had introduced me to Frank. This came as a big disappointment to my friends.

Salim Durani.

I dreamed that one day I would play against Sir Frank Worrel. This dream came true in the 1961-62 series between India and West Indies when I was chosen to tour West Indies under the leadership of Nari Contractor.

In this series, I scored a century (104) in the Port Of Spain Test, facing the fierce pace of Wesley Hall and Charlie Griffith. I was particulary severe on Gary Sobers and hit him all around and played spinner Gibbs with complete ease. Frank in the second innings bowled just three over. I punished all the bowlers and so was Polly Umrigar, who scored an unbeaten 172 in the second innings. Yet, we lost the match. In fact the West Indies made a clean 5-0 sweep in the series.

This was my only century in the Test. Just as I completed my century, Frank came near me and congratulated me and also patted my back. Such gestures are not seen in today's Test matches. Sir Frank was a great cricketer and a great human being.

During the series, I went to him and sat close and told me how as a teenager I fulfilled my desire to meet him in Rajkot. I also told him that someday, I would play against him. Sir Frank gave me a few tips that I used in my career.

### Brilliant Knock

The West Indies came to India in 1965-66 and by then Sir Worrel, who was teaching in the university in West Indies had retired. He became the Dean of the university there and during the 1965-66, he was invited to India by the University Grant's Commission. He was there to watch the Bombay Test match where I scored a half century. He is the only cricketer, whose photographs could be seen in the Barbadis Island's currency and in postage stamps. Worrel after the match congratulated me for my brilliant knock. But I was dropped for the next Test which is another story.

Durani would always regret that he could not go on any tour of South Africa, England, Australia and Pakistan. When Bangladesh started playing Test, he told me had he been playing, he would have loved to play in Bangladesh as his sister Sozah lived there as her husband was in business in Dhaka.

खारोल समाज सहित वार्ड नम्बर 2 व 3 के सैंकडों महिला-पुरूषों ने पैदल मार्च निकाल जमकर नारेबाजी करते हुए व्यास सर्किल पर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व रामलुभाया कमेटी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कोर कमेटी के आव्हान पर रविवार को राजस्थान की सबसे बड़ी रैवन्यू ग्राम पंचायत व कस्बा पचेवर व टोरडी कस्बा बंद रखे जाने की सभी व्यापारी संगठनों ने स्वघौषणा की।

रेगर समाज ने रविवार को पैदल मार्च निकाल प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठने का ऐलान किया। वहीं हिन्दु समरसता मंच ने शनिवार को सार्वजनिक अपील जारी कर आंदोलन और उग्र करने तथा सभी राजनैतिक दलों से जुड़े नेताओं को एक मंच पर लाते हुए जिला बनाने की मुहिम तैयार करने की रणनीति को लेकर धरना स्थल पर बैठक बुलाई।

# स्कूली बच्चों एवं नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग की



सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग के समर्थन में छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाई।

**सुजानगढ़,** (निसं)। क्षेत्र के हजारों स्कूली बच्चों एवं लोगों ने ऐतिहासिक मानव श्रृंखला बना कर सुजानगढ़ को जिला बनाने मांग को मजबूती प्रदान की है। जनहित संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर सुजानगढ़ शहर के साथ ही तेहनदेसर, लालगढ, सांडवा, उडवाला, पारेवडा, बीदासर, छापर, चाडवास, सालासर, मलसीसर, बाघसरा, कोलासर, जीली, भाषीणा, मूंदडा, गिरवरसर, बाढसर, जोगलसर, बाघसरा अगुणा सहित क्षेत्र के कस्बों एवं गांवों में मानव श्रृंखला बना कर जिला बनाने की मांग को बुलन्द आवाज प्रदान की गई।

क्षेत्र के हजारों स्कूली बच्चों एवं नागरिकों ने मानव श्रृंखला के माध्यम से राज्य सरकार से सुजानगढ़ को शीघ्रातिशीघ्र जिला बनाने की मांग की। जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, कॉमरेड रामनारायण रूलानिया, गुरुदेव गोदारा, एड. बनवारीलाल बिजारणिया, तेजपाल गोदारा, शिक्षक संघ शेखावत के शिवपालसिंह थालोड, मुमताज काजी, महबूब बडगूजर, पूनमचंद मेघवाल, किशनलाल छरंग, एड. गंगाधर मूंड, कांग्रेस नेता रामकरण गुलेरिया, सुरजीत दूधवाल, लालू राम बिजारणिया, नगेंद्र रणवां, चांदमल, राजकुमार गोदारा, सुनील भींचर, दीपक टेलर, पप्पू राम वेदी, सूर्य रतन गुलेरिया, पार्षद सिराज खान, अमजद खान, ओमप्रकाश गोदारा, महावीर मूंड, महावीर रेवाड, मदनसिंह फौजी आदि कार्यकर्ताओं ने मानव श्रृंखला के आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

मानव श्रृंखला के आयोजन में निजी शिक्षण संस्थानों के व्यवस्थापक, निदेशक एवं संस्था प्रधान भागीरथ मल पचार, बलराम खिलेरी, मनोज मित्तल, सुनीता मितल, रतन सैन, नोपाराम मंडा, अली हसन, गंगाधर बिरडा, कमला मान, संदीप, शिवशरण सिंह, ऑस्कर राइन, धनाराम रूलानिया, अशोक, प्रियंका शर्मा, विनोद शर्मा भवरलाल पांडर, दीपक भास्कर भंवरलाल जानू, लाडनूं के भंवरलाल मील, शंकरलाल मेघवाल, मंजीत पाल सिंह सांवराद, दौलतराम पेसिया नंदलाल स्वामी, भंवरलाल पांडर कसुंबी, कॉमरेड शिव भगवान लेडी, मोहर सिंह रावणा राजपूत, एड. हरिराम मेहरडा, मुस्ताक खान, संतोष शर्मा, सुनीता, मंजू पारीक, बिजू बाला, बबिता सामरिया, रुचि शर्मा, मनसुखी, सुमित्रा स्वामी, संतोष काछवाल, विजय लक्ष्मी, गुलाब मेघवाल, नीरू पारीक, सुमन शर्मा, सुनीता बागडा, सरोज मेघवाल, किरण शर्मा, संजू शर्मा, आदि ने मानव श्रृंखला को सफल बनाने के लिए अपना अपना योगदान दिया। जनहित संघर्ष मोर्चा द्वारा जल सेवा करने वाले व खाद्य पदार्थ वितरण करने वाले भामाशाह व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया गया।

# निर्माणाधीन मकान में करंट लगने से दो मजदूरों की मौत

**अजमेर,** (कासं)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के घूघरा कायड़ रोड पर एक निर्माणाधीन मकान में कार्य के दौरान करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई। दोनों मजदूरों को अन्य मजदूर जवाहर लाल नेहरु अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच पड़ताल के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली, पुलिस ने दोनों के शव अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवाया। मृतकों में एक मजदूर मायापुर और एक किराप मसूदा निवासी बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी दलबीर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के घूघरा कायड़ रोड स्थित रेवेन्यू कॉलोनी में प्रभुसिंह के नए मकान का काम ठेकेदार देवासिंह द्वारा किया जा रहा था। निर्माण कार्य के दौरान सीढियों पर सीमेन्ट-कंकरीट भरने का काम चल रहा था, इसी दौरान अचानक करंट लगने से वहां काम कर रहे मजदूर मायापुर निवासी मंगल मेघवाल व किराप मसूदा निवासी मोनूसिंह अचेत होकर गिर पड़े।

अचानक हुए इस हादसे से मौके पर मौजूद अन्य मजदूर और क्षेत्रवासी उनके पास दौड़े और लकड़ी की सहायता से बिजली के तारों को हटाया और अचेत मजदूरों को लेकर जवाहर लाल अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर वह पुलिस जाप्ते के साथ अस्पताल और घटना स्थल पहुंच कर जानकारी ली।

वहीं मकान मालिक प्रभुसिंह ने कहा कि मकान निर्माण का कार्य पिछले दो माह से चल रहा है। काम ठेकेदार के माध्यम से करवाया जा रहा था। शनिवार को दो मजदूरों के करंट की सूचना मिली तो वह अस्पताल पहुंचे और यहां आने पर पता चला कि दोनों की मौत हो चुकी है।

वहीं मामले को लेकर ठेकेदार देवासिंह का कहना रहा कि शनिवार को मकान में सीढियां पर कंकरीट भरने का कार्य किया जा रहा है, मिक्सर मशीन चल रही थी। इस दौरान अचानक दोनों करंट की चपेट में आ गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां दोनों की मौत हो गई।

# गुमशुदा बालक के शव के अवशेष मिले

**बौंली,** (निसं)। क्षेत्र के बाटोदा थाना अंतर्गत ग्राम हरिपुरा में 3 अप्रेल को घर से घूमने निकले 11 वर्षीय बालक के शव के अवशेष खेत व सूखे कुंड में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

सूचना पर सवाई माधोपुर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद गंगापुर सिटी, बामनवास सीओ तेज कुमार पाठक मौके पर पहुंचे एवं फॉरेंसिंग व डॉग स्क्वायड से घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने का मामला दर्ज कराया है।

बामनवास सीओ तेजकुमार पाठक ने बताया कि गौरव बैरवा 3 अप्रैल को घूमने निकला था। इस मामले में उसके पिता विजय बैरवा ने बडौदा थाने में मामला दर्ज कराया था। उसके बाद गुमशुदा किशोर के अवशेष खेत व कुड पर शनिवार को मिलने से मामले ने नया मोड़ ले लिया। इस पर उसकी मां गोवर्धन देवी बैरवा ने हत्या की आशंका को लेकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के नेतृत्व में इस मामले की पूर्ण छानबीन की जा रही है एवं जांच बाटोदा थाना प्रभारी को सौंपी गई है।

# बालोतरा में धरना जारी, शव लेने से किया इंकार

## पचपदरा उपखण्ड क्षेत्र में दुष्कर्म के बाद थिनर डालने से झुलसी विवाहिता की मौत का मामला

**बालोतरा,** (निसं)। जोधपुर संभाग के बाड़मेर जिले के पचपदरा उपखण्ड क्षेत्र में दुष्कर्म के बाद थिनर डालने से झुलसी महिला की महात्मा गांधी हॉस्पिटल में इलाज के समय शुक्रवार की देर रात मौत हो गई। महिला की मौत के बाद अब परिजन और समाज के लोगों ने विभिन्न मांगों को लेकर महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर धरना दिया। बालोतरा उपखंड क्षेत्र में गुरुवार को विवाहिता के साथ रेप और उसके बाद पीडिता पर थिनर डाल कर आग लगाने के मामले में लोगों में आक्रोश है। जिसे लेकर शनिवार को सर्व हिंदू समाज ने राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम से उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई।

ज्ञापन देते हुए पूर्व राजस्व मंत्री अमराराम चौधरी ने कहा कि बहुत ही निंदनीय घटना है। उनहोंने कहा कि ये दिल दहलाने वाली घटना है, ऐसे में साफ नजर आ रहा है कि राजस्थान में लॉ एंड ऑर्डर खत्म हो गया है, अगर लॉ एंड आर्डर एकदम सही होता, तो इस प्रकार की घटना राजस्थान नहीं होती। अमराराम चौधरी ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री को अब इस्तीफा दे देना चाहिए। वही पूर्व मंत्री ने कहा कि जल्द से जल्द आरोपी को फांसी की सजा दें तथा कठोर से कठोर कार्रवाई करें आक्रोशित लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया।



विवाहिता के मौत के मामले में लोगों ने धरना दिया।

आक्रोशित लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया।

सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल ने कहा कि पचपदरा क्षेत्र में जो घटना हुई है, वो बहुत ही निंदनीय घटना है। इस प्रकार की घटना वापस नहीं हो, इसको लेकर सरकार को कठोर से कठोर कदम उठाकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए तथा जल्द से जल्द पीडित परिवार की, जो मांगे उन पर सहमति बने। जिससे उनका लालन-पालन हो सके। सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे उपखंड कार्यालय घटना के बाद सर्व हिंदू समाज के लोगों ने सैकडों की संख्या में आक्रोश रैली निकालते हुए राजस्थान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम से उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

वहीं सभी का एक स्वर में कहना है कि जल्द से जल्द आरोपी को कठोर से कठोर सजा मिले तथा फांसी की सजा मिले। जिससे आगे भी इस प्रकार की घटनाएं का नहीं हो और अपराधियों में भय उत्पन्न हो सके। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।तथा भाजपा नेता और सांसी समाज ने बालोतरा थानाधिकारी को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बाबू सिंह राजगुरु, अमराराम सुंदेशा, खेताराम प्रजापत, महिपाल सिंह करणोत, राजेश पुरी, विजय लक्ष्मी, इंदाराम, जयराम, कमलेश, हितेश पटेल, नैनाराम, हनुमान घांची, अंकित राजपुरोहित, महेश परमार आदि उपस्थित थे।

देर शाम तक बाडमेर जिले के सभी प्रशासन अधिकारियों कि चल रही मीटिंग में पचपदरा विधायक मदन प्रजापत बाडमेर एवं बालोतरा एसपी नरपत सिंह एवं नितेश आर्य डीवाईएसपी नीरज शर्मा पचपदरा डीवाईएसपी मदन लाल मीणा पचपदरा सीआई राजेंद्र दान चारण एसडीएम विवेक व्यास, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अश्विनी के पवार, पचपदरा तहसीलदार इमरान खान एवं सहित जाब्ता पचपदरा समदडी सिणधरी जसोल मौके पर मौजूद रहे।

# पाली में इंदिरा रसोई के स्टोर रूम की छत गिरी

## फ्रीज, किराणा-रसोई के सामान को नुकसान पहुंचा

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में एक इन्द्रा रसोई के स्टोर रूम की छत शनिवार सुबह अचानक गिर गई। गनीमत रही कि उस समय कमरे नहीं कोई नहीं था वरना बड़ा हादसा हो जाता। हादसे में कमरे में रखे फ्रीज, किराणे और रसोई के सामान को नुकसान पहुंचा है। घटना की जानकारी मिलने पर नगर परिषद एक्सईएन ने मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

यह हादसा शनिवार सुबह पाली शहर के बांगड़ कॉलेज के गेट के निकट चुंगी नांके के पास स्थित इन्द्रा रसोई में हुआ। हमेशा की तरह यहां काम करने वाली महिलाएं सब्जी काटने सहित रोटियां बनाने का काम कर रही थी। अचानक स्टोर रूम की छत अचानक गिर गई। जिससे वहां रखे फ्रीज, किराणे और रसोई के सामान को नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि हादसे के कुछ मिनट पहले ही एक महिला स्टोर रूम से सामान लेकर बाहर आई थी। कुछ मिनट की देरी हो जाती तो बड़ा हादसा हो जाता। हादसे की जानकारी मिलने पर नगर परिषद राधाकिशन जाट मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

मामले में इन्द्रा रसोई में काम करने वाले नरेन्द्र कुमार ने बताया कि रूम



पाली में इंदिरा रसोई के स्टोर रूम की छत ढह गई।

काफी पुराना है। हादसे की आशंका को लेकर नगर परिषद में दो-तीन बार लिखित में शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई स्टोर रूम में नहीं था वरना बड़ा हादसा हो जाता।

# रेल की चेपट से युवक की मौत

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग स्थित हिंडौन रेलवे फाटक के पास शनिवार शाम को ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई।

सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। कोतवाली थाने के एएसआई बच्चू सिंह ने बताया कि करौली जिले के नादौती तहसील कस्बा शहर निवासी रफीक (32) पुत्र महबूब शनिवार को गंगापुर में प्लॉट देखने के लिए आया

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी

था। रफीक प्लॉट देखते हुए हिंडौन रेलवे फाटक के पास पहुंच गया।

इसी दौरान दोपहर करीब सवा 3 बजे वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन से युवक की कटने की सूचना रेलवे स्टेशन के अधिकारियों को दी गई। साथ ही कोतवाली थाने को भी सूचना दी। सूचना के बाद कोतवाली थाने से एएसआई बच्चू सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर हॉस्पिटल ले गए। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। मृतक के परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# झोपड़े में आग लगने से दो बच्चियों की मौत

## हादसे के वक्त बच्चियों के माता-पिता खेत पर काम कर रहे थे

**रानीवाड़ा,** (निसं)। जालोर जिले में रानीवाड़ा तहसील के वगतापुरा गांव में एक कृषि कुएं पर कच्चे झूंपे में आग लगने से दो बच्चियों की मौत होने की जानकारी मिली है। जानकारी के मुताबिक, रामपुरा ग्राम पंचायत के वगतापुरा गांव में रामाराम केवदाजी चौधरी के कृषि कुएं पर रमेश मफाजी भील निवासी डूंगरी अपने परिवार के साथ का कास्त कर रहा था। उसने रहवास के लिए कच्चा झुंपा बना रखा था। पति-पत्नी खेत में फसल का रखरखाव कर रहे थे। इसी दरमियान अज्ञात कारणों से उसके झौपड़े में आग लग गई। आग लगने से झुम्पे में सो रही 6 साल की भानु और 9 माह की बसंती की जलने से मौके पर ही मौत हो गई। आग लगने के बाद पास पड़ोसियों ने पानी और रेती डालकर आग बुझाने का नाकाम प्रयास किया परंतु दोनों बच्चियों को बचाने में ग्रामीण सफल नहीं रहे।

घटना की जानकारी मिलने पर रानीवाड़ा पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल किशोर सिंह, भूअभिलेख निरीक्षक रमेश सुथार, ग्राम विकास अधिकारी हरीश चौधरी सहित अन्य विभाग के अधिकारी पहुंचे। उन्होंने पंचनामा बनाकर घटना की जानकारी जिला कलेक्टर को प्रेषित की है।

बड़गांव ग्राम पंचायत के सरपंच करिश्मा इक्ष्वाकुदेव देवड़ा ने बताया कि कृषि कुओं के मालिक की ओर से



दो बच्चियों की मौत के बाद विधायक ने मौके पर जाकर जानकारी ली।

काश्तकार के लिए पक्का मकान बनाना चाहिए। कच्चे झूंपे में काश्तकार को रखने से ऐसी घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है जो की अच्छी बात नहीं है।

रानीवाड़ा विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल ने आज सवेरे रानीवाड़ा के निकटवर्ती गांव वगतापुरा में कृषि कुंए पर काम करने वाले डूंगरी निवासी रमेश कुमार पुत्र मफाराम भील की 2 पुत्रियों के छप्पर में आग लगने से जिन्दा जल जाने की घटना पर पीड़ित पिता रमेश कुमार भील के निवास पर जाकर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी और उचित सहायता दिलवाने के लिए आश्वस्त किया।

विधायक देवल ने घटना पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि 2 मासूमों के जिन्दा जल जाने से पूरे क्षेत्र में दुख की लहर दौड़ गई है। इस मार्मिक घटना ने हर व्यक्ति को अन्दर से झकझोर कर रख दिया है। मुझे व्यक्तिगत रूप से भी बहुत पीड़ा हो रही है लेकिन नियती को शायद यही मंजूर था। विधायक देवल ने परिजनों के सामने ही जिले एवं उपखण्ड के प्रशासनिक अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा दिलवाने के निर्देश दिए। इस दौरान देवल के साथ पीड़ित परिवार को रानीवाड़ा मंडल अध्यक्ष रिड़मल सिंह डाभी, मुकेश खण्डेलवाल, महिपाल चौधरी, भंवरलाल राणा सहित कई लोग सांत्वना देने पहुंचे।

## संक्षिप्त

### भारत भूषण शहर अध्यक्ष बने

**बहरोड़/अलवर, (निसं)।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिला अलवर के शाखा सभा अध्यक्ष के निर्वाचन में भारत भूषण शर्मा को बहरोड़ का शाखा सभा अध्यक्ष बनाया गया। राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिला अलवर के सह निर्वाचन अधिकारी मनोज सेवदा ने बताया कि राजस्थान के जिला अलवर की शाखा सभाओं के अध्यक्षों के निर्वाचन में सभी शाखाओं के अध्यक्ष का निर्वाचन किया गया है जिनमें अलवर-अ से राकेश कुमार शर्मा, अलवर-ब से दिलीप कुमार शर्मा, बहरोड़ से भारत भूषण शर्मा, बुर्जा से सुरेंद्र शर्मा, मुंडावर से राजेश शर्मा, किशनगढ़ बास से रतन लाल गौड़, रैणी से मुकेश चंद्र शर्मा तथा राजगढ़ से प्रकाश दीक्षित को शाखा सभा अध्यक्ष नियुक्त किया है।



### रामेश्वर प्रजापति शहर अध्यक्ष बने

**मालपुरा, (निसं)।** श्रीयादे मां युवा सेवा समिति की वार्षिक बैठक भारतीय कुम्भकार महासभा के तहसील अध्यक्ष भैरूलाल प्रजापत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मौजूद प्रजापति समाज के प्रबुद्धजनों ने रामेश्वर प्रजापत को प्रजापति समाज टोडारायसिंह, शहर अध्यक्ष भैरूलाल प्रजापति को उपाध्यक्ष के लिए सर्व सम्मति से चुन दोनो पदाधिकारियो को समाज की और से पगडी व माला पहना बधाई दी।

### परशुराम जयंती की तैयारी बैठक आज

**देवली, (निसं)।** परशुराम जयंती को भव्य रूप से मनाने को लेकर ब्राह्मण समाज की रविवार को बैठक आयोजित होगी। समाज के मीडिया प्रभारी बृजेश भारद्वाज ने बताया कि भगवान श्री परशुराम जी की जयंती आगामी 22 अप्रेल को मनाई जाएगी उसी पर विचार विमर्श करने के लिए सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन बस स्टैंड स्थित गौतम मंदिर परिसर में रविवार रात्रि 8 बजे किया जाएगा। परशुराम इंटरनेशनल के तहसील अध्यक्ष आशीष पंचोली ने बताया की उक्त बैठक में सर्व ब्राह्मण समाज के सभी अध्यक्ष व समाज बंधु मौजूद रहेंगे।

# पूर्व विधायक के बयान पर बवाल, कांग्रेसियों ने पुतला जलाया

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष संदीप पाटिल के नेतृत्व में पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव का किशनगढ़ बास तोप सर्किल पर पुतला फूंककर नारे लगाए और यादव पर भिवाड़ी को जिला बनाने की सिफारिश किए जाने पर रोष प्रकट किया।

दूसरी ओर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कहा कि ना तो मेरी ओर से खैरथल को गलत ठहराया है और ना ही भिवाड़ी को लेकर मांग की है। मुझसे जिले बनाने की प्रदेश में कई सारी घोषणाओं को लेकर सवाल पूछे जाने पर मैंने सरकार की मनसा को लेकर सवाल उठाए हैं। उन सवालों का जवाब सरकार और विधायक दें। अभी हाल ही में अलवर में एक अखबार के पत्रकार की ओर से जिले बनाने की बहुत सारी घोषणाओं को लेकर किए गए सवाल पर पूर्व विधायक रामहेत यादव की ओर से दिए गए बयान को कांग्रेस ने मुद्दा बना लिया है।

खैरथल के बाद शनिवार को किशनगढ़बास में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष संदीप पाटिल व प्रधान बद्री प्रसाद सुमन के नेतृत्व में पूर्व विधायक रामहेत यादव का पुतला फूंका और जाओ जाओ भिवाड़ी जाओ के खूब नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष संदीप पाटिल प्रधान बद्री प्रसाद सुमन खैरथल नगरपालिका प्रतिपक्ष नेता व पार्षद विक्रम चौधरी धीरुभाई ठेकेदार, भगेंद्र खेरिया ने संबोधित किया। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सद्दीक खान, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष घीसाराम बढ़ाना, नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता उमेश यादव, मंडल अध्यक्ष इकबाल खान, मंडल अध्यक्ष किशन चंद जाटव, शिवचरण गुप्ता, राजेंद्र सिंघल, त्रिभुवन शर्मा, पूर्व सरपंच बिश्राम गुर्जर, पूर्व सरपंच प्रकाश चंद, हाजी सुब्बा खान, उमाशंकर शर्मा, शंकर भगत कैलाश बत्रा संदीप अग्रवाल, सलीम खान, सरपंच अब्बास खान, सरपंच संजीव कुमार, सरपंच जैकम खान जाकिद खान, सुभाष सैनी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने जवाब में कहा कि मेरी और से भिवाड़ी को जिला बनाने की कोई सिफारिश नहीं की गई है और ना ही मैंने खैरथल को गलत ठहराया है। मेरा सवाल सिर्फ इतना सा है सरकार और विधायक इतना सा बताएं की भिवाड़ी में जो जिला स्तर के बड़े 17 कार्यालय पहले से खुले हुए हैं वह कार्यालय अब खैरथल में होंगे या फिर भिवाड़ी में ही रहेंगे। इसी प्रकार मेरी ओर से कोटपूतली में अलवर जिले को नहीं मिलाए जाने की बात भी कही है। जिस प्रकार सरकार ने बिना कोई मापदंड तय किए तोड़ मरोड़ कर राजस्थान में जिले घोषित किए हैं उसे देखकर नहीं लगता कि सरकार की मंशा साफ है। विधायक दीपचंद खैरिया के लोग खैरथल किशनगढ़ बास में मेरे इस बयान को लेकर पुतला फूंक रहे हैं अगर यह सवाल उठाना मेरा गलत है तो विधायक के कार्यकर्ता रोज पुतला फूंके इसका जवाब जनता खुद चुनाव में उन्हें देगी।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किशनगढ़ बास में पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव का पुतला जलाकर नारेबाजी की।

- पूर्व विधायक रामहेत यादव ने जवाब में कहा, मैंने ना तो भिवाड़ी को जिला बनाने की मांग की है और ना ही खैरथल को गलत ठहराया है

## कैफे संचालक व तीन जने गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** शहर में स्कूलों के आस पास कैफे में चल रही अवांछित गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रागपुरा थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना पुलिस ने शनिवार को कैफे पर दबिश दी। जिसमें अनैतिक गतिनिधि पाए जाने पर एक कैफे संचालक समेत 3 जनों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रागपुरा थाना प्रभारी सवाई सिंह ने बताया कि स्कूलों के आस पास स्थित कैफे पर एक साथ दबिश दी जाकर चेकिंग की गयी।

उक्त कैफे को चेक किया गया तो इनके संचालनकर्ताओं ने लकड़ी के केबिन बनाकर पर्दे लगा रखे हैं तथा अंदर कम रोशनी कर रखी थी। केबिनों को चेक किया गया तो इन केबिनों के अंदर नौजवान लड़के व लड़कियां मिले।

जिस पर लड़कियों को समझाइश व हिदायत दे कर मौके से रवाना किया गया। इस कार्यवाही के दौरान कैफे संचालक व उनमें अवांछनीय गतिविधिया करते पाये गये लड़कों द्वारा विरोध करने पर शांति भंग में 3 लड़कों को धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया गया।

कार्यवाही के दौरान कुछ कैफे संचालक पुलिस के आने की भनक लगने पर मौके से फरार हो गये।

## महेंद्र पाल मीना के जन्मदिन पर स्नेह मिलन समारोह

**जमवारामगढ़, (निसं)।** पूर्व भाजपा विधायक प्रत्याशी महेंद्र पाल मीणा ने अपना जन्मदिन पर स्नेह मिलन कार्यक्रम रखा।

महेंद्र पाल मीना ने अलसुबह जमवारामगढ़ गणेश मंदिर, कुलदेवी दांत माता, महँगी महादेव मंदिर, तोड़ेश्वर महादेव मंदिर में धोक लगाई। इस दौरान महेंद्र पाल मीना का जमवारामगढ़ बाजार, महंगी बाजार सहित सैकड़ों जगह स्वागत हुआ। महेंद्र पाल मीना ने जन्मदिन व स्नेह मिलन समारोह अपने निज निवास स्थान पर रखा जहां बधाई देने लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम व भोजन की व्यवस्था की गई। समारोह में भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी व्यवहार कुशलता व सादगी के कारण महेंद्र पाल मीना ने बहुत कम समय में इस क्षेत्र की जनता का दिल जीता है। अब सब लोगों को 2023 में भाजपा की सरकार बनानी है। वहीं सतीस पूनिया ने महेंद्र पाल मीना को आशीर्वाद देते हुए कहा कि क्यों पड़े हो चक्कर में जमवारामगढ़ से कोई नहीं है महेंद्र पाल मीना की टक्कर में, जिस से भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ नारे लगाने शुरू किए। वहीं जमवारामगढ़ कांग्रेस विधायक गोपाल मीणा, राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने दूरभाष पर जन्मदिन की बधाई दी। वहीं कार्यक्रम में पूर्व विधायक फूलचंद भिंडा, पूर्व विधायक जगदीश नारायण मीणा, जयपुर जिला देहात जिलाअध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, पूर्व जमवारामगढ़ प्रधान रघुवीर चौधरी, पंचायत समिति सदस्य भगवान सहाय शर्मा डांगरवाड़ा, पूर्व प्रदेश कार्यकरणी सदस्य राजेन्द्र शर्मा आंधी, भाजपा नेता अनिल शर्मा भुड़ला, हेमंत मीणा बस्सी, मंडल अध्यक्ष घनश्याम सैनी, प्रभु दयाल गुर्जर, सीताराम छापोला, घनश्याम शर्मा लाला फौजी, मोहन लाल वर्मा, एबीवीपी के जिला प्रमुख सुरेद्र प्रताप गौतम, श्रीकांत पारीक, अंकुर माहेश्वरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अनिल कुमार शर्मा सम्मानित

**कोटपूतली, (निसं)।** जयपुर के केसर बाग मैरिज गार्डन में अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो नेपाल समरसता ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राजस्थान स्थापना दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन पर कोटपूतली निवासी राष्ट्रदूत के संवाददाता अनिल कुमार शर्मा को सत्यता, निष्पक्ष व पारदर्शी पत्रकारिता को लेकर 'राजस्थान समरसता रत्न अवार्ड' से सम्मानित किया गया है।

चयन समिति के संयोजक सुभाष स्वामी ने बताया कि पत्रकार शर्मा का कर्म स्थली से विकास तक के सेवा कार्यों का अवलोकन करते हुए अनवरत परिश्रम पर भारत-नेपाल सांस्कृतिक सम्मेलन में राजस्थान समरस्ता रतन अवार्ड के लिए प्रतिभा के रूप में चयन किया गया था। कार्यक्रम में मंच द्वारा पत्रकार शर्मा को गोल्ड मेडल, शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर राजस्थान समरस्ता रतन अवार्ड से नवाजा गया है। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आई देश भर की 150 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर आईएएस अजय चित्तोरा, सुप्रिम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. एपी सिंह, इन्टेलीजेन्स ब्यूरो के विनोद तिवारी, ऑल राजस्थान कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कालीचरण, कालूराम सोनल, विकेआई इन्डेस्ट्रीयल के प्रसिडेन्ट जगदीश सोमानी, नेपाल सर्वोच्य न्यायालय काठमांडु के वरिष्ठ अधिवक्त कुलदीप शर्मा, कार्यक्रम संयोजक महावीर प्रसाद टोरडी सहित बड़ी संख्या में वक्ताओं ने भारत-नेपाल के सम्बन्धों को लेकर विस्तार से चर्चा की।



जयपुर में राजस्थान स्थापना दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन पर कोटपूतली निवासी अनिल कुमार शर्मा को 'राजस्थान समरसता रत्न अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

# खोरी में 108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ आज से

**शाहपुरा, (निसं)।** खोरी ग्राम में त्रिवेणीधाम के ब्रह्मलीन पद्मश्री नारायणदास महाराज के आशीर्वाद व खोजीद्वाराचार्य रामरिछपालदास महाराज के सान्निध्य में रविवार को विशाल कलश यात्रा के साथ 108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ का शुभारंभ होगा।

महंत हरिओमदास महाराज ने बताया कि परमानंद गोशाला में पूजना अर्चना के बाद सवा 9 बजे विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में त्रिवेणीधाम के रामरिछपालदास महाराज, रेवासाधाम के राघवाचार्य महाराज, धनापीठाधीश्वर बजरंगदास महाराज, महामंडेलश्वर हरिदास महाराज, भींवादासजी महाराज, बलदेवदास, प्रेमदासजी महाराज, प्रहलाददासजी महाराज, कालीदासजी महाराज आदि संत महात्मा बग्गी में सवार होकर कलश यात्रा के साथ चलेंगे। कलश यात्रा में दो हाथी, चार घोड़े, चार डीजे साउंड, चार बग्गी, चार ऊंटों का शाही लवाजमा चलेगा। यज्ञ मंडप, कथा पांडाल, रामलीला पांडाल सहित मंदिर परिसर को दुधिया रोशनी से सजाया गया है। मंदिर से लेकर छह किलोमीटर की परिधि में माइक लगाए गए है ताकि आसपास के क्षेत्र में आवाज पहुंच सकें। हरिओमदासजी महाराज ने बताया कि महायज्ञ में नौ दिन तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होगा। जिसमें विश्व प्रसिद्ध कृष्णचंद्र शास्त्री दोपहर 1 बजे से शाम 4:30 बजे तक कथा करेंगे। शाम 7:30 बजे से वृंदावन के श्रीरामकृष्ण कला अनुकरण संस्थान के कलाकारों द्वारा रामलीला का भव्य मंचन किया जाएगा। महाराज ने बताया कि यज्ञाचार्य पंडित अंबिकेश शर्मा के आचार्यत्व में 214 यजमान 108 कुंडों पर 250 विद्वान पंडित आहुतियां दिलवाएंगे।

- 3100 महिलाएं निकालेंगी कलश यात्रा

## विधायक खैरिया का स्वागत किया

**खैरथल, (निसं)।** राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया ने कहा कि खैरथल में ओवरब्रिज निर्माण बाईपास रोड पर ही होगा। बाजारों में दुकानों की तोड़फोड़ करने की आशंका को निर्मूल बताते हुए कहा कि मेरे होते हुए डरने की जरूरत नहीं है, किसी का भी नुक्सान नहीं होगा।

वे यहां खैरथल को जिला बनाने पर महावर वैश्य समाज की ओर से आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। कार्यक्रम में प्रधान बीपी सुमन, पीसीसी सदस्य गिरीश डाटा, नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष विक्की चौधरी, शिवचरण लाल गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक सुरेश जाखड़ ने विधायक दीपचंद खैरिया को साफा बांधने के बाद माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में महावर वैश्य समाज, महिला मंडल व नवयुवक मंडल के पदाधिकारियों ने भी विधायक सहित अतिथियों को माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

# राजगढ़ बस स्टैंड से बसों का संचालन शुरू

**राजगढ़, (निसं)।** कस्बे के बस स्टैंड पर एक्सप्रेस एवं साधारण बसों का संचालन शनिवार से शुरू हो गया।

बस स्टैंड पर काफी समय के बाद बसों के संचालन में राजगढ़ वेलफेयर सोसाइटी की मुहिम एवं क्षेत्रीय विधायक जोहरी लाल मीणा के प्रयास रंग लाए। विदित रहे कि करीब तीन वर्ष से राजगढ़ के बस स्टैंड पर बसों का संचालन नहीं होने से आमजन सहित वृद्ध महिला पुरुषों को परेशानी हो रही थी। इस पीड़ा को राजगढ़ वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा एवं उनकी टीम ने गंभीरता से लिया। सोसायटी की ओर से बार-बार बैठक आयोजित कर मेगा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस हस्ताक्षर अभियान में राजगढ़ से कस्बे के सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुषों एवं बुद्धिजीवियों ने अपनी सहमति जताई। सोसाइटी का प्रतिनिधिमंडल ने विधायक के जोहरी लाल मीणा से उनके निवास पर जाकर गंभीर समस्या के समाधान की मांग को लेकर हस्ताक्षर युक्त प्रतियां भेंट की। इसके पश्चात विधायक ने मुख्य प्रबंधक को दूरभाष पर संपर्क साध बस स्टैंड को अविलंब चालू करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को यातायात प्रबंधक यश प्रधान के निरीक्षण के बाद शनिवार से राजगढ़ बस स्टैंड पर एक्सप्रेस एवं साधारण बसों का संचालन शुरू हो गया। सहायक निरीक्षक परिवहन निगम हरदीप सिंह एवं कर्मचारी भूप सिंह एवं इलियास खान को राजगढ़ बस स्टैंड पर नियुक्त किया गया। शनिवार को राजगढ़ बस स्टैंड पर सभी बसों के संचालन से राजगढ़ कस्बे के सामाजिक व्यापारिक एवं महिला संगठनों ने खुशी व्यक्त की है।

- वेलफेयर सोसाइटी की मुहिम एवं विधायक के प्रयास रंग लाए

## बिजली कर्मचारियों की बैठक

**मनोहरपुर, (निसं)।** राजस्थान बिजली वर्कर्स फेडरेशन एटक के बैनर तले बिजली कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिजली विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं और उनके निस्तारण को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। कॉमरेड आर एस मीणा व कॉमरेड अंजू मीणा के नेतृत्व में दर्जनों कर्मचारियों ने एटक की सदस्यता ग्रहण की जिनका एटक के महासचिव कुणाल रावत व फेडरेशन के महासचिव केशव व्यास ने स्वागत किया। प्रगतिशील महिला फेडरेशन की महासचिव निशा सिद्धू ने महिला कर्मचारियों को कार्यस्थल पर उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, मुकेश गौतम ,आर के मीणा रोशन मीणा, संतोष ठाकुर, पवन डूडी, देशराज, हंसराज, रोशन बेनाडा, प्रदीप डीग्वाल, माधवी, निशा, महेश, मुनेश, महेंद्र गुर्जर कानाराम, मुकेश शर्मा आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## यूथ फेस्टिवल में भाग लिया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्रीमाधोपुर के छात्र-छात्राओं ने राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय यूथ फेस्टिवल घूमर - 2023 में भाग लिया। कार्यालय सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी टीम मैनेजर प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय यूथ फेस्टिवल "घूमर-2023" में विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया।

जिसमें विद्यार्थियों ने इंडियन फोक में सुनीता चौधरी, इंडियन फोक (ग्रुप) में राहुल रॉय एंड ग्रुप (हिंदुस्तानीग्रुप), वेस्टर्न सोलो में मंजू कुमावत, वेस्टर्न (ग्रुप) में संदेश एंडग्रुप, क्लासिकल डांस में पूजा सैनी नेभाग लिया। सुनीता चौधरी ने "मैं तो मेले में जा आई रे" पर जोरदार प्रस्तुति दी ओर दर्शकों को झूमने पर मजबूर करदिया।

मंजू कुमावत ने "एक परदेसी मेरा दिल ले गया" पर शानदार प्रस्तुति दी। हिंदुस्तानी ग्रुप ने देश भक्ति डांस प्रस्तुत किया। संदेश एंड ग्रुप नेशेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर का प्रतिनिधित्व किया।

# पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल

**टोंक, (निसं)।** पूर्व उपपुलिस अधीक्षक एवं विहिप जिला अध्यक्ष वृद्धिचन्द गुर्जर, पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन एवं वर्तमान में सोनवा अरनियामाल पंचायत समिति सदस्य के पुत्र सतवीर गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय जयपुर में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी के सानिध्य में कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर उनियारा देवली विधानसभा के क्षेत्र के करीब 200 कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

केन्द्रीय संगठन मंत्री अल्का गुर्जर एवं पूर्व पंचायत राजमंत्री कालू लाल गुर्जर, पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाना एवं गंगापुर सिटी के पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य ब्रहम सिंह गुर्जर एवं राजस्थान गुर्जर महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष मोहन लाल वर्मा एवं महामंत्री देवनारायण गुर्जर एवं राजस्थान गुर्जर महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अशोक चांदना प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष थे तब उनकी कार्यकारिणी में सतवीर गुर्जर को प्रदेश महासचिव बनाया था और 5 वर्ष तक प्रदेश महासचिव के पद पर रहा। वर्ष 2017-18 में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टोंक में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप चुनाव लड़कर 707 मतों से विजय हासिल कर छात्रसंघ अध्यक्ष बने। उसके बाद अभी वर्ष 2022-23 में राजीव गांधी विधि महाविद्यालय टोंक के निर्विरोध छात्रसंघ अध्यक्ष हैं। अपने पिता वृद्धिचंद गुर्जर पूर्व उपपुलिस अधीक्षक एवं विहिप जिला अध्यक्ष की प्रेरणा से प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय जयपुर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सतवीर गुर्जर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के गढ में कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल होने से सतवीर सैकडो युवाओं की टीम भाजपा में जाएगी और इससे कांग्रेस को भारी नुकसान होने की संभावना बन गई है।



प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी के सानिध्य में सतवीर गुर्जर उनियारा-देवली विधानसभा के क्षेत्र के करीब 200 कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए।

## सांसद को ज्ञापन सौंपा

**फुलेरा, (निसं)।** दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के पदाधिकारी एवं समाजसेवी दीनदयाल कुमावत ने दैनिक रेल यात्रियों की मुख्य समस्याओं को लेकर जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि फुलेरा जंक्शन से जयपुर, किशनगढ़ व अजमेर के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में दैनिक रेल यात्री एवं आमजन यात्रा करते हैं। परन्तु फुलेरा जंक्शन पर कई सवारी गाड़ियों का ठहराव तो कई गाड़ियों में एमएसटी की सुविधा नहीं मिलने से यात्रीयों को काफी परशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इस समस्या को लेकर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा पूर्व में भी कई बार व अन्य जनप्रतिनिधियों ने कई बार रेल प्रशासन को अवगत कराया गया है। परन्तु इस संबंध में कोई ध्यान नही दिया गया। उक्त ज्ञापन को लेकर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि सांसद राज्यवर्धन सिंह द्वारा संज्ञान लेते हुए रेल महाप्रबंधक विजय शर्मा से हमारी महत्वपूर्ण समस्या के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा सुबह-शाम की ट्रेनों में एमएसटी सुविधा पुनः चालू करने के लिए तुरंत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

## सार-समाचार

### राठौड़ से मुलाकात कर बधाई दी



**पावटा, (निसं)।** भाजपा के दिग्गज नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ को राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुने जाने के बाद उन्हें बधाईयां देने वालों का तांता लग हुआ है। इसी क्रम में विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से पावटा प्रागपुरा वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह शेखावत, राजेंद्र सिंह भोनावास, जिला महामंत्री सुरेंद्र चौधरी, पावटा मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी, शक्ति सिंह, राकेश चौधरी, सीएम राठी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जयपुर पहुंचकर माला पहनाकर और बुके भेंट कर राठौड़ का स्वागत कर बधाई दी।

### तपोस्थली धामेडा-धाम का मेला



**नारायणपुर, (निसं)।** अरावली की पहाडियों की तलहटी में स्थित आस्था के प्रतीक पीर संज्यानाथ महाराज की प्रथम तपोस्थली धामेडा-धाम का मेला शनिवार को बड़ी धूमधाम से धाम के पीर योगी विवेकनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। मेले के दौरान सुबह से ही कलाकार महावीर महासी चांदावाली सहित साथी कलाकारों द्वारा शाम 6 बजे तक भजन-सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आसपास क्षेत्र के श्रद्धालओं ने शिरकत कर शांतिपूर्ण पांडाल में बैठकर सत्संग भजन का आनन्द लिया। आयोजित भण्डारे में कस्बे सहित समीपवर्ती क्षेत्र के महिला, पुरुष, बच्चों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने धाम के पीर योगी विवेकनाथ महाराज के धोक देकर आशीर्वाद लिया। इधर मानसरोवर जोहड़े में भी हनुमानजी महाराज का मेला बड़े धूमधाम से भरा। मेले में पहलवानों ने दांवपेच दिखाए। इस अवसर पर महंत बेअनंत नाथ महाराज, पूर्व यूआईटी चेयरमैन देवीसिंह शेखावत, बसपा नेता मुकेश यादव, समाजसेवी राजू प्रजापत, रामकरण गुर्जर, धुडाराम यादव, मुखराम यादव, कैलाश ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मेले में मौजूद थे ।

### पानी की मोटर चोरी

**टोंक, (निसं)।** कार्यालय मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा टोंक में चोर पानी की मोटर, पानी की टोटियां चोरी कर ले गए। शहर कोतवाली पुलिस थाने में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा टोंक के गोपाल ने इस आशय की रिपोर्ट दी है कि 8 अप्रेल को आठवीं बोर्ड परीक्षा के कंट्रोल रुम को प्रातः 11 बजे कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी महादेवाली टोंक द्वारा खोला गया तो कार्यालय का मुख्य चैनल गेट बंद था, किन्तु दूसरे चैनल गेट के दो ताले टूटे हुए और परिसर के कमरा नं. 3 का ताला टूटा मिला और इसके अतिरिक्त स्टोर का ताला टूटा मिला, जहां कार्मिकों से अवलोकन कराने के बाद पानी की मोटर, टूटे हुए ताले, पानी की पीतल की टोटियां चोरी हुई मिली।

### टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित

**बस्सी, (निसं)।** बस्सी में शनिवार को ग्राम पंचायत पालावाला जाटान उप स्वास्थ्य केंद्र पर विश्व स्वास्थ्य दिवस एवं टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग यूएसएड मोमेंटम एवं धारा संस्थान के तत्वावधान में किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत पालावाला जाटान से सिमरन, आंगनबाडी कार्यकर्ता, आशा सहयोगनी भारती एवं धारा संस्थान के सहयोगी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकुमा, हरगोविंद, सीमा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा किए जाने वाले कार्य एवं उनके उद्देश्य, उचित खानपान, शारीरिक साफ-सफाई व परिवेश की साफ-सफाई बेहतर स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर जांच करवाना आदि बातों की जानकारी दी गई।

### सांसद को विकास कार्य का मांग पत्र सौंपा

**पावटा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी बालाजी पावटा मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी के नेतृत्व में जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से जयपुर आवास पर मिलकर आंतेला में सांसद कोष से स्वीकृत होने वाले विकास कार्य का मांग पत्र सौंपा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठीराठी ने बताया कि तीन जिलों को आपस में जोड़ने वाली आँतेला से टटेरा जाने वाली 6 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन पत्र सौंपा गया है। मंडल उपाध्यक्ष गोकुल चंद शर्मा, ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष गोकुलचंद कुमावत, एससी मोर्चा महामंत्री मोहनलाल मंडोवरा सूचना प्रसारण मंत्री शंभू दयाल मोदी, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष बाबूलाल सैनी, मोहनलाल शर्मा पटवारी सहित भाजपा के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### विधायक यादव ने दौड़ लगाई

**फागी, (निसं)।** विभिन्न मांगों को लेकर बहरोड विधायक बलजीत यादव ने शनिवार को फागी कस्बे में काले कपड़े पहन दौड लगाई। प्रातः 11 बजे पंचायत समिति प्रांगण में पहुंचे विधायक यादव का स्वागत करने युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। विधायक ने युवाओं से आव्हान करते हुए जोष भरा कि अपने हक को पाने के लिए हमेशा तत्पर रहना होगा जिसके लिए मैंने राज्य सरकारी की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एवं आमजन से जुड़ी 14 सूत्रीय मांगों की ओर राज सरकार का ध्यान दिलवाने के लिए राज्य की विधानसभों में काले कपडे पहन कर दौड़ लगाता रहूंगा। इस अवसर पर फागी सरपंच ओमप्रकाष खवास मनीश यादव घासीराम यादव छोटू मानहाला रामसिंह नरूका सहित सैंकडों युवाओ व कस्बेवासियों ने विधायक यादव के साथ दौड लगाई।

### घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**मंडावरी, (निसं)।** थाना क्षेत्र स्थित उप जिला अस्पताल के सामने एक कार द्वारा महिला को चपेट में लेने के बाद गंभीर घायल महिला को सेंटर के लिए रैफर किया गया था जिसकी दौसा जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।यह सड़क दुर्घटना उस वक्त घटी थी जब महिला मिथिलेश खेतों से मजदूरी करवा पास खुद के निवास के लिए लौट रही थी। इसी दौरान अचानक उप जिला अस्पताल मंडावरी के सामने वाली गली से आ रही एक अज्ञात मारुति वैगन आर कार द्वारा चपेट में लेने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं पास मौजूद एंबुलेंस 108 कर्मी राकेश शर्मा एवं चंद्रशेखर शर्मा द्वारा महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार देकर हालत गंभीर होने के कारण हेयर सेंटर के लिए रेफर किया गया गया था।

### अतिक्रमण हटवाने की मांग

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के लक्ष्मीनगर स्थित वार्ड नं. 6 के निवासियों ने अतिक्रमण को लेकर शनिवार को नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा के नाम कर्मचारी सुन्दर गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि 15 फुट के रास्ते पर दोनों तरफ से अतिक्रमण कर रखा है। जिससे उक्त रास्ते से आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि इस सम्बंध में पूर्व में भी ज्ञापन दिया गया था लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान प्रमोद सैनी, मोनू सैनी, अजय जाखड़, राहुल गुप्ता, पंकज गुप्ता, बिल्लू बंसल, विक्की मित्तल व नरेश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।



यह व्यक्तिगत राय है और मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा। खिलाड़ियों का करियर छोटा होता है और उन्हें इस समय का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल करना चाहिए।

-सनत जयसूर्या

पूर्व श्रीलंकाई कप्तान, खिलाड़ियों के करियर को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — चेतेश्वर पुजारा





भारत के अनुभवी टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने इंग्लैंड में काउंटी सत्र के अपने शुरूआती मैच में ससेक्स के लिए शतकीय पारी खेलने के बाद कहा कि वह जिन चीजों पर काम कर रहे हैं, अब उसके ' सकारात्मक नतीजे' मिल रहे है।'' भारतीय टीम में तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने वाले ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में निराशाजनक प्रदर्शन किया था। उन्होंने चार टेस्ट मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया। ससेक्स की कप्तानी कर रहे पुजारा ने यहां डरहम के खिलाफ 163 गेंदों में 115 रन की पारी खेलने के बाद कहा, जिन चीजों पर मैं काम कर रहा हूं, वे रंग ला रही हैं।''

**क्या आप जानते हैं ?...** बेसबॉल में औसतन 108 टांके होते है क्रिकेट बाल में 65 से 70 के बीच तथा फुटबॉल में 62 से अधिक टांके लगाये जाते है।

## राजस्थान 57 रन से जीता, दिल्ली की हार की हैट्रिक

गुवाहाटी, 8 अप्रैल। सलामी बल्लेबाज जॉस बटलर (79) और यशस्वी जायसवाल (60) के तूफानी अद्धर्शतकों के बाद ट्रेंट बोल्ट (29/3) और युज़वेंद्र चहल (27/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 57 रन से रौंद दिया।

रॉयल्स ने दिल्ली के सामने 200 रन का विशाल लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में दिल्ली 142 रन ही बना सकी। बटलर और जायसवाल ने पहले विकेट के लिये 51 गेंद पर हुई 98 रन की आतिशी साझेदारी की। जायसवाल का विकेट गिरने के बाद रॉयल्स की पारी मध्य ओवरों में धीमी पड़ गयी लेकिन बटलर ने अंतिम ओवरों में शिमरन हेटमायर के साथ 49 रन जोड़कर टीम को 200 के करीब पहुंचा दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को बोल्ट ने पहले ओवर में ही दो झटके दे डाले, जिससे टीम कभी नहीं उभर सकी। दिल्ली के लिये कप्तान डेविड वॉर्नर ने सर्वाधिक 65 रन बनाये, लेकिन इसके लिये उन्होंने 55 गेंदें भी खेलीं। दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और उन्हें पहले ओवर से ही जॉस-जायसवाल के तूफान का सामना करना पड़ा। जायसवाल ने इस साझेदारी में आक्रामक भूमिका निभाते हुए पहले ओवर में खलील अहमद को पांच चौके जड़े। रॉयल्स को पावरप्ले में 68 रन तक पहुंचाने के बाद जायसवाल ने 26 गेंद पर अपना अद्धर्शतक पूरा किया। रॉयल्स का स्कोर आठ ओवर में 96 रन होने के बाद दिल्ली ने टाइम आउट लिया, और ढाई मिनट के ब्रेक के बाद रनगति पर लगाम कसने की योजना बनाकर लौटे। ब्रेक के बाद पहले ही ओवर में मुकेश कुमार ने यशस्वी जायसवाल (31 गेंद, 11 चौके, एक छक्का, 60 रन) को आउट किया, जबकि कुलदीप ने अगले ओवर में संजू सैमसन का विकेट चटकाकर रनगति पर लगाम कस दी।

कप्तान डेविड वॉर्नर ने स्पिनरों का बेहतरीन प्रयोग किया और रॉयल्स 15वें ओवर तक तीन विकेट गंवाने के साथ 130 रन ही बना सकी। बटलर हालांकि एक छोर पर खड़े रहे और सही मौका आने पर उन्होंने हाथ खोले। बटलर ने 16वें ओवर में मुकेश को दो लगातार चौके जड़े, जबकि शिमरन हेटमायर ने अगले ओवर में अपने हमवतन रोवमैन पॉवेल को एक छक्का और एक चौका लगाया। हेटमायर को 15 रन के स्कोर पर एक जीवनदान भी मिला, जिसका लाभ उठाते हुए उन्होंने 21 गेंद पर एक चौका और चार छक्के लगाकर नाबाद 39 रन बनाये। हेटमायर ने बटलर के साथ चौथे विकेट के लिये 49 रन की साझेदारी की।



बटलर ने 51 गेंद पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 79 रन बनाये और उनका विकेट गिरने के बावजूद रॉयल्स अंतिम पांच ओवर में 69 रन जोड़ने में सफल रही। दिल्ली के लिये मुकेश ने चार ओवर में 36 रन देकर दो विकेट लिये, जबकि कुलदीप यादव (चार ओवर, 31 रन) और रोवमैन पॉवेल (दो ओवर, 18 रन) को एक-एक विकेट हासिल हुआ। आनरिक नॉर्खिया ने चार ओवर में 44 रन दिये और उन्हें कोई सफलता हासिल नहीं हुई।

विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। बोल्ट ने पहले ओवर की तीसरी गेंद पर पृथ्वी शॉ को विकेटकीपर के हाथों कैचआउट करवाया, जबकि अगली ही गेंद पर मनीष पांडे को पगबाधा आउट कर दिया।

शून्य रन पर दो विकेट गिरने के बाद राइली रूसो ने दो चौके लगाकर दबाव कम किया लेकिन वह भी पावरप्ले के आखिरी ओवर में 14 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद हालांकि ललित यादव और वॉर्नर ने दिल्ली की पारी को संभाल लिया।

ललित ने 24 गेंद पर पांच चौकों के साथ 38 रन बनाते हुए वॉर्नर के साथ 64 रन जोड़े, हालांकि इस दौरान आवश्यक रनरेट लगातार बढ़ता रहा। दिल्ली को जब आठ ओवर में 107 रन चाहिये थे तब बोल्ट ने ललित को आउट करके इस टीम को बड़ा झटका दिया।

ललित के आउट होते ही दिल्ली के विकेटों का पतन शुरू हो गया। चहल ने अक्षर पटेल को दो रन पर पवेलियन लौटाया, जबकि रोवमैन पॉवेल दो रन बनाकर रविचंद्रन अश्विन का शिकार हो गये। चहल ने 19वें ओवर में अभिषेक पोरेल को आउट करने के बाद वॉर्नर के संघर्ष को भी समाप्त किया।

संदीप शर्मा ने आखिरी ओवर में नॉर्खिया को बोल्ड करके दिल्ली की पारी 142/9 के स्कोर पर समाप्त की। यह तीन मैचों में दिल्ली की लगातार तीसरी हार है। उनका अगला मुकाबला मंगलवार को मुंबई इंडियन्स से होगा।

### जोस बटलर से काफी कुछ सीख रहा हूं : जायसवाल

गुवाहाटी, 8 अप्रैल। जोस बटलर के साथ पारी शुरु करने का आनंद ले रहे राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि इंग्लैंड के टी20 विश्व कप विजेता कप्तान की वजह से ही वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पा रहे हैं। इस 21 साल के भारतीय खिलाड़ी ने तीन मैचों में दूसरा अर्धशतक जड़ा जिससे राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 57 रन से हराकर वापसी की। जायसवाल ने पत्रकारों से कहा, ''यह शानदार था, बल्लेबाजी करने का आनंद ले रहा हूं। जब जोस बल्लेबाजी करते हैं तो वह आपको काफी अच्छे संदेश देते हैं, सिर्फ अच्छे क्रिकेट शॉट खेलो।

### बोल्ट के पहले ओवर में दो झटकों ने हमें मुश्किल में डाल दिया : वॉर्नर

गुवाहाटी, 8 अप्रैल। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने शनिवार को कहा की ट्रेंट बोल्ट के पहले ओवर में दो विकेट झटकने ने अंतर पैदा दिया जिससे उनकी टीम को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स के हाथों 57 रन की हार झेलनी पड़ी। बोल्ट (39 रन देकर तीन विकेट) ने लगातार गेंदों पर पृथ्वी साव और मनीष पांडे के विकेट गंवा दिये जिससे दिल्ली कैपिटल्स 200 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नौ विकेट पर 142 रन ही बना सकी और उसे लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

### श्रीनिधि डेक्कन ने बेंगलुरु एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोका

कोझिकोड, 8 अप्रैल। आई-लीग की टीम श्रीनिधि डेक्कन ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की उपविजेता बेंगलुरु एफसाी को सुपर कप फुटबॉल में शनिवार को यहां 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। जावी हर्नांडेज ने नौवें मिनट में बेंगलुरु को बढ़त दिला दी लेकिन फैसल शायस्तेह 21वें मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। बेंगलुरु में मैच में गोल करने के ज्यादा मौके बनाये लेकिन कप्तान सुनील छेत्री और टीम के दूसरे खिलाड़ी इसे भुना नहीं पाये।

### यूरोप के दौरे से अनुभव हासिल करेगी अंडर-17 टीम : एआईएफएफ महासचिव

नयी दिल्ली, 8 अप्रैल। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ महासचिव शाजी प्रभाकरण को उम्मीद है कि राष्ट्रीय अंडर-17 टीम स्पेन और जर्मनी के अभ्यास दौरे से महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करेगी। यह दौरा एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के थाईलैंड में जून-जुलाई में होने वाले अंतिम राउंड की तैयारियों के लिये आयोजित किया जा रहा है। प्रभाकरण ने शनिवार को अंडर-17 पुरुष टीम से मुलाकात की जो मैच खेलने और ट्रेनिंग के लिए स्पेन और जर्मनी की यात्रा करेगी। टीम इस समय गोवा में शिविर में है। प्रभाकरण ने कहा, ''हमारे लिए युवा टीम की तैयारियां सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इन युवा खिलाड़ियों को आगामी हफ्तों में यूरोप में खेलने का अच्छा मौका मिलेगा। ''

### राजकुमार को हराकर रावत आईटीएफ फ्यूचर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे

चेन्नई, 8 अप्रैल। चौथी वरीयता प्राप्त सिद्धार्थ रावत ने शनिवार को यहां गांधी नगर क्लब में बीआर आदित्यन मेमोरियल आईटीएफ पुरुष फ्यूचर्स टेनिस टूर्नामेंट के एकल सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त रामनाथन रामकुमार को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी। रावत रविवार को फाइनल में हमवतन तीसरे वरीयता प्राप्त दिग्विजय प्रताप सिंह से भिड़ेंगे। दिग्विजय ने लगभग दो घंटे तक चले दूसरे सेमीफाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त मनीष सुरेशकुमार को 6-4, 6-4 से हराया। अनुभवी रामकुमार तीन आसान जीत के साथ अंतिम चार में पहुंचे थे लेकिन रावत के खिलाफ अपनी लय बरकरार नहीं रख सके और आसानी से मैच गंवा दिया।

### इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की स्थिति को खतरा नहीं : मिलर

अहमदाबाद, 8 अप्रैल। दक्षिण अफ्रीका और गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर ने शनिवार को कहा कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की स्थिति को कोई खतरा नहीं है बल्कि इससे टीम को अतिरिक्त ताकत मिलती है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में लागू किये गए इस नियम के तहत टीमों को मैच के दौरान किसी भी समय एक बल्लेबाज या गेंदबाज को बदलने का विकल्प रहता है। मिलर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मैं कुछ दिन पहले ही आया हूं और इसे समझने की कोशिश कर रहा हूं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि इससे हरफनमौलाओं की स्थिति को कोई खतरा है।'' उन्होंने कहा, आपके पास अतिरिक्त बल्लेबाज या अतिरिक्त गेंदबाज तो उतारने का विकल्प रहता है। इससे टीम को अतिरिक्त ताकत मिलती है। मैं यह नहीं कहूंगा कि इससे हरफनमौलाओं को खतरा है। हर टीम में हरफनमौलाओं का काफी सम्मान है और उनकी भूमिका जस की तस रहेगी। इससे टीम को अतिरिक्त ताकत मिलती है।''उन्होंने यह भी कहा कि गुजरात टाइटंस टीम कभी खिलाड़ी विशेष पर निर्भर नहीं रहती और सभी खिलाड़ियों का योगदान एक बार फिर उसे खिताबी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभायेगा।

### ऑर्लिन्स मास्टर्स जीतने से एक कदम दूर प्रियांशु

ऑर्लिन्स, 8 अप्रैल। भारत के प्रियांशु राजावत ने ऑर्लिन्स मास्टर्स के सेमीफाइनल में शनिवार को आयरलैंड के न्हैट नुयेन को सीधे गेमों में हराकर फाइनल का टिकट कटा लिया। प्रियांशु ने अपने तेजतर्रार कौशल और शानदार फॉर्म का प्रदर्शन करते हुए नुयेन को 44 मिनट में 21-12, 21-9 से मात दी। यह प्रियांशु के करियर का पहला सुपर 300 इवेंट फाइनल है, जहां उनका सामना चीन के ली लान शी या डेनमार्क के मैगनस जोहान्सन से होगा। राजावत मुकाबले की शुरुआत में चौकस नज़र आये और उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी की गलतियों का फायदा उठाते हुए ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद प्रियांशु बेहतर लय में नज़र आये और पलक झपकते ही 17-11 की बढ़त पर पहुंच गये। नुयेन ने इस बीच एक पॉइंट अपने पक्ष में किया, लेकिन प्रियांशु ने एक दमदार स्मैश लगाकर 21-12 से जीत हासिल कर ली। दूसरे गेम में नुयेन ने वापसी करने के प्रयास में कई गलतियां कीं और प्रियांशु ब्रेक तक 11-3 पर पहुंच गये।

### पेगुला चार्ल्सटन टेनिस सेमीफाइनल में

चार्ल्सटन, 8 अप्रैल। शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला समेत शीर्ष चार खिलाड़ियों ने चार्ल्सटन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पेगुला ने 12वीं वरीयता प्राप्त पाउला बेडोसा को 6.3, 7.6 से हराया । दूसरी वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर , तीसरी वरीयता प्राप्त डारिया कसात्किना और चौथी वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेंचिच भी अंतिम चार में पहुंच गए ।

### रहाणे के तूफानी अर्द्धशतक से चेन्नई की जीत

मुंबई, 8 अप्रैल। चेन्नई सुपरकिंग्स ने रवींद्र जडेजा (20/3) की बेजोड़ गेंदबाजी और अजिंक्या रहाणे (61) के तूफानी अद्धर्शतक की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को मुंबई इंडियन्स को सात विकेट से मात दी। मुंबई ने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम पर सीज़न का पहला मैच खेलते हुए 20 ओवर में 157 रन बनाये। चेन्नई ने यह लक्ष्य आसानी के साथ 18.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। मुंबई के लिये निराशाजनक रहे मैच में ईशान किशन ने सर्वाधिक 32 रन बनाये, जबकि टिम डेविड ने 31 रन का योगदान दिया। इन दोनों के अलावा मुंबई का कोई बल्लेबाज महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सका और मेजबान टीम चेन्नई की फिरकी के आगे ढेर हो गयी।

चेन्नई के लिये पदार्पण कर रहे रहाणे ने मात्र 27 गेंद पर सात चौके और तीन छक्के लगाकर 61 रन बनाये। वह चेन्नई को दमदार शुरुआत दिलाने के बाद पारी के आठवें ओवर में आउट हो गये, जिसके बाद अंबाती रायडू (16 गेंद, 20 रन) ने विजयी चौका जड़कर चेन्नई को तीन मैचों में दूसरी जीत दिलाई। चेन्नई ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज डेवन कॉनवे का विकेट पहले ही ओवर में गंवा दिया, लेकिन इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद लोगों को रहाणे का आक्रामक रूप देखने को मिला। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे रहाणे ने पहली ही गेंद पर दो रन लेकर खाता खोला। इसके बाद उन्होंने कॉनवे का विकेट लेने वाले जेसन बेहरेनडॉफ को छक्का जड़कर पारी की रफ्तार बढ़ाई।

### जब तक खेलने की चाह है, खेलता रहूंगा : मिश्रा

लखनऊ, 8 अप्रैल। लखनऊ के अनुभवी लेग-स्पिनर अमित मिश्रा ने इंडियन प्रीमियर लीग में दो साल बाद वापसी पर कहा है कि उनके अंदर जब तक ''खेलने की चाह रहेगी'' वह तब तक क्रिकेट खेलते रहेंगे।

मिश्रा ने शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले के 18वें ओवर में राहुल त्रिपाठी को आउट करने के लिये एक दर्शनीय कैच पकड़ा। इसके अलावा 40 वर्षीय गेंदबाज ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट भी लिये। आईपीएल के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर जारी वीडियो में मिश्रा ने कहा, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं और मुझे लगता है कि जब तक मेरे अंदर विकेट लेने की आग रहेगी, मैं क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा।

उन्होंने कहा, ''मैंने केएल (राहुल) से बात की और उन्होंने मुझसे कहा कि मिशी भाई, जो आपको सही लगे वही करो। मैं विकेट हासिल करने के बजाय रन रेट कम करना चाहता था।'' मिश्रा के अलावा क्रुणाल पांड्या ने चार ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट लिये। इसके बाद उन्होंने लखनऊ के लिये 122 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 23 गेंद पर 34 रन का योगदान भी दिया। प्लेयर ऑफ द मैच पांड्या ने कहा, ''मैं पिछले 10-15 दिनों से यहां अभ्यास कर रहा हूं। मुझे आत्मविश्वास महसूस हुआ और मुझे लगता है कि विकेट उसी का प्रतिफल हैं। मैंने जो चार ओवर डाले उनमें मुझे लगा कि तेजी से गेंद फेंकना कारगर होगा। जब भी कोई नया बल्लेबाज क्रीज पर आता, मैं अपनी रफ्तार में बदलाव करने की कोशिश करता।''

उन्होंने कहा, चार ओवर गेंदबाजी करने के बाद मुझे पता था कि मैं किस तरह से बल्लेबाजी करने वाला हूं। मैंने इसी योजना के अनुसार बल्लेबाजी की जिससे मुझे मदद मिली और मैं इस प्रदर्शन को आगे ले जाना चाहता हूं। लखनऊ सुपरजायंट्स 15 अप्रैल को अपने तीसरे घरेलू मैच में पंजाब किंग्स के साथ मैदान में उतरेगी।

### सनराइजर्स को वामहस्त बल्लेबाज की जरूरत : टॉम मूडी

लखनऊ, 8 अप्रैल। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी का मानना है कि सनराइजर्स हैदराबाद की एकादश में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की कमी उनके लिये चिंता की बात है। सनराइजर्स को शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स के हाथों पांच विकेट की हार का सामना करना पड़ा। सनराइजर्स पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 121 रन ही बना सकी, जिसे सुपरजायंट्स ने 16 ओवर में ही हासिल कर लिया। सनराइजर्स की एकादश में वाशिंगटन सुंदर एकमात्र बाएं हाथ के बल्लेबाज थे और सुपरजायंट्स के गेंदबाजों ने इसका पूरा-पूरा लाभ उठाया।

मूडी ने मैच के बाद ईएसपीएन क्रिकइन्फो पर कहा, ''मेरा ध्यान इस बात से नहीं हट रहा है कि सनराइजर्स ऑक्शन टेबल से उठते हुए यह जानते थे कि उनकी टीम दाएं हाथ के बल्लेबाजों से भरी है। उन्होंने निकोलस पूरन के रूप में बाएं हाथ के बल्लेबाज को निकाल दिया, और उसने इनके खिलाफ (लखनऊ सुपरजायंट्स के लिये) विजयी रन बनाये। उसकी जगह यह 30 प्रतिशत ज्यादा कीमत पर हैरी ब्रूक के रूप में एक दाएं हाथ का बल्लेबाज ले आये।''

जब वे इस तरह की धीमी पिच पर खेलेंगे जहां आपकी एक तरह की बल्लेबाजी की कमियां जाहिर हो सकती हैं, तो यह चिंता का विषय है।'' लखनऊ के स्पिनर सनराइजर्स के दाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ अच्छे रहे। बाएं हाथ के स्पिनर क्रुणाल पांड्या और लेग स्पिनर अमित मिश्रा एवं रवि बिश्नोई सभी गेंदों को बल्लेबाज से दूर घुमाते हैं। लखनऊ के लिये इन्हीं तीन गेंदबाजों ने अपना कोटा पूरा किया और कुल 12 ओवर में मात्र 57 रन देकर 6 विकेट लिये।

### ब्रेक में अपने खेल पर काफी मेहनत की थी : कृणाल पंड्या

लखनऊ, 8 अप्रैल। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल के मैच में बल्ले और गेंद दोनों से चमके लखनऊ सुपर जाइंट्स के हरफनमौला कृणाल पंड्या ने जीत के बाद कहा कि ब्रेक में उन्होंने अपने खेल पर काफी मेहनत की थी जो रंग लाई। पंड्या ने पहले गेंदबाजी में तीन विकेट लिये और बाद में बल्लेबाजी करते हुए 23 गेंद में 24 रन बनाये जिसकी मदद से लखनऊ ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। जीत के बाद 'प्लेयर आफ द मैच' पंड्या ने कहा ,'' यह अच्छा दिन था और मैं विकेट लेकर तथा रन बनाकर बहुत खुश हूं । आज सब कुछ खास था। उन्होंने कहा मुझे पता था कि कि सनराइजर्स टीम में दाहिने हाथ के कई बल्लेबाज हैं और मुझे जल्दी गेंदबाजी करनी होगी।

### मुंबई को उसके घर में हराना मुश्किल : यूसुफ

मुंबई, 8 अप्रैल। भारत के पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने वानखेड़े स्टेडियम को मुंबई इंडियन्स का गढ़ बताते हुए कहा है कि घरेलू मैदान पर पांच बार की आईपीएल चैंपियन को हराना बेहद मुश्किल है। मुंबई को शनिवार शाम के मुकाबले में वानखेड़े स्टेडियम पर चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स का सामना करना है, और यूसुफ ने मुकाबला जीतने के लिये मेजबान टीम का समर्थन किया है।

यूसुफ ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, मुंबई में प्रशंसक हमेशा चाहेंगे कि महेंद्र सिंह धोनी अपने प्रदर्शन से उनका मनोरंजन करें लेकिन वह मैच में मुंबई इंडियंस के जीतने की कामना करेंगे।

आपको पता है कि मुंबई इंडियंस को उनके घरेलू मैदान पर हराना मुश्किल है। वानखेड़े स्टेडियम पर चेन्नई और मुंबई के बीच अब तक 10 मैच हुए हैं और मुंबई ने सात बार जीत दर्ज की है। आंकड़ों पर जायें तो मुंबई निश्चित ही दो पॉइंट अपने नाम करने वाली है।'' इस बीच, भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने मुंबई इंडियंस को चेन्नई को हल्के में न लेने की चेतावनी दी।

कैफ ने कहा, ''मुंबई हमेशा घर में मजबूत दिखती है लेकिन चेन्नई को किसी भी मैदान पर हराना मुश्किल होता है। ऐसे में मुंबई इंडियंस को इस सीजन के अपने पहले दो अंक हासिल करने के लिये वानखेड़े में कड़ी मेहनत करनी होगी।''

भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान ने गुजरात टाइटन्स, लखनऊ सुपरजायंट्स और और चेन्नई का उदाहरण देते हुए कहा कि मुंबई भी अपने घरेलू मैदान पर पहला मुकाबला जरूर जीतेगी। इरफान ने कहा, ''मुंबई और चेन्नई के बीच एक विजेता चुनना मुश्किल है, लेकिन चूंकि मुंबई इंडियंस अपने घर में खेल रही है, इसलिए उनके पास इस मैच को जीतने की बेहतर संभावनाएं हैं।''

### ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिये 33 खिलाड़ी चयनित

नयी दिल्ली, 8 अप्रैल। हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिये चयनित 33 खिलाड़ियों की घोषणा शनिवार को की। यह शिविर नौ अप्रैल से 13 मई तक भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के बेंगलुरु केंद्र में आयोजित किया जायेगा। इस शिविर के अंत में एक स्क्वाड का चयन किया जायेगा जो चीन के हांगझोऊ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिये ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना होगी। इस 33 सदस्यीय समूह में गोलकीपर और कप्तान सविता के अलावा नवनीत कौर, दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर और सलीमा टेटे जैसे शीर्ष खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पूर्व कप्तान रानी रामपाल इस समूह में जगह नहीं बना सकी हैं।

भारतीय टीम की मुख्य कोच जैनेक शॉपमैन ने कहा, ''हम अपनी टीम की संरचना और रणनीति में सुधार करना चाहते हैं। इस शिविर के अंत में ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने से हमें यह पता चलेगा कि महिला हॉकी की शीर्ष टीम की तुलना में हम कहां खड़े हैं।'' राष्ट्रीय शिविर के लिये चयनित खिलाड़ी : सविता, रजनी एतिमारपु, बिछु देवी खरीबम, बंसारी सोलंकी, दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबसो ढेकले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी, निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी फाल्के, अजमीना कुजूर, लालरेमसियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनिलिता टोप्पो।

## शिव, दीपक करेंगे विश्व चैम्पियनशिप में भारत की अगुवाई

नयी दिल्ली, 8 अप्रैल। छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा और 2019 एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक भोरिया 30 अप्रैल से 14 मई तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में होने वाली आगामी आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2015 में कांस्य पदक जीतने वाले शिव 63.5 किग्रा वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने नाम एक और पदक जोड़ने की कोशिश करेंगे। हाल के दिनों में तेजी से उभरे दीपक 51 किग्रा फ्लाईवेट वर्ग में दावेदारी पेश करेंगे। दीपक ने 2021 में स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में 2016 रियो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और 2019 विश्व चैंपियन उज़्बेकिस्तान के शाखोबिदिन ज़ोइरोव को हराकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने टीम की घोषणा पर कहा, पुरुषों की टीम बेहद कड़ी मेहनत कर रही है और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे विश्वास है कि उनमें से हर एक देश का गौरव बढ़ाएगा। हमने हाल ही में भारतीय महिला मुक्केबाज़ों को दिल्ली विश्व चैंपियनशिप में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देखा था और मुझे उम्मीद है कि हमारे लड़के आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में एक बार फिर से हमें गौरवान्वित करेंगे।'' भारतीय टीम में अनुभवी मुक्केबाज और 2022 एशियाई चैंपियनशिप मेडलिस्ट मोहम्मद हुसामुद्दीन भी होंगे। वह शीर्ष आयोजन में अत्यधिक प्रतिस्पर्धी 57 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगे। टोक्यो ओलंपियन और 2019 एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आशीष चौधरी भी दूसरी बार प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे और अपने नाम एक और बड़ा पदक जोड़ने के इच्छुक होंगे।हाल ही में स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में रजत पदक जीतने वाले गोविंद साहनी 48 किग्रा वर्ग में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस बीच, 2021 विश्व यूथ चैंपियन सचिन सिवाच 54 किग्रा बेंटमवेट वर्ग में भारत का परचम लेकर उतरेंगे। साल की शुरुआत में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले युवा मुक्केबाज वरिंदर सिंह (60 किग्रा), आकाश सांगवान (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा) और सुमित कुंडू (75 किग्रा) अपने-अपने वर्ग में भारतीय जर्सी पहनेंगे। इस चौकड़ी ने 2021 विश्व चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया था और इस बार वे अपने अनुभव का उपयोग कर पदक लाने की कोशिश करेंगे। राजस्थान के रहने वाले हर्ष चौधरी 86 किग्रा वर्ग में विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण करेंगे, जबकि राष्ट्रीय चैंपियन नवीन कुमार और नरेंद्र बेरवाल क्रमशः 92 किग्रा और 92 किग्रा में लड़ते नजर आएंगे। विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता को दो लाख अमरीकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी जायेगी। रजत पदक विजेताओं को एक लाख अमरीकी डॉलर और कांस्य-पदक विजेताओं को 50,000 अमरीकी डालर से सम्मानित किया जायेगा। भारतीय टीम 17 अप्रैल को ताशकंद के लिये रवाना होगी। इससे पहले सभी मुक्केबाज विश्व एक बहु-देशीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। इस शिविर में सात ओलंपिक वजन श्रेणियों (51 किग्रा, 57 किग्रा, 63.5 किग्रा, 71 किग्रा, 80 किग्रा, 92 किग्रा और 92 किग्रा) के दो-दो मुक्केबाज भाग लेंगे। चैंपियनशिप में फ्रांस के सोफियान ओउमिहा, जापान के टोमोया त्सुबोई और सिवोनरेट्स ओकाज़ावा, अजरबैजान के लोरेन अल्फोंसो, कजाकिस्तान के सकेन बिबोसिनोव और क्यूबा के योएनलिस हर्नांडेज़ मार्टिनेज और जूलियो ला क्रूज़ सहित सात गत विश्व चैंपियन भी शामिल होंगे। ताशकंद चैंपियनशिप में पहले ही 104 देशों के लगभग 640 मुक्केबाजों का पंजीकरण हो चुका है।

**भारतीय स्क्वाड :** गोविंद साहनी (48 किग्रा), दीपक भोरिया (51 किग्रा), सचिन सिवाच (54 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), आकाश सांगवान (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), सुमित कुंडू (75 किग्रा), आशीष चौधरी (80 किग्रा), हर्ष चौधरी (86 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा)।



*सचिन पायलट यूथ कांग्रेस द्वारा आयोजित ''लोकतंत्र बचाओ'' मशाल जुलूस में शामिल हुए। मशाल जुलूस एल्बर्ट हॉल से गांधी सर्किल तक निकाला गया। मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी. श्रीनिवास, विधायक मुकेश भाकर एवं हजारों की संख्या में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जुलूस में भाग लिया।*

# असम के मु.मंत्री सरमा ने राहुल गांधी पर काउन्टर अटैक किया

## राहुल गांधी ने पहले ट्वीट कर कांग्रेस छोड़ चुके नेताओं पर अडानी से मिले होने व अन्य घोटालों में शामिल होने के आरोप लगाये थे

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। अडानी मामले को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। सरमा ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह हमारी शालीलना थी कि हमने आपसे कभी नहीं पूछा कि आपने बोफोर्स और नेशनल हेराल्ड घोटालों से अपराध की कमाई कहां छिपाई है। खैर, हम अदालत में मिलेंगे।

दरअसल, राहुल गांधी ने आज एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने अरबपति कारोबारी गौतम अडानी समेत छह नेताओं पर निशाना साधा था। उन्होंने गौतम अडानी, गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरण कुमार रेड्डी, हिमंत बिस्व सरमा और अनिल एंटनी पर निशाना साधते हुए अपने ट्वीट में लिखा, ''सच्चाई छुपाते हैं, इसलिए रोज भटकाते हैं। सवाल वही है- अडानी

- **मु.मंत्री सरमा ने कहा, हमारी शालीनता थी कि हमने आपसे कभी नहीं पूछा कि, आपने बोफोर्स और नैशनल हैरल्ड घोटालों से अपराध की कमाई कहां छिपाई है, खैर, अब हम अदालत में मिलेंगे।**
- **सबसे पहले राहुल गांधी ने आज एक ट्वीट के जरिये कांग्रेस छोड़ चुके छः भाजपाई नेताओं पर घोटालों में शामिल होने के आरोप लगाये थे।**
- **राहुल गांधी ने ट्वीट में अरबपति कारोबारी गौतम अडानी समेत छह नेताओं पर निशाना साधा था। उन्होंने गौतम अडानी, गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरण कुमार रेड्डी, हिमंत बिस्व सरमा और अनिल एंटनी पर निशाना साधते हुए अपने ट्वीट में लिखा, ''सच्चाई छुपाते हैं, इसलिए रोज भटकाते हैं।''**

की कंपनियों में बीस हजार करोड़ बेनामी पैसे किसके हैं?'' कांग्रेस नेता अडानी समूह को लेकर हिंडनबर्ग रिपोर्ट सामने आने के बाद से लगातार हमलावर हैं। असम में 14 अप्रैल को बिहू उत्सव मनाया जाएगा जिसमें 14,000 से अधिक लड़के और लड़कियां भाग लेंगे। इस मौके पर पीएम नरेंद्र नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। मैं असम आने और कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त करता हूं। दरअसल जनवरी में अमेरिकी निवेशक हिंडनबर्ग रिसर्च ने दावा किया है कि अडानी समूह दशकों से शेयरों के हेरफेर और अकाउंट की धोखाधड़ी में शामिल है। रिपोर्ट अडानी एंटरप्राइजेज के 20,000 करोड़ रुपये के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) से पहले आई थी। एफपीओ 27 जनवरी को खुलना था। लेकिन समूह ने इसे वापस ले लिया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि तीन साल में शेयरों की कीमतें बढ़ने से अडानी समूह के मालिक गौतम अडानी की संपत्ति 100 अरब डॉलर बढ़कर 120 अरब डॉलर हो गई। इस दौरान समूह की 7 कंपनियों के शेयर औसत 819 फीसदी बढ़े। रिपोर्ट में मॉरीशस से लेकर संयुक्त अरब अमीरात तक फैले टैक्स चोरी वाले देशों में अडानी परिवार की कई मुखौटा कंपनियों के एक नेटवर्क का विवरण था। इसका उपयोग भ्रष्टाचार, मनी लांड्रिंग के लिए किया गया था। फंड की हेराफेरी भी की गई थी। रिसर्च रिपोर्ट में अडानी समूह के पूर्व अधिकारियों सहित दर्जनों लोगों से बात करना, हजारों दस्तावेजों की समीक्षा करना और आधा दर्जन देशों में दौरा शामिल था। रिपोर्ट में कहा गया था कि समूह की सात प्रमुख कंपनियों के मूल्य को देखें तो यह फंडामेंटल आधार पर मूल्यांकन से 85 फीसदी नीचे हैं। इन कंपनियों ने बड़े पैमाने पर शेयर गिरवी रखकर कर्ज लिए हैं।

### सी.राजगोपालाचारी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दिए अपने इस्तीफे में लिखा कि, वे पार्टी के लिए बीते दो दशकों से काम कर रहे थे, लेकिन अब कांग्रेस पार्टी में उन मूल्यों की कमी आई है, जो उन्हें पहले कांग्रेस पार्टी के लिए काम करने के लिए प्रेरित करते थे। केशवन ने लिखा कि, मौजूदा वक्त में पार्टी जैसी दिख रही है, उसके साथ वह सहज महसूस नहीं कर रहे हैं। केशवन ने कहा कि, जब द्रौपदी मुर्मू जी के नाम का एलान किया गया था, तब एक नेता ने कहा था कि, किसी भी देश को ऐसा राष्ट्रपति नहीं मिलना चाहिए। एक अन्य वरिष्ठ नेता ने सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे, जो कि दिल तोड़ने वाला था। मुझे अहसास हुआ कि, मेरा राजनीति का तरीका पार्टी के तरीके के समान नही है, इसलिए मैं भारत जोड़ो यात्रा में भी शामिल नहीं हुआ। मुझे लगता है कि मेरा यहां से अब कोई नाता नहीं रहा।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने आधे ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

और इसकी गति 800 किलोमीटर प्रति घंटा रही। श्रीमती मुर्मू सुखोई में उड़ान भरने वाली देश की तीसरी राष्ट्रपति और दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं।

बाद में राष्ट्रपति ने आगंतुक पुस्तिका में लिखा, सुखोई लड़ाकू विमान में उड़ान भरना मेरे लिए रोमांचक अनुभव था । यह गर्व की बात है कि भारत की रक्षा क्षमता का विस्तार जल, थल और वायु सभी मोर्चों तक हुआ है। मैं वायु सेना और तेजपुर वायु सेना स्टेशन की समूची टीम को इस उड़ान के लिए बधाई देती हूं।

राष्ट्रपति मुर्मू को सुखोई विमान और वायु सेना की संचालन क्षमताओं के बारे में भी जानकारी दी गई। राष्ट्रपति ने वायुसेना की संचालन तैयारियों की सराहना करते हुए उन पर संतोष व्यक्त किया।

### अब कर्नाटक...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गई। राज्य के सहकारिता मंत्री एस.टी. सोमशेखर को कांग्रेस के प्रहार को फीका करने और के.एम.एफ. के प्रति राज्य सरकार का समर्थन दोहराने के लिए मैदान में उतारा गया। इस मंत्री ने एक प्रेस बयान में कहा कि ''नन्दिनी को कोई भी हानि नहीं पहुंचा सकता और राज्य के दुग्ध ब्रैण्ड को किसी तरह की चुनौती मिलने का जहां तक सवाल है तो सरकार इस ब्रैण्ड को बचाने के लिए किसी तरह का हस्तक्षेप करने से नहीं चुकेगी।'' मंत्री ने कहा कि कर्नाटक के लिए अमूल नया नहीं है और यह यहां पिछले कई वर्षों से अपने कई उत्पाद बेचता रहा है, लेकिन अब गुजरात का दुग्ध सहकारी संस्थान कर्नाटक में उसी तरह से अपने दूध और दही को बेचना चाहता है जैसे कि के.एम.एफ. अन्य राज्यों में अपने क्रियाकलापों का विस्तार कर रहा है। सोमशेखर ने कहा कि ''नन्दिनी'' की उत्कृष्ट क्वालिटी ताजगी और अपेक्षाकृत सस्ती कीमत यह सुनिश्चित करेगी मार्केट में इसके आगे कोई भी ना टिक पाए।''

# यूथ कांग्रेस के मशाल जुलूस में शामिल हुए पायलट

जयपुर, 8 अप्रेल (का.प्र.)। राहुल गांधी के समर्थन में शनिवार को सचिन पायलट ने यूथ कांग्रेस की ओर से निकाले गए मशाल जुलूस में शिरकत कर युवा कांग्रेसियों में जोश भरा। इस मशाल जुलूस में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास और मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास भी पायलट के साथ शामिल हुए। दूसरी और रविवार को सचिन पायलट ने सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी है।

मशाल रैली में पायलट ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने और लोकतंत्र की हत्या करने के आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरह से संवैधानिक संस्थाएं दबाव में केवल विपक्षी दलों के नेताओं पर कार्रवाई कर रही है वह ठीक नहीं है। पायलट ने कहा कि जो हालात देश में बन गए हैं उससे लोकतंत्र खतरे में आ गया है।

- **मशाल जुलूस में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी.जी.श्रीनिवास और मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास भी मौजूद थे**
- **यूथ कांग्रेस ने जयपुर के एल्बर्ट हॉल से मशाल रैली निकाली, जिसमें बड़ी तादाद में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और केन्द्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।**

यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने कहा कि देश में अभी लोकतंत्र नहीं बल्कि म्यूट तंत्र चल रहा है। यही कारण है कि जो विपक्ष में बोलता है उसकी आवाज दबाई जा रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के साथ खड़ी है और पार्टी देश की जनता के लिए मुद्दे उठाती रहेगी। जयपुर के अल्बर्ट हॉल से यूथ कांग्रेस की ओर से मशाल रैली निकाली गई जिसमें बड़ी तादाद में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# दुष्कर्म पीड़िता की देर रात जोधपुर में मौत

## महिला को गुरूवार को दुष्कर्म के बाद जलाकर मारने की कोशिश की गई थी

जोधपुर, 8 अप्रेल (कासं) । जोधपुर संभाग के बाड़मेर जिले के पचपदरा में दुष्कर्म के बाद थिनर डालने से झुलसी महिला की महात्मा गांधी हॉस्पिटल में इलाज के समय शुक्रवार की देर रात मौत हो गई। महिला की मौत के बाद अब परिजन और समाज के लोग विभिन्न मांगों को लेकर महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गये। सामाजिक संगठनों एवं परिजन की तरफ से परिवार को 1 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि देने की मांग की है। इसके अलावा पचपदरा पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की जा रही है। जिन्होंने समय रहते कार्रवाई नहीं की थी। इस मांग के अलावा परिजन एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, बालोतरा पुलिस थाना अधिकारी को निलंबित करने,

- **मृतका के परिजनों व सामाजिक संगठनों ने महात्मा गांधी अस्पताल पर धरना दिया।**
- **परिजनों व समाज के लोगों ने एक करोड़ रू. का मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग की है।**

परिजनों ने मांगे नहीं मानने तक शव को उठाने से इनकार कर दिया है। धरना स्थल पर परिजनों और समाज के लोगों से समझाइश के लिए पचपदरा विधायक मदन प्रजापत, शहर विधायक मनीषा पवार, पशुधन कल्याण बोर्ड अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी भी पहुंचे। फिलहाल परिजनों और समाज के लोगों के साथ बातचीत चल रही है शनिवार की सुबह पीड़ित परिवार को सरकारी योजनाओं की सुविधा देने की मांग प्रशासन से की गई है।

घटना 6 अप्रैल की बताई जाती है। बाड़मेर जिले के पचपदरा थाना इलाके में 6 अप्रैल को पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म किया फिर थिनर डालकर उसे जिंदा जला दिया। बुरी तरह झुलसी महिला को उपचार के लिए जोधपुर लाया गया, मगर उपचार के बीच ही उसकी मौत हो गई। महिला को घर में अकेली पाकर आरोपी युवक ने दुष्कर्म किया था। पीड़िता जब चीखने-चिल्लाने लगी तो युवक ने उसे जला दिया। महिला गंभीर रूप से झुलस गई। उसे उपचार के लिए बालोतरा के एक निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जोधपुर रैफर किया गया था। पुलिस ने आरोपी शकूर नाम के शख्स को हिरासत में लिया है।

### केन्द्रीय मंत्री ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गई। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है।

रामबन पुलिस ने इस मामले में ज्यादा जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आज सड़क मार्ग से जम्मू से श्रीनगर जाते समय केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू की कार का मामूली एक्सीडेंट हो गया। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। किरेन रिजिजू को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचा दिया गया।

## वित्त मंत्री अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (वार्ता)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 10 अप्रैल से अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगी। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। यात्रा के दौरान वित्त मंत्रीसीतारमण वर्ल्ड बैंक ग्रुप (डब्ल्यूबीजी) और इंटरनैशनल मोनेटरी फंड (आई.एम.एफ.) की बैठकों और साथ ही जी 20 की बैठकों, निवेशक / द्विपक्षीय बैठकों और अन्य संबंधित बैठकों में भाग लेंगी। यह बैठकें वाशिंगटन डीसी में डब्ल्यूबीजी और आईएमएफ मुख्यालय में 10 से 16 अप्रैल, 2023 तक होगी। इन वसंत की बैठकों में दुनिया भर के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंकर भाग लेंगे। भारतीय वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री करेंगे।

- **वित्त मंत्री सीतारमण वर्ल्ड बैंक ग्रुप (डब्ल्यूबीजी) और इंटरनैशनल मोनेटरी फंड (आई.एम.एफ.) की बैठकों और साथ ही जी 20 की बैठकों, निवेशक / द्विपक्षीय बैठकों और अन्य संबंधित बैठकों में भाग लेंगी।**

# तमिलनाडु में कोयला खदानों को केन्द्र सरकार ने नीलामी से बाहर किया

चेन्नई, 8 अप्रैल (वार्ता) सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के विरोध के बीच, केंद्र सरकार ने शनिवार को कावेरी डेल्टा क्षेत्र और राज्य में संरक्षित कृषि क्षेत्र में स्थित तीन कोयला लिग्नाइट खानों को 7वीं किश्त की नीलामी से बाहर कर दिया।

केंद्र के फैसले का राज्य के विभिन्न राजनीतिक दलों ने स्वागत किया, जिसमें द्रमुक, अन्नाद्रमुक, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और पट्टाली मक्कल काचि (पीएमके) शामिल हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक ट्वीट किया,सहकारी संघवाद की भावना और तमिलनाडु के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए, मैंने उन्हें नीलामी से बाहर करने का निर्देश दिया है।

मंत्री ने कहा, सहकारी संघवाद की भावना और तमिलनाडु के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए, मैंने उन्हें नीलामी से बाहर करने का निर्देश दिया है। कोयला ब्लॉक सेठियाथोप, माइकलपट्टी और वडासेरी के पूर्व में स्थित थे। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने केंद्र के फैसले का स्वागत किया। इसका स्वागत करते हुए, तमिलनाडु के उद्योग मंत्री थंगम थेनारासु ने संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के दबाव के कारण केंद्र ने तीन ब्लॉकों को नीलामी से बाहर कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसका पता चलने पर मुख्यमंत्री ने तुरंत प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा और द्रमुक संसदीय दल के नेता टी.आर.बालू को अपने पत्र की एक प्रति प्रह्लाद जोशी को सौंपा, जिसमें उन्होंने तमिलनाडु में तीन ब्लॉकों को नीलामी से बाहर करने के लिए, उनसे आग्रह करने के लिए कहा। थेनारासु ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य विधानसभा में आश्वासन दिया कि कावेरी डेल्टा क्षेत्र में कोयला खनन ब्लॉकों के लिए कोई अनुमति नहीं दी जाएगी और किसानों के हितों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए कदमों के कारण, केंद्र ने राज्य के तीन कोयला ब्लॉकों को नीलामी से बाहर कर दिया है। अन्नामलाई ने भी ट्वीट करके, कोयला ब्लॉकों को कोयला नीलामी सूची से हटाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को धन्यवाद दिया। इससे पहले मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत सरकार के कोयला मंत्रालय ने इस तरह के संवेदनशील मामले में राज्यों के साथ परामर्श किए बिना एकतरफा कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री ने आगे मोदी से अनुरोध किया कि भविष्य में इस तरह की सार्वजनिक अधिसूचना जारी करने से पहले केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालयों द्वारा राज्य सरकारों से परामर्श किया जाए और अधिसूचना जारी होने के कारण उत्पन्न स्थिति को सुधारने के लिए प्रधानमंत्री के तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

- **नीलामी का विरोध कर रहे राज्य के मु.मंत्री स्टालिन ने पत्र लिखकर प्र.मंत्री को इस फैसले के लिए धन्यवाद कहा**
- **केन्द्र सरकार के इस फैसले का राज्य सत्तापक्ष एवं विपक्ष दोनों ने एक सुर में स्वागत किया है।**
- **मु.मंत्री स्टालिन ने कहा, केन्द्र सरकार ने राज्य के लोगों के विरोध को देखते हुये समय रहते अपना फैसला बदलकर राज्य के लोगों के हितों को समझा है।**

## ओडिशा में बिजली गिरने से तीन महिलाओं की मौत, पांच घायल

भुवनेश्वर, 8 अप्रैल (वार्ता)। ओडिशा के मयूरभंज जिले के करंजिया एनएसी में शनिवार दोपहर बिजली गिरने से तीन महिलाओं की मौत हो गयी और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

सूत्रों ने बताया कि हादसे में घायलों में एक गर्भवती महिला और डेढ़ साल का बच्चा भी शामिल है। सभी घायलों को करंजिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- **ओडिशा के मयूरभंज जिले के करंजिया एनएसी में शनिवार दोपहर बिजली गिरने की इस दुर्घटना में पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।**

घटना उस समय हुई जब ग्रामीण करंजिया एनएसी के वार्ड नंबर 15 में एक घर में श्रद्धांजलि देने और मृत व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए एकत्र हुए थे। कुछ लोग घर के अंदर थे तो कुछ घर के बाहर एक पेड़ के नीचे इंतजार कर रहे थे तभी बिजली गिरी। मरने वाली तीनों महिलाएं पेड़ के नीचे खड़ी थीं।

### महाराष्ट्र में पुराने गठबंधन ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पवार की महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ कोई अंदरूनी बातचीत चल रही है, अतः महाराष्ट्र की राजनीति में किसी आसन्न नए बदलाव की अटकलें जोरों पर हैं। संयोग से, अजीत पवार ने पूर्ववर्ती एकीकृत शिव सेना में विभाजन रोकने में उद्धव ठाकरे की विफलता को भी अस्वीकार किया है। इन दिनों एक विशिष्ट पैटर्न दिख रहा है। गुलाम नबी आजाद और ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा राहुल गांधी की प्रत्यक्ष आलोचना किए जाने और ए.के. एंटनी के पुत्र अनिल के भाजपा में शामिल होने के बाद विपक्षी खेमे में लगता है राहुल गांधी को अलग-थलग करने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। मानहानि के एक केस में सूरत की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को सजा सुनाए जाने और फिर उनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त किए जाने के बाद राहुल को टी.एम.सी. और आप जैसी पार्टियों से अप्रत्याशित समर्थन मिलना शुरू हो गया था, तथापि लगता है कि पिछले दो दिनों के घटनाक्रम ने विपक्ष की एकता के प्रयासों को नाकाम कर दिया है। एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार ने विपक्ष की एकता को लेकर सार्वजनिक रूप से कहा है कि धारणाओं में थोड़ी भिन्नता है और विपक्ष की 19 पार्टियों की मीटिंग में एन.सी.पी. ने अपने विचारों को व्यक्त कर दिया था।

महाराष्ट्र में एक महापुरूष माने-जाने वाले वीर सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर शिव सेना उद्धव बाल ठाकरे (यू.टी.बी.) और एन.सी.पी. प्रकट रूप से रूष्ट हैं। हालांकि, बताया जाता है कि इस मुद्दे से उपजे मतभेदों को हाल दिया गया, लेकिन एन.सी.पी. को खासतौर पर यह तेजी से आभास होने लगा है कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पूर्व कांग्रेस के साथ सम्बद्धता एक राजनीतिक भार है। महाराष्ट्र में 48 लोकसभा सीटें हैं, जो उत्तर प्रदेश के बाद सर्वाधिक हैं।

# 'जब बाड़ ही खेत को खाये तो उसे कौन बचाये'

नयी दिल्ली, 8 अप्रैल (वार्ता)। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के कर्मचारी संगठनों ने आरोप लगाया है कि साधारण बीमा कंपनियों में दक्षता एवं विकास की गतिविधियां बढ़ाने तथा उनके पुनर्गठन के उपाय सुझाने का जिम्मा जिस कंपनी को मिला है वह धोखाधड़ी तथा गबन में शामिल रही है और इसके लिए उस पर 10 करोड़ डॉलर का जुर्माना भी लगा है।

कर्मचारी संगठनों चिंता जताई है कि बीमा कम्पनियों में सुधार के लिए जिप्सा प्रबंधन ने जिस अन्स्र्ट एंड यंग- ई एंड वाई फर्म को सलाहकार चुना है वह सीपीए परीक्षा में धोखाधड़ी की आरोपी है और उस पर इसके लिए 10 करोड़ डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया था। इस सम्बन्ध मे पिछले साल द गार्जियन, यूएसए टुडे जैसे कई समाचार पत्रों में खबरें छपी भी थीं। इकोनॉमिक टाइम्स ने गत चार अप्रैल को कहा है कि जर्मन ऑडिट वॉचडॉग ने वायरकार्ड घोटाले के कारण ई एंड वाई पर दो साल के लिए सार्वजनिक हित की कंपनियों के ऑडिट करने पर प्रतिबंध लगाते हुए कंपनी पर पांच लाख यूरो का भी जुर्माना लगाया था। बीमा कंपनियों के संगठन जनरल इंश्योरेंस इम्पलाइज आल इंडिया एसोसिएशन के महासचिव तथा कर्मचारी संगठनों के अखिल भारतीय फेडरेशन में उत्तरी क्षेत्र के संयोजक त्रिलोक सिंह ने कहा है कि यह गंभीर विषय है कि डीएफएस के कुछ अधिकारियों के दबाव में बीमा कंपनियों का प्रबंधन ई एंड वाई की रिपोर्ट को आंख मूंदकर लागू कर पुनर्गठन के नाम पर कार्यालयों को बंद या विलय कर कर्मचारियों का बेवजह स्थानांतरित कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियों के कर्मचारी, अधिकारी, एजेंट, सर्वेक्षक और इन कंपनियों से जुड़े अन्य पेशेवर ई एंड वाई की रिपोर्ट का सिद्धांत रूप में विरोध कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि प्रबंधन ने कर्मचारियों, अधिकारियों और हितधारकों के साथ रिपोर्ट को साझा किए बिना एकतरफा तरीके से रिपोर्ट की सिफारिशों पर काम करना शुरु किया है। उन्होंने कहा कि मुख्य श्रम आयोग ने इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करते हुए जिप्सा प्रबंधन, डीएफएस तथा सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों के प्रबंधन को यूनियनों, एसोसिएशन और कल्याण संघों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करने का दो बार निर्देश दिया लेकिन इन निर्देशों को नज़रंदाज़ कर मनमानी की जा रही है।

- **बीमा संगठनों का कहना है कि, केन्द्र सरकार ने धोखाधड़ी व गबन करने वाली फर्म को सरकारी बीमा कंपनियों की स्थिति सुधारने का जिम्मा सौंपा है**
- **कर्मचारी संगठनों ने चिंता जताई है कि, बीमा कम्पनियों में सुधार के लिए जिप्सा प्रबंधन ने जिस ''अन्स्र्ट एंड यंग-ई एंड वाई'' फर्म को सलाहकार चुना है वह फर्म सी.पी.ए .परीक्षा में धोखाधड़ी की आरोपी है और उस पर इसके लिए 10 करोड़ डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया था।**

कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने कहा कि 1,25,000 करोड़ से अधिक का कारोबार करने वाली साधारण बीमा कंपनियां गंभीर खतरे में हैं। ट्रेड यूनियनों और संघों के संयुक्त मंच ने 25 से अधिक संसद सदस्यों को इस बारे में ज्ञापन भी सौंपा है और सदस्यों ने वित्तमंत्री, वरिष्ठ अधिकारियों से इस बारे में बात भी की है लेकिन मनमानी पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य श्रम आयुक्त के हस्तक्षेप पर, ट्रेड यूनियनों और संघों के संयुक्त मंच ने चार जनवरी और 29 मार्च को अपनी हड़ताल स्थगित कर दी थी लेकिन सार्वजनिक साधारण बीमा कंपनियों का प्रबंधन और डीएफएस अधिकारियों ने इस पर गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया है।

### 'अमेरिका में गंभीर...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गया कि जनवरी से अब तक, आर्थिक स्थितियों के बारे में अमेरिकनों के विचारों में कोई सुधार नहीं हुआ है।

मात्र 19 प्रतिशत लोग आर्थिक स्थिति को उत्कृष्ट या अच्छा मानते हैं, जबकि 46 प्रतिशत लोगों का कहना है कि स्थितियाँ केवल ठीक-ठाक हैं किन्तु 35 प्रतिशत लोग आर्थिक स्थिति को खराब मानते हैं। जहाँ 46 प्रतिशत लोगों का कहना है कि आर्थिक दशा अगले वर्ष बदतर हो जायेंगी।

किन्तु 36 प्रतिशत लोगों का कहना है कि ये यथावत रहेंगी। आर्थिक स्थिति कें बदतर हो जाने की भविष्यवाणीी करने वाले लोगों की संख्या जनवरी के बाद 6 प्रतिशत बढ़ गई है।

भोजन, उपभोक्ता वस्तुओं तथा मकानों की कीमत जनता के प्रमुख सरोकार बने हुये हैं। करीब-करीब सभी अमेरिकावासी भोजन तथा उपभोक्ता सामग्री की कीमत को लेकर कुछ-कुछ चिन्तित हैं। 72 प्रतिशत लोगों का कहना है कि वे बात के लिये बहुत चिन्तित हैं। बड़ी संख्या (61 प्रतिशत) में लोग मकानों की कीमतों को लेकर बहुत ज्यादा चिन्ता व्यक्त कर रहे हैं। अन्य आर्थिक मुद्दों, जिनमें बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं का स्थायित्व शामिल है, को लेकर लोगों की अपेक्षाकृत कम चिन्तित हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908